जबलपुर
बुधवार, 22 जनवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष –08
■ वर्ष : 19, अंक : 258
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 10

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



अडाणी ने की महाकुंभ प्रबंधन की तारीफ

## कहा- 'प्रबंधन' संस्थानों के लिए यह अध्ययन का विषय

यह प्रबंधन का ऐसा स्तर है जिसे प्रबंधन संस्थानों और कॉरपोरेट्स को पढ़ाई के रूप में अपनाना चाहिए

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान उत्तर प्रदेश प्रशासन की शानदार व्यवस्था की तारीफ की। उन्होंने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं के प्रबंधन और व्यवस्था जिस तरह की जा रही है ।

**अडाणी समूह 50 लाख श्रद्धालुओं को वितरित करेगा भोजन प्रसादी**

अडाणी ने उत्तर प्रदेश की विकास क्षमता की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य की 27 करोड़ की जनसंख्या इसे विकास के लिए अपार संभावनाओं वाला राज्य बनाती है। उन्होंने यूपी में निवेश बढ़ाने और राज्य के विकास में योगदान देने के लिए अडाणी ग्रुप की प्रतिबद्धता दोहराई।

खराब मौसम की स्थिति का तीर्थयात्रियों की संख्या पर कोई असर नहीं पड़ा

# 5 फरवरी को महाकुंभ आ सकते हैं पीएम मोदी राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति व गृहमंत्री शाह भी आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। उम्मीद है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है। मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज जाने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। इन नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है।




अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद



**आने वाले दिनों में तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद**

*इससे पहले मंगलवार को महाकुंभ मेले में श्रद्धालु जुटे, जबकि क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था। खराब मौसम की स्थिति का तीर्थयात्रियों की संख्या पर कोई असर नहीं पड़ा। आने वाले दिनों में तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें चार प्रमुख स्नान होंगे। अगली प्रमुख स्नान तिथियों में 29 जनवरी (मौनी अमावस्या), तीन फरवरी (बसंत पंचमी), 12 फरवरी (माघी पूर्णिमा) और 26 फरवरी (महाशिवरात्रि) को स्नान होंगे। 20 जनवरी तक 88.1 मिलियन से अधिक लोग पहले ही गंगा, यमुना और रहस्यमयी सरस्वती के पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### याचिका: दोषी को उम्रकैद नहीं फांसी हो

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने आरजी कर रेप और हत्या मामले में सियालदह कोर्ट की



विशेष अदालत की सजा के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया है। दोषी संजय रॉय को सोमवार को सियालदह कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। ममता सरकार कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंच गई। याचिका में मौत की सजा की मांग की गई है।

### नीरज चोपड़ा ने शादी के शगुन में लिया 1 रुपया


**नई दिल्ली।** स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने 17 जनवरी को अपनी दोस्त हिमानी मोर के साथ



शादी कर ली। नीरज चोपड़ा ने खुद तस्वीर पोस्ट कर फैंस और मीडिया को इसकी जानकारी दी। अब ऐसा पता चला है कि नीरज चोपड़ा की शादी बिना दहेज के हुई और उनकी शादी की रस्म में शगुन के तौर पर सिर्फ एक रुपया लिया है।

### अब बर्ड फ्लू (एच5एन1) वायरस ने बढ़ाई चिंता

**नई दिल्ली।** एचएमपीवी वायरस के मामलों की रफ्तार थमी ही थी कि अब बर्ड फ्लू एच5एन1 ने



दुनियाभर में लोगों की चिंता बढ़ा दी है। अमेरिका में बर्ड फ्लू से पहली मौत दर्ज की गई है। अमेरिका में बर्ड फ्लू के बढ़ते जोखिमों को लेकर अध्ययन कर रही वैज्ञानिकों की टीम ने वायरस में हो रहे म्यूटेशनों को लेकर लोगों को अलर्ट किया है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस आदेश को अमेरिकी अदालतों में चुनौती देने की भी हो रही तैयारी

# 'अमेरिकन' होना अब आसान नहीं जन्मसिद्ध नागरिकता कानून 'खत्म'

ट्रंप का यह फैसला कई भारतीयों के लिए चिंता का विषय

*दरअसल, अमेरिकी संविधान में हुए 14वें संशोधन के मुताबिक जो बच्चा वहां की धरती पर पैदा होता है, वो खुद ब खुद अमेरिकी नागरिक बन जाता है। बड़ी तादाद में माता-पिता अपने बच्चों को जन्म देने के लिए अमेरिका में प्रवास कर रहे हैं। इसे बर्थ टूरिजम कहा जाता है।*

**अमेरिकी आव्रजन नीति में बड़ा बदलाव किया जाएगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करने का फैसला कर लिया है। अमेरिकी आव्रजन नीति में बड़ा बदलाव किया जाएगा। इसका असर अमेरिका में मौजूद लाखों बच्चों की नागरिकता पर पड़ेगा जिनका जन्म भले ही अमेरिका में हुआ है लेकिन उनके माता-पिता वर्क वीजा पर वहां हैं। ट्रंप का यह फैसला कई भारतीयों के लिए चिंता का विषय बन चुका है। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के तुरंत बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कई बड़े फैसले लिए। उन्होंने बाइडेन सरकार के 78 फैसलों को रद्द कर दिया। छह जनवरी 2021 को कैपिटल हिल पर हुए हमले के दोषी 1500 लोगों को माफी देने से लेकर अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से बाहर निकालने तक, कई अहम मुद्दों पर फैसला लिया। दरअसल, अमेरिकी संविधान में हुए 14वें संशोधन के मुताबिक जो बच्चा वहां की धरती पर पैदा होता है, वो खुद ब खुद अमेरिकी नागरिक बन जाता है।

अमेरिका में 48 लाख से अधिक भारतीय अमेरिकी रहते हैं



### किन शर्तों को पूरा करना जरूरी

ट्रंप का आदेश अमेरिकी कानून के उलट है जो वहां जन्मे हर बच्चे को नागरिकता प्रदान करता है। लेकिन नए आदेश के मुताबिक अगर जन्म के साथ किसी बच्चे को अमेरिका नागरिकता चाहिए तो उसके माता या पिता में से एक का अमेरिकी नागरिका होना अनिवार्य होगा। साथ ही किसी एक के पास ग्रीन कार्ड होना चाहिए या किसी एक का अमेरिकी सेना में होना जरूरी है। ट्रंप का कहना है कि यह आदेश बर्थ टूरिज्म और अवैध प्रवासियों को रोकने की दिशा में बहुत बड़ा कदम है। ऐसा देखा गया है कि नागरिकात हासिल करने के मकसद से प्रवासी अमेरिका में अपने बच्चे को जन्म देते हैं, जिससे खुद ही उसे वहां की नागरिकता मिल जाती है।

### ट्रंप ने आदेश में क्या कहा?

1. आदेश में कहा गया है कि अमेरिका में जन्में उन्हीं बच्चों को अमेरिका की नागरिकता दी जाएगी, जिनके माता-पिता से कोई एक अमेरिकी नागरिक हों या उनमें से किसी के पास ग्रीन कार्ड हो।
2. दरअसल, अमेरिका में बढ़ी तादाद में भारत और चीन के लोग एच-1बी वीजा पर वहां रहते हैं। ट्रंप प्रशासन का यह फैसला अमेरिका में मौजूद भारतीय पेशेवरों के जीवन पर पड़ने वाला है।
3. अमेरिका में 48 लाख से अधिक भारतीय अमेरिकी रहते हैं, जिनमें एक बड़ा हिस्सा उन लोगों का है, जिन्हें जन्मसिद्ध नागरिक ता मिली हुई है। अमेरिका में एच-1बी वीजा पर काम कर रहे लोगों को लिए फैमिली प्लान करना एक बड़ी समस्या बनने वाली है।

### भारतीयों पर फैसले का क्या असर?

अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल ही करीब 50 हजार भारतीयों को अमेरिका की नागरिकता हासिल हुई है. अमेरिका में लगातार भारतीय समुदाय बढ़ रहा है और बीते सालों में वहां रहने वाले 48 लाख से ज्यादा भारतीय-अमेरिकी समुदाय के कई बच्चों को इस कानून की बिनाह पर नागरिकता भी मिली है। अमेरिका के कानून में परिवार को साथ रखने को प्राथमिकता दी जाती है. साथ ही वहां जन्मे बच्चे जो अमेरिका नागरिक बन जाते हैं, उन्हें ये अधिकार हासिल है कि वह 21 की उम्र के बाद अपने माता-पिता या किसी रिश्तेदार को साथ रहने के लिए अमेरिका बुला सकते हैं। लेकिन ट्रंप के आदेश के बाद यह अधिकार भी खत्म हो जाएगा, ऐसे में परिवार के साथ आने में अब रुकावट आना तय है। इसके अलावा ग्रीन कार्ड के लिए इंतजार करने रहे लोगों की मुश्किल भी अब बढ़ जाएगी क्योंकि उनके बच्चों को अब जन्म के साथ नागरिकता नहीं मिलेगी जिससे अस्थाई वीजा पर रह रहे लोगों के सामने भी नई चुनौती आ सकती है।

सीएम नेटवर्किंग डिनर में भाग लेंगे

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज पुणे में निवेशकों से करेंगे 'सीधा संवाद'



*संबंधित अफसर देंगे विशेष ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को पुणे दौरे पर रहेंगे। वे पुणे में 'मप्र में निवेश के अवसर' पर आयोजित इंटरएक्टिव सेशन में निवेशकों और उद्योगपतियों से सीधा संवाद करेंगे।

पुणे का यह सत्र राज्य को निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुणे में प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ बैठक कर मप्र को औद्योगिक, पर्यटन, आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम के लिए एक आदर्श स्थान के रूप में प्रस्तुत करेंगे। इसमें एक विशेष ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के साथ राज्य के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह, पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे प्रस्तुति देंगे। मुख्यमंत्री नेटवर्किंग डिनर में भाग लेंगे, जहां वे प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर व्यक्तिगत चर्चा करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा समापन

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ का आयोजन आज से

अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी करेंगे शिरकत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इस योजना के दस साल पूरे होने के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम बुधवार से शुरू हो कर 8 मार्च तक चलेंगे। यानी इस जश्न का समापन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा।

खुद चलकर मीडिया से मिलने आए

## हमले के 5 दिन बाद पहली बार सामने आए सैफ अली

एजेंसी ▶▶ मुंबई



व्हाइट शर्ट, काला चश्मा और हाथ गर्दन पर पट्टी थी

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को चाकू से हुए हमले की घटना के करीब पांच दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। मंगलवार को अभिनेता अपने घर लौट आए हैं। मालूम हो कि हमले के बाद वे उपचार के लिए लीलावती अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल से बाहर आकर सैफ अली खान ने फैंस और मीडिया का अभिवादन किया।

महिला अंडर-19 विश्व कप

## वैष्णवी हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर



मलेशिया पर भारत की बड़ी जीत

भारत की वैष्णवी शर्मा ने इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है और वह महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गई हैं। वैष्णवी ने मलेशिया के खिलाफ ग्रुप ए मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और चार ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए जिसमें एक मेडन ओवर भी शामिल है।

इंदौर के डीसीपी ने जवान को किया तलब

## पुष्पा की तर्ज पर हाथों में सिगरेट ट्रैफिक नियम तोड़ना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



जवान ने कहा कि आगे से गलती नहीं करेंगे

पुष्पा 2 फिल्म में किरदार निभाने वाले शेखावत की तरह दिखने वाले इंदौर के पीआरटीएस में पदस्थ जवान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद नियमों की अनदेखी करने के आरोप में वरिष्ठ अधिकारियों ने आरोपी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की है। आरक्षक का नाम जितेंद्र सिंह तंवर है।

आम लोग 30 मार्च तक मंगलवार से रविवार सुबह 10 से शाम छह बजे तक जा सकेंगे

## दो फरवरी से आम लोगों के लिए खुल जाएगा राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान

■ छह से नौ मार्च को अमृत महोत्सव का आयोजन होगा



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में बने अमृत उद्यान को एक बार फिर से दो फरवरी से आम नागरिकों के लिए खोलने जा रहा है। आम लोग 30 मार्च तक मंगलवार से रविवार सुबह 10 से शाम छह बजे तक जा सकेंगे। छह से नौ मार्च को अमृत महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें दक्षिणी भारत की सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन होगा। ये एक ऐसी जगह है, जहां आप अपने परिवार के साथ जा सकते हैं। अमृत उद्यान भारत के राष्ट्रपति कार्यालय और निवास में 15 एकड़ के विशाल विस्तार में फैला हुआ है।




प्री-बोर्ड परीक्षा से पहले ही

## उज्जैन में 10वीं और 12वीं का पेपर लीक, हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

जिले में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की कक्षा 10वीं और 12वीं प्री-बोर्ड परीक्षाओं के सभी पेपर सोशल मीडिया पर लीक हो गए हैं। छात्रों के पास ये पेपर कुछ दो दिन पहले तो कुछ एक दिन पहले ही पहुंच गए थे। इसके बाद ये पेपर इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से फैल गए हैं।

शहर के एक 12वीं कक्षा के छात्र ने मीडिया से बातचीत में खुलासा किया कि 16 जनवरी को उसका पहला पेपर था। एग्जाम देने के बाद जब वह बाहर निकला, तो स्कूल में दोस्तों ने बताया कि पेपर एक दिन पहले ही टेलीग्राम पर लीक हो चुका था। इसके बाद उसे भी टेलीग्राम की लिंक के जरिए पेपर की जानकारी मिल गई। छात्र के अनुसार 17 जनवरी को हिंदी का पेपर और 20 जनवरी को गणित का पेपर भी लीक हो गए थे। सोमवार को हुए अंग्रेजी के प्रश्नपत्र को परीक्षा से 6 घंटे पहले वायरल किया गया, जबकि गणित का पेपर एक दिन पहले ही लीक हो गया। उज्जैन शिक्षा विभाग के अधिकारी डीओ आनंद शर्मा ने आश्वासन दिया है कि मामले की विस्तृत जांच करवाई जाएगी।



जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के आदेश

*झांकी में फाइबर से बनाए गए चीते 180 डिग्री तक दहाड़ते हुए मूव करते रहेंगे*

हरि अग्रहरि ▶▶ भोपाल

अलग खबर

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को कर्तव्य पथ नई दिल्ली में प्रदर्शित होने वाले परेड के लिए मप्र की झांकी लगातार दूसरे साल चयनित हुई है। पिछले वर्ष 2024 में चयनित झांकी की थीम महिला सशक्तिकरण था, जबकि इस बार की झांकी का थीम कूनो नेशनल पार्क में विचरण करने वाले चीतों पर आधारित है।

*26 जनवरी को नई दिल्ली में प्रदर्शित होने वाली परेड के लिए मध्य प्रदेश की झांकी लगातार दूसरे साल चयनित हुई*

# कर्तव्य पथ पर इस बार मप्र की झांकी की 'थीम' कूनो नेशनल पार्क में विचरण करने वाले चीते



ये झांकी मप्र का प्रतिनिधित्व करेगी

### इस खासियत की वजह से ली गई थीम

देश में कहीं भी चीते नहीं थे। अपने देश के चीते करीब 50 साल पहले ही विलुप्त हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष रूचि लेकर चीता प्रोजेक्ट पर काम शुरू कराया। वर्ष 2022 में अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल की देखरेख में नामीबिया में चीतों के रख-रखाव आदि का अध्ययन करने के लिए वन अधिकारियों को भेजा गया।

### झांकी को बनाने में करीब 20 दिन का समय लगा

मप्र की झांकी की कई तरह की खासियतें हैं। झांकी को बनाने में करीब 20 दिन का समय लगा है। कुल 38 फीट लंबाई, 14 फीट चौड़ाई व 16 फीट ऊंचाई की झांकी को 10 से 12 लोगों ने हर दिन करीब 10 घंटे से ज्यादा समय काम करके बनाया है। इसे लोहा, लकड़ी व फाइबर से बनाया गया है।




## परमधर्मसंसद में धार्मिक प्रदूषण पहचान एवं निवारण विषय पर बोले अविमुक्तेश्वरानंद

# अन्न, जल, पूजन सामग्री, मंत्र और अनुष्ठान सब प्रदूषित अधर्म को धर्म के रूप में प्रस्तुत कर हमें गर्त में ले जा रहे

*ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सतर्कता में शिथिलता धर्म-कर्म को प्रदूषित कर देती है। आज हमारा खानपान ही नहीं, अन्न, जल तक प्रदूषित हो गया है। पूजा की सामग्री प्रदूषित है। मंत्र, अनुष्ठान प्रदूषित हैं। भाषा-भाव और भंगिमा भी प्रदूषित हो रहे हैं। नए-नए देवता बनते जा रहे हैं। धर्म-अधर्म से मिश्रित हो रहा है।*

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सतर्कता में शिथिलता धर्म-कर्म को प्रदूषित कर देती है। आज हमारा खानपान ही नहीं, अन्न, जल तक प्रदूषित हो गया है। पूजा की सामग्री प्रदूषित है। मंत्र, अनुष्ठान प्रदूषित हैं। भाषा-भाव और भंगिमा भी प्रदूषित हो रहे हैं। नए-नए देवता बनते जा रहे हैं। धर्म-अधर्म से मिश्रित हो रहा है। यदि अधर्म अपने स्पष्ट रूप में हमारे सामने आए तो काफी हद तक संभव है कि हम उससे बच सकें पर जब वह धर्म के रूप में हमारे सामने आता है तो उससे बचना कठिन हो जाता है। अविमुक्तेश्वरानंद सोमवार को सेक्टर-19 के शंकराचार्य शिविर में आयोजित परमधर्मसंसद में धार्मिक प्रदूषण पहचान एवं निवारण विषय पर बोल रहे थे। शंकराचार्य ने कहा कि भागवत में व्यास जी ने अधर्म की पांच शाखाओं का वर्णन किया है। उसमें विधर्म, परधर्म, आभास, उपमा और छल शामिल हैं। यही धार्मिक प्रदूषण है जो अधर्म को धर्म के रूप में प्रस्तुत कर हमें गर्त में ले जा रहा है। विधर्म माने धर्म समझकर करने पर भी जिससे धर्मकार्य में बाधा पड़ती हो जैसे यहूदी, पारसी, ईसाई, इस्लाम आदि।




### योगी सभी मंत्रियों के साथ आज लगाएंगे डुबकी



तीर्थराज प्रयागराज में दुनिया भर के श्रद्धालुओं महाकुंभ में गंगा, जमुना और सरस्वती के त्रिवेणी पर पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में योगी सरकार की कैबिनेट बैठक होगी। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद योगी पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इसके लिए प्रशासन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है।

### सनातनधर्मियों को धर्म के सच्चे स्वरूप को समझना होगा



*परधर्म माने अन्य के द्वारा अन्य के लिए उपदिष्ट धर्म जैसे ब्रह्मचारी का गृहस्थ को, गृहस्थ का संन्यासी को। आभास स्वेच्छाचार जो धर्म सा लगता है जैसे अनधिकारी का संन्यास। उपमा माने पाखंड तथा छल माने शास्त्र वचनों की अपने मन से की गई व्याख्या या उनमें अपने आप से मनमाना बदलाव कर देना। समस्त सनातनधर्मियों को सतर्क रहकर धर्म के सच्चे स्वरूप को समझते हुए धार्मिक प्रदूषणों से बचकर रहने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी आशुतोष गिरी महाराज ने कहा कि देश में गो हत्या पूर्णतः प्रतिबंधित हो और गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिले इसके लिए हम सबको एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए।*

### मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी के लिए 29 ट्रेनें रद्द

महाकुंभ मेले के दो बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी के मौके पर रेलवे ने प्रयागराज आने वाले यात्रियों की राह मुश्किल कर दी है। जिन लोगों ने महाकुंभ के अमृत स्नान के लिए ट्रेनों में अपने रिजर्वेशन करवा रखे थे, उन्हें रेलवे प्रशासन ने उन्हें चेतावनी दी है। रेलवे द्वारा इन दोनों ही महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर अचानक लंबी दूरी की 29 ट्रेनें निरस्त कर दी हैं। खास बात यह है कि रेलवे प्रशासन द्वारा लंबी दूरी की ट्रेनें निरस्त किए जाने की कोई स्पष्ट वजह नहीं बताई गई है। मकर संक्रांति पर ज्यादा भीड़ हो जाने की वजह से सैकड़ों की संख्या में ऐसे यात्री जिनका तमाम ट्रेनों में आरक्षण था, वह शहर के तमाम स्थानों पर नो इंट्री की वजह से प्रयागराज जंक्शन नहीं पहुंच सके। फिलहाल मौनी अमावस्या पर लंबी दूरी की 18 एवं बसंत पंचमी पर 11 नियमित ट्रेनें निरस्त कर दी गईं हैं। इसके अलावा 28 ट्रेनें प्रयागराज जंक्शन की जगह प्रयागराज छिवकी होकर चलाई जाएंगी।

### महाकुंभ के लिए फ्री ट्रेन टिकट और लंच पैकेट का भी इंतजाम

*अगर आप मऊ जनपद के निवासी हैं और प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने की योजना बना रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद खास हो सकती है। यह खबर आपकी यात्रा को न केवल सुविधाजनक बल्कि मनोरंजक भी बना सकती है। खास बात ये है कि आप मुफ्त में प्रयागराज यात्रा कर कुंभ में स्नान कर सकते हैं। मुफ्त मां उषा सेवा संस्थान द्वारा श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष सेवा का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के संस्थापक अजय जायसवाल ने बताया कि मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी और माघी पूर्णिमा के स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं को मुफ्त यात्रा और लंच पैकेट की सुविधा दी जाएगी।*

#### स्नान के बाद सुधा बोलीं

### योगी के लिए की लंबी उम्र की कामना

राज्यसभा की सांसद सुधा मूर्ति इन दिनों कुंभ में हैं। मंगलवार को उन्होंने महाकुंभ में स्नान के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने तीन दिन की मन्नत मांगी है। वे बुधवार को भी पवित्र स्नान करने वाली हैं।सुधा मूर्ति ने कहा कि हमारे नानाजी, नानीजी, दादा जी कोई नहीं आ सके, हम कर्नाटक आ सके। उस समय वो मुमकिन नहीं था उनके लिए। इसलिए उनके नाम का तर्पण देना है।



इसीलिए मैंने तीन दिन का व्रत लिया है। तीन दिन हम नहाएंगे और तर्पण करेंगे। सुधा मूर्ति ने आगे कहा कि मुझे बहुत आनंद है और इतनी बढ़िया व्यवस्था है इधर योगी जी ने इतना अच्छा किया है निशुल्क लोगों के लिए, मुझे बहुत आनंद है। भगवान उनको लंबी उम्र देना।

### नाना, नानी, दादा जी का तर्पण करूंगी

महाकुंभ में पहुंचीं राज्यसभा सांसद व अरबपति सुधा मूर्ति ने कहा कि मैंने तीन दिन की मन्नत मानी थी, कल पवित्र स्नान किया, आज भी करूंगी और कल फिर करूंगी। मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लगा। मेरे नाना, नानी, दादा जी कोई नहीं आ सका। इसलिए मुझे उनके नाम पर तर्पण करना है।

#### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने लगाई डुबकी

### एक गहरी आस्था और शांति का अहसास किया

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने प्रयागराज के ऐतिहासिक संगम में डुबकी लगाई और इसके बाद मां गंगा की पूजा की।



उनके इस धार्मिक अनुष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी उनके साथ मौजूद रहे। संगम में डुबकी लगाने के बाद रामनाथ कोविंद ने धार्मिक क्रियाओं के तहत मां गंगा का आशीर्वाद लिया और पूजा-अर्चना की। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का संगम में डुबकी लगाना एक विशेष धार्मिक अवसर था, जो उनके लिए आध्यात्मिक महत्व रखता था। प्रयागराज के इस ऐतिहासिक स्थल पर आस्था का एक अलग ही अनुभव होता है और यहां की धार्मिक धारा ने रामनाथ कोविंद को एक गहरी आस्था और शांति का अहसास कराया।

### महाकुंभ के दौरान शहनाई बजने पर भी 'ग्रहण'


धूमनगंज के रहने वाले रजनीश दुबे के घर 13 फरवरी को अमेठी से बरात आएगी। लेकिन, परिवार को चिंता है कि महाकुंभ मेले के दौरान कहीं उनके घर में शहनाई बजने पर 'ग्रहण' न लग जाए। यातायात पुलिस ने जगह-जगह डायवर्जन और बाहरी गाड़ियों के शहर में इंट्री पर रोक लगा रखी है।13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेला है।

---

## खबर संक्षेप

### बुलंदशहर में गैस लीक होने से 2 की मौत


**बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर स्थित सिकंदराबाद की बीएटीएक्स



एनर्जीज कंपनी में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां गैस रिसाव होने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई है, वहीं तीसरे को बेहोशी में अस्पताल पहुंचाया गया। सपुलिस बल के साथ एसडीएम मौके पर पहुंचे। परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

### अब तेंदुओं की रेडियो कॉलर से होगी निगरानी

**अहमदाबाद।** दक्षिण गुजरात में तेंदुए के हमलों की घटनाओं में



लगातार वृद्धि के मद्देनजर राज्य के वन विभाग ने एक तेंदुए के जर्मन इंजीनियर्ड रेडियो कॉलर लगाकर उन्नत तकनीक का उपयोग करने संबंधी एक पायलट परियोजना शुरू की है। यह विभाग को हर आधे घंटे में तेंदुए की लोकेशन भेजेगा। विभाग ग्रामीणों को तुरंत सूचित करेगा।

### ताहिर को जमानत क्यों नहीं देनी चाहिए?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस से पूर्व



पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर जवाब देने को कहा। ताहिर ने चुनाव प्रचार करने अंतरिम जमानत की मांग की है। जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा जमानत क्यों नही देनी चाहिए?

### प्रतापगढ़ी के खिलाफ एफआईआर पर रोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को



अंतरिम राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ गुजरात के जामनगर में दर्ज एफआईआर में किसी कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इमरान पर सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ाने वाले सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर केस हुआ था। गुजरात हाई कोर्ट ने निरस्त करने से मना कर दिया था।

---

## भाजपा ने 'संकल्प पत्र' भाग-2 जारी किया, लोगों से किए कई वादे

### भाजपा का युवाओं पर रहा विशेष फोकस

# केजी से स्नातकोत्तर तक दी जाएगी मुफ्त शिक्षा, ड्राइवरों के लिए 'बोर्ड'

### स्वास्थ्य, यातायात, बिजली, पानी और परिवहन आदि समस्याएं भी हल करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 'संकल्प पत्र' को जारी किया। भाजपा 3 चरणों में संकल्प पत्र जारी कर रही है। मंगलवार को दूसरा भाग जारी किया गया है। इसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र के दूसरे भाग को पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जारी किया है। भाजपा सांसद अनुराग ने कहा कि दिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपए की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। दो बार की यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति भी होगी। दिल्ली के सरकारी शिक्षण संस्थानों में दिल्ली के जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

यह मोदी की गारंटी है। जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो विकसित दिल्ली की एक अहम भूमिका है। विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025 के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आपके सामने पहले अपनी बात रखी थी।



#### दिल्ली वालों को बेहतर आज और बेहतर कल देंगे

*अनुराग ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर हम स्वास्थ्य, यातायात, बिजली, पानी और परिवहन आदि से जुड़ी समस्याओं का हल करेंगे। दिल्ली वालों को बेहतर आज और बेहतर कल देने का प्रयास करेंगे। भाजपा की जहां भी सरकारें रही, जन-कल्याण उनकी प्राथमिकता और केंद्र बिंदु रहा। केंद्र सरकार में भी हमने राज्यों के सहयोग से नागरिकों की समस्याओं का जहां समाधान किया, वहीं पर उनको सुविधाएं भी दी। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने दलालों को खत्म कर दिया है। डीबीटी के माध्यम से जन-कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। भ्रष्टाचार के प्रति मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है।*

#### भाजपा के संकल्प पत्र पार्ट-2 की घोषणाएं

- जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा
- एससी छात्रों को हर महीने एक हजार रुपये की मदद
- ऑटो-टैक्सी वालों के लिए वेलफेयर बोर्ड
- युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार की मदद
- दो बार के यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति का भी वादा

### पीएम मोदी 29 को दो जनसभाओं को करेंगे संबोधित

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 और 31 जनवरी को एक-एक रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी की पहली जनसभा 29 जनवरी को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के 4 पुस्ता, करतार नगर के पास यमुना खादर क्षेत्र में आयोजित होगी। प दूसरी रैली 31 जनवरी को द्वारका में सेक्टर-14 के पास स्थित वेगास मॉल के निकट आयोजित की जाएगी। दिल्ली की राजनीति में भाजपा अपनी खोई जमीन दोबारा हासिल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और इन जनसभाओं में पीएम मोदी की मौजूदगी पार्टी के लिए अहम हो सकती है।




### दुबे और तिवारी पर नहीं चलेगा केस

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें भाजपा सांसदों निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ एफआईआर को रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें भाजपा सांसदों दुबे और तिवारी के खिलाफ मामला खारिज कर दिया गया था। इन सांसदों पर आरोप है कि उन्होंने राज्य के देवघर स्थित हवाई यातायात नियंत्रण कार्यालय में जबरन प्रवेश किया और कर्मचारियों पर अपने चार्टर्ड विमान को उड़ान भरने की मंजूरी देने का दबाव बनाया।



### भाजपा आपकी जमीन अडाणी अंबानी को दे देगी

भाजपा और आपके बीच जमकर जुबानी जंग चल रही है। इस बीच आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने बड़ा



बयान दिया है। केजरीवाल ने भाजपा पर भविष्य में झुग्गीवालों की जमीनों को बेचने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने विश्वास नगर में कहा कि भाजपा वालों को झुग्गीवासियों से बड़ा प्यार आ रहा है। मैं झुग्गीवालों को चेतावनी देना चाहता हूं आपने गलत बटन दबाया तो भाजपा वाले आएंगे, आपकी जमीनों को अडाणी-अंबानी को दे देंगे।

### आतिशी का चुनाव आयोग को पत्र

#### बिधूड़ी के भतीजे पर वीडियो बनाने का आरोप लगाया

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने चुनाव अधिकारी को पत्र लिखा है। इस पत्र में आतिशी ने रमेश बिधूड़ी के भतीजे को लिया है। उन्होंने रमेशके भतीजे और कालकाजी विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि वे आप के कार्यकर्ताओं को धमका रहे हैं। आतिशी का दावा है कि इस घटना के एक हिस्से का आप कार्यकर्ताओं की ओर से वीडियो बनाया गया है।




---

#### ब्राह्मण महासभा में हाईकोर्ट के 2 जज बोले

## राव सहित ब्राह्मण समाज ने देश के विकास में अहम योगदान दिया

- 'संविधान निर्माण में बिरादरी का योगदान' पर कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के संविधान को तैयार करने के लिए जो ड्राफ्टिंग कमेटी बनी थी, उसके 7 सदस्यों में से 3 ब्राह्मण थे। उनका संविधान तैयार करने में अहम योगदान था। उन्होंने कहा कि संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी में 3ब्राह्मण थे। ये थे कृष्णस्वामी अय्यर, गोपालस्वामी आयंगर और बीएन राव। उनमें से एक राव की तारीफ खुद डॉ.आंबेडकर ने की थी। यह बात ब्राह्मण महासभा के आयोजन में पहुंचे कर्नाटक हाई कोर्ट के जस्टिस कृष्ण एन. दीक्षित ने कही। उनके अलावा एक और जस्टिस वी. श्रीशानंद भी आयोजन में शामिल हुए। बेंगलुरु में 2 दिनों के कार्यक्रम में जस्टिस कृष्ण एन. दीक्षित ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने देश के विकास में बहुत योगदान दिया है। उन्होंने संविधान की ड्राफ्टिंग में ब्राह्मणों का इतना योगदान था कि डॉ.आंबेडकर ने खुद तारीफ की थी। उन्होंने कहा कि आंबेडकर ने कहा था कि राव ने यदि संविधान की ड्राफ्टिंग नहीं की होती तो उसे तैयार करने में 25 साल और लग जाते।

### डॉ.आंबेडकर के जीवन में भी ब्राह्मण शिक्षक के योगदान का जिक्र किया

इसके अलावा आंबेडकर के जीवन में भी उनके ब्राह्मण शिक्षक के योगदान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आंबेडकर के कृष्णजी नाम के शिक्षक ने ही उन्हें आंबेडकर उपनाम दिया था, जो पहले अंबावाडेकर था। आंबेडकर का जन्म के बाद नाम भीमराव रामजी आंबेडकर रखा गया था। उन्होंने कहा कि आंबेडकर के ब्राह्मण शिक्षक ने उन्हें आर्थिक मदद भी की थी ताकि वह पढ़ाई जारी रख सकें। इससे स्पष्ट है कि ब्राह्मण सभी का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पाने वाले एक ब्राह्मण पीवी काणे ने धर्मशास्त्र की रचना सात खंडों में की है। इस ग्रंथ में उन्होंने गैर-ब्राह्मणों की ओर से दिए गए योगदान का जिक्र किया है।

### वेदव्यास मछुआरे के बेटे पर सम्मानित

वे कहते हैं कि ब्राह्मण कोई जाति नहीं है बल्कि वर्ण है। उन्होंने कहा कि वेद व्यास एक मछुआरे के बेटे थे और इसी प्रकार वाल्मीकि भी एससी या एसटी समाज के थे। फिर भी उन्होंने रामायण लिखी और हम आज तक उन्हें पूजते हैं। उनकी ही लिखी रामायण को संविधान में भी जगह दी गई है। संविधान में जो 32 चित्र शामिल किए गए हैं, उनमें से एक भगवान राम का भी है। उन्होंने कहा कि हम जब ब्राह्मण की बात करते हैं तो यह गर्व की बात है। इसलिए क्योंकि ब्राह्मणों ने ही द्वैत, अद्वैत, विशिष्ट अद्वैत और शुद्ध अद्वैत का दर्शन दिया। ब्राह्मण समाज ने दुनिया को बासवन्ना दिए।

---

#### द्वारका में बुलडोजर एक्शन

## अवैध मजहबी 36 ढांचों को तोड़कर कर दिया नेस्तनाबूद

एजेंसी ▶▶ द्वारका

गुजरात के द्वारका जिले में सरकार ने एक बार फिर बड़ा बुलडोजर एक्शन चलाया है। द्वारका के 7 आईलैंड्स में अवैध रूप से बनाए गए ढांचों को तोड़कर अतिक्रमण मुक्त किया गया है। सरकार ने कुल 36 ढांचों को ध्वस्त कर दिया है, जिसमें अवैध रूप से बनाए गए मजहबी ढांचे भी शामिल हैं। गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सांघवी ने मंगलवार को इस बुलडोजर एक्शन के पहले और बाद के वीडियो शेयर करते हुए कहा कि देवभूमि द्वारका के द्वीपों को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है।



उन्होंने एक्स पर लिखा, द्वारका जिले के 7 आईलैंड्स अब 100 फीसदी अतिक्रमण मुक्त हैं। कुल 36 अवैध ढांचों को सफलतापूर्वक हटा दिया गया है। संस्कृति और विरासत की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रशासन और उनकी टीम को बधाई। अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से दर्जनों इमारतों में अवैध गतिविधियों को भी संचालित करने की आशंका थी।

#### जी 20 की अध्यक्षता, शिखर सम्मेलन के बारे में कांत ने लिखी बुक

## बेहतर ग्रह की खोज में मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने भारत की जी20 अध्यक्षता और शिखर सम्मेलन 2023 के बारे में पुस्तक लिखने के लिए नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक बेहतर ग्रह की खोज में मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के भारत के प्रयासों पर स्पष्ट दृष्टिकोण दिया है। जीॉ 20 के शेरपा और कांत ने पीएम मोदी से मुलाकात कर उन्हें अपनी पुस्तक 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी20' भेंट की। कांत ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा कर यह जानकारी दी।

### पीएम मोदी को पुस्तक भेंट की, प्रधानमंत्री ने सराहा



#### जी20 शेरपा थे अमिताभ कांत

*कांत ने एक्स पर पोस्ट किया, पीएम मोदी को अपनी पुस्तक 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी20' भेंट करते हुए मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यह उनकी प्रगतिशील दृष्टि, वैश्विक कद और समावेशी नेतृत्व शैली थी जिसने भारत के कूटनीतिक इतिहास के सबसे परिवर्तनकारी अध्यायों में से एक के लिए एजेंडा और दृष्टिकोण दोनों निर्धारित किए। जी20 इंडिया टीम में उनके स्पष्ट विश्वास ने हमें असंभव प्रतीत होने वाली वार्ताओं के माध्यम से साहसी बनने और जोखिम उठाने में सक्षम बनाया। मैंने उनके जी 20 शेरपा के रूप में उनके विश्वास और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद किया।*

#### पीएम मोदी ने लिखा- आपका प्रयास सराहनीय

*पीएम मोदी ने अमिताभ कांत की एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि भारत की जी20 अध्यक्षता और 2023 में शिखर सम्मेलन के बारे में लिखने का आपका प्रयास सराहनीय है, जो एक बेहतर ग्रह की खोज में मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के हमारे प्रयासों पर एक स्पष्ट दृष्टिकोण देता है।*

### 9-10 सितंबर 2023 को दिल्ली में हुआ था आयोजन

जी20का 18वां शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर, 2023 के दौरान नई दिल्ली के भारत मंडपम में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। सम्मेलन की शानदार सफलता सुनिश्चित करने वाले पर्दे के पीछे के प्रयासों का खुलासा अब शेरपा अमिताभ कांत की नई पुस्तक, 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी20: द इनसाइड स्टोरी ऑफ द जी20 प्रेसिडेंसी' में किया गया है। कांत ने पुस्तक के माध्यम से बताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राथमिक रणनीतिकार थे। उन्होंने पुस्तक में 9 सितंबर को पीएम मोदी के साथ हुई महत्वपूर्ण बातचीत का वर्णन किया है।



# डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को दिखाए तेवर, कहा- कारोबार के लिए अलग मुद्रा लाए तो भुगतेंगे अंजाम

ट्रंप के फैसले से दुनिया पर पड़ेगा असर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/नई दिल्ली

ओवल ऑफिस में अपने हस्ताक्षर समारोह के दौरान मीडिया से बात करते हुए, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यदि ब्रिक्स राष्ट्र डॉलर से इतर व्यापार करने की सोचते हैं तो उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, और इसलिए वे ऐसा करना छोड़ने के लिए तुरंत बाध्य होंगे। उन्होंने कहा, एक ब्रिक्स राष्ट्र के रूप में... अगर वे ऐसा सोचते भी हैं तो उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, और इसलिए वे इसे तुरंत छोड़ने के लिए बाध्य होंगे। वैश्विक व्यापार में डॉलर के उपयोग में कमी का जिक्र करते हुए उन्होंने यह बात कही।

## पुतिन ने किया था डी-डॉलराइजेशन

2023 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र के दौरान, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने डी-डॉलराइजेशन का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि ब्रिक्स देशों को राष्ट्रीय मुद्राओं में निपटान का विस्तार करना चाहिए और बैंकों के बीच सहयोग बढ़ाना चाहिए। जून 2024 में, ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों ने रूस के निजनी नोवगोरोड में मुलाकात की थी और सदस्य देशों के बीच द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार और वित्तीय लेन-देन में स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल को बढ़ाने का आह्वान किया था।

## ट्रंप के शपथ ग्रहण में दिखा भारत का बढ़ता कद, प्रथम पंक्ति में जयशंकर

पूरी दुनिया की निगाहें सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह पर लगी रहीं। इस दौरान एक बात ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा और वो ये था कि ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर को पहली पंक्ति में ट्रंप के मंच के ठीक सामने बिठाया गया था। यह वैश्विक परिदृश्य में भारत के ऊंचे होते कद का उदाहरण है। इस तस्वीर से भारत के दुश्मनों को जलन होना स्वभाविक है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में जयशंकर ने ट्रंप के शपथ ग्रहण की कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के साथ जयशंकर ने लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के वॉशिंगटन डीसी में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करना बड़े सम्मान की बात है। भारतीय विदेश मंत्री ने जो तस्वीरें साझा कीं, उनमें दिख रहा है कि उन्हें पहली पंक्ति में इक्वाडोर के राष्ट्रपति के बगल में बिठाया गया है। जयशंकर को पहली पंक्ति में बिठाना, इस बात का साफ संकेत है कि अमेरिका, भारत के साथ अपने संबंधों को कितनी अहमियत देता है। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में क्वाड के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों को आमंत्रित किया गया था।



## दुनिया पर असर डालने वाले ट्रंप के बड़े फैसले

शपथ लेने के पहले ट्रंप ने कह दिया था कि वो कनाडा पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे. राष्ट्रपति बनने के बाद ही फैसले पर मुहर लगा दी। ट्रंप ने पेरिस जलवायु समझौते से भी खुद को अलग कर लिया। डब्ल्यूएचओ से भी ट्रंप ने किनारा कर लिया। उन्होंने ये इस फैसले के लिए कोविड 19 महामारी को गलत तरीके से हैंडल करने और तत्काल सुधारों को लागू करने में डब्ल्यूएचओ विफलता तो दोषी ठहराया। ट्रंप ने नागरिकता कानून से जुड़ा एक फैसला लिया है, जिसके मुताबिक अमेरिका में जन्मजात नागरिकता ख़त्म करने का आदेश दिया गया है। इसका मतलब अब जिन लोगों के पास अमेरिकी नागरिकता के लीगल डॉक्यूमेंट नहीं हैं, और इस दौरान वो अमेरिका में अपने बच्चे को जन्म देते हैं तो उन बच्चों को स्वतः अमेरिकी नागरिकता नहीं मिलेगी। ट्रंप ने फैसला लिया है कि अब से जो भी ड्रग्स से संबंधित मामले में पकड़े जाएंगे उन्हें आतंकवादी घोषित कर दिया जाएगा।

## ट्रंप के ऐलान पर भड़के पनामा के राष्ट्रपति बोले- नहर पर हमारा कब्जा

पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने बयान में कहा कि ट्रंप के पनामा और पनामा नहर को लेकर दिए गए बयान को ध्यान में रखते हुए हम कहना चाहते हैं कि नहर पर पनामा का नियंत्रण है और आगे भी रहेगा। इसकी तटस्थता का सम्मान किया जाना चाहिए और किसी भी देश को हमारे मामलों में दखल नहीं देना चाहिए। मुलिनो ने कहा कि नहर कोई उपहार नहीं थी बल्कि यह कई पीढ़ियों के संघर्ष का नतीजा था, जो साल 1999 में संधि के रूप में फलित हुआ। उसके बाद से 25 साल से बिना किसी व्यवधान के हम नहर का प्रशासन कर रहे हैं। पनामा नहर के जरिए अमेरिका समेत पूरी दुनिया में व्यापार का विस्तार हुआ है।



### अधिकार को कमजोर किए बिना, बातचीत संभव


पनामा के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें जो अधिकार दिया गया है, उसका वे पूरी समझदारी से इस्तेमाल करेंगे और सभी मित्र देशों के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करेंगे। हमारे अधिकारों, संप्रभुता और संपत्ति के अधिकार को कमजोर किए बिना, बातचीत के जरिए विवादों को दूर किया जा सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका के समुद्री व्यापार का बड़ा हिस्सा पनामा नहर के जरिए होता है। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से ही पनामा नहर पर कब्जे की बात कर रहे हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि चीन, पर्दे के पीछे से पनामा नहर का संचालन कर रहा है। ट्रंप ने सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपने संबोधन में भी ये बात दोहराई।

## ट्रंप ने ब्रिक्स पर दी टैरिफ लगाने की धमकी सेंसेक्स 1400 अंक टूटा, डूबे 5 लाख करोड़

*भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार 21 जनवरी को भारी गिरावट आई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों 1% से अधिक टूट गए। बीएसई सेंसेक्स दिन के कारोबार में 1,431.57 अंक या 1.89 फीसदी टूटकर 75,641.87 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी 367.9 अंक या 1.60 फीसदी का गोता लगाकर 22,976.85 के स्तर पर आ गया। 7 जून 2024 के बाद यह पहला मौका है, जब निफ्टी 23,000 से नीचे गया है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू एक झटके में करीब 5 लाख करोड़ रुपये कम हो हुई। सबसे अधिक गिरावट रियल्टी और कंज्यूमर शेयरों में देखने को मिली। डोनाल्ड ट्रंप का ब्रिक्स देशों पर निशाना साधते हुए दिए गए बयान ने निवेशकों में खलबली मचा दी है। ब्रिक्स देशों में ब्राजील, चीन, रूस और साउथ अफ्रीका के साथ भारत भी शामिल हैं। ट्रंप ने सोमवार को राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालते ही यह साफ किया कि वह उन देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का इरादा रखते हैं जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता कम कर रहे हैं। व्हाइट हाउस में बोलते हुए उन्होंने चेतावनी दी, अगर कोई ब्रिक्स देश... डी-डॉलराइजेशन यानी डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश जारी रखने के बारे में सोचेगा, तो उसे 100% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।*

---

## खबर संक्षेप




### असम, मेघालय और पश्चिम बंगाल में भूकंप

**नई दिल्ली।** मेघालय के साउथ वेस्ट खासी हिल्स इलाके में भूकंप के झटका महसूस हुए। इसकी तीव्रता 4.1 रही। असम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस हुए। इससे किसी तरह के नुकसान की सूचना फिलहाल नही है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, के साउथ वेस्ट खासी हिल्स इलाके में दोपहर 12 बजकर 34 मिनट 02 सेकेंड पर आए इस भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी की गहराई में स्थित था।

### तुर्की के रिसॉर्ट में आग 66 की मौत, भगदड़



**अंकारा।** तुर्की के बोलू पहाड़ों के ग्रैंड कार्टल होटल में लगी भीषण आग में मंगलवार को 66 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। साथ ही आग से घबराए मेहमानों ने जान बचाने के लिए होटल की खिड़कियों से छलांग लगा दी। ये घटना उत्तर-पश्चिमी तुर्की में स्थित एक मशहूर पर्यटन स्थल कार्टालकाया स्की रिजॉर्ट में हुई, जहां उस समय 234 मेहमान रह रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री केमल मेमिसोग्लू ने पुष्टि की।

शहबाज के जश्न में चीन ने फेरा पानी

## ग्वादर पर चीन ने खोली पोल कहा- ये तो खैरात दी



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

कंगाल पाकिस्तान की अब उसके आयरन ब्रदर चीन ने ही बेइज्जती कर दी है। पाकिस्तान की सरकार ग्वादर में बनाए गए एयरपोर्ट पर गर्व कर रही थी और उसका जश्न मना रही थी। सोमवार को पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस का एक विमान इस एयरपोर्ट पर उतरा। यह पहला विमान था जो इस नए बनाए गए इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा है। पाकिस्तान के पीएम के शहबाज शरीफ ने इस एयरपोर्ट को चीन के साथ दोस्ती का प्रतीक बताया। इस बीच चीन के सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स ने शहबाज के इस दावे की पोल खोलकर रख दी। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि 23 करोड़ डॉलर की कीमत से बना यह एयरपोर्ट चीन की पाकिस्तान को एक 'खैरात' है। ग्लोबल टाइम्स के इस पोस्ट पर उसकी काफी आलोचना हो रही है। यूजर्स इसे चीन का कर्ज जाल बता रहे हैं। पाकिस्तान के ग्वादर में चीन अरबों डालर का निवेश कर रहा है।

- चीन द्वारा पाकिस्तान को दिए गए ग्वादर एयरपोर्ट का मामला

### चौतरफा घिर गया चीन

ग्लोबल टाइम्स के एयरपोर्ट को 'खैरात' बताए जाने के बाद एक्स पर चीन की आलोचना शुरू हो गई। एक एक्स यूजर रियाज बलोच ने लिखा, ग्वादर इंटरनेशनल एयरपोर्ट सीपीईसी के उत्पीड़न का प्लान है। ग्वादर का एयरपोर्ट पाकिस्तान चीन इकनॉमिक कॉरिडोर का हिस्सा है। इसे चीन की सरकार के पैसे से बनाया गया है। इस एयरपोर्ट को बनाने की आधारशिला इमरान खान ने मार्च 2019 में रखी थी। इस एयरपोर्ट का अक्टूबर 2024 में शहबाज शरीफ ने उद्घाटन किया था लेकिन तब से लेकर अब तक कोई उड़ान नहीं उतरी थी। इसलिए कई विश्लेषक इसे सफेद हाथी करार दे रहे हैं।

### पाक की बात नहीं मान रहा चीन

चीन का इरादा यहां पर नौसैनिक अड्डा बनाने का है। इसको लेकर चीन और पाकिस्तान के बीच विवाद भी चल रहा है। चीन से पाकिस्तान चाहता है कि वह जवाबी परमाणु हमला करने की ताकत दे लेकिन इसके लिए बीजिंग तैयार नहीं है। ग्वादर का पोर्ट गहरे पानी का है जहां पर बड़े पैमाने पर युद्धपोत और विशाल जहाज रुक सकेंगे। चीन ग्वादर के जरिए चाहता है कि सीधे उसका पश्चिम एशिया, अफ्रीका और एशिया से संपर्क हो जाए और मलक्का स्ट्रेट के चोक प्वाइंट से उसे नहीं जाना पड़े।

नक्सलियों को दोनों राज्यों की सीमा में घेरा था हजार जवानों ने

## 20 नक्सली ढेर, मरने वालों में 1 करोड़ का इनामी ओडिशा कमांड का चीफ जयराम भी

*छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में जारी मुठभेड़ में 20 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। 36 घंटे से मुठभेड़ जारी है। कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट के घने जंगलों में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।*

एजेंसी ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में पिछले 36 घंटे से नक्सलियों और सुरक्षाबलों की मुठभेड़ खबरे लिखे जाने तक जारी रही। अब तक कुल 20 नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी सामने आई है। साथ ही भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं। कुल्हाड़ीघाट के भालुडिग्गी की पहाड़ियों पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा के मुताबिक गरियाबंद मुठभेड़ में अब तक 20 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं।

एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं। इसके अलावा सर्च ऑपरेशन जारी है और मरने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। मुठभेड़ के बाद कि गई सर्चिंग के दौरान सोमवार को दो नक्सलियों के शव मिले थे, जिनमें से एक महिला है। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा के मुताबिक, मंगलवार को 20 नक्सलियों के शव जवानों ने बरामद किए हैं।

भारी मात्रा में हथियार हुए बरामद, तलाशी शुरु

सुरक्षा बलों के जवान अविरल कर रहे हैं फायरिंग | मुठभेड़ के दौरान एक सुरक्षाकर्मी भी घायल!



### सुरक्षाबलों का नक्सलियों पर एक्शन

ओडिशा और छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर कुल्हाड़ी घाट के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इस सूचना के मिलने के बाद ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने 19 जनवरी को एक साथ नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त ऑपरेशन लांच किया। कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट के घने जंगलों में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

### घायल जवान को एयरलिफ्ट किया

जवानों का सर्च ऑपरेशन जारी है। सूत्रों के मुताबिक 1 करोड़ के इनामी नक्सली उड़ीसा स्टेट का चीफ जयराम उर्फ चलपती भी मारे गए नक्सलियों ने शामिल है। साथ ही इस मुठभेड़ में सीसीएम मनोज और गुड्डू के भी मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ के दौरान एक सुरक्षाकर्मी भी घायल हुआ है, जिसे एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया। इस ज्वाइंट ऑपेशन (ओडिशा-छत्तीसगढ़ सुरक्षाबल) में लगभग 1 हजार जवानों ने नक्सलियों को दोनों राज्य की सीमाओं में घेरा था।

### ओडिशा-छत्तीसगढ़ सुरक्षाबलों ने चलाया ज्वॉइंट ऑपरेशन

जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ और ओडिशा सुरक्षाबलों की कुल 10 टीमें नक्सलियों के खिलाफ ज्वाइंट ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। सर्चिंग के दौरान और भी नक्सलियों के शव मिलने की संभावना जताई गई है। जो नक्सली मारे गए हैं, फिलहाल उनके शवों की पहचान की जा रही है।

---

18 वर्ष की उम्र तक बच्चों को मासिक सहायता दी जाती है

## कोविड-19 के दौरान अनाथ हुए 4,500 से अधिक बच्चों पर पीएम केयर्स फंड से 346 करोड़ रुपए किए गए खर्च

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ हुए 4,500 से अधिक बच्चों के कल्याण के लिए पीएम केयर्स फंड से 346 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह जानकारी 2022-23 के लिए फंड के नवीनतम ऑडिटेड स्टेटमेंट से सामने आई है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह योजना 29 मई 2021 को लॉन्च की थी।

इसका उद्देश्य 11 मार्च 2020 से 5 मई 2023 के बीच अनाथ हुए बच्चों को सहायता प्रदान करना था। इस योजना का फोकस बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य के लिए आर्थिक मजबूती सुनिश्चित करना है।

बच्चों को 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है, पुनर्वास के लिए आवास और भोजन की सहायता



### बच्चों के लिए थी चुनौती

इस योजना का उद्देश्य ऐसे बच्चों को सहारा देकर उनका भविष्य उज्ज्वल बनाना है। कोविड-19 महामारी ने भारत समेत पूरी दुनिया को बुरी तरह प्रभावित किया। बच्चों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियां उनकी दिनचर्या का नुकसान, स्कूल न जा पाना और प्रियजनों को खोने का डर था। महामारी के कारण कई बच्चों ने अपने माता-पिता दोनों को खो दिया। वहीं इन बच्चों के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापक सहायता की घोषणा की और इनकी देखभाल और पुनर्वास के लिए पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना शुरू की।

### 18 वर्ष की उम्र तक बच्चों को मासिक सहायता

*योजना के तहत बच्चों को कई सुविधाएं दी जाती हैं। इनमें 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता, स्कूल और उच्च शिक्षा में प्रवेश, 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा, हर साल 20,000 रुपए की छात्रवृत्ति और पुनर्वास के लिए बोर्डिंग-लॉजिंग का इंतजाम शामिल हैं। 18 वर्ष की उम्र तक बच्चों को मासिक सहायता दी जाती है और 23 वर्ष की उम्र में 10 लाख रुपये एकमुश्त दिए जाते हैं। अधिकांश बच्चे महाराष्ट्र (855) से थे, इसके बाद उत्तर प्रदेश (467), मध्य प्रदेश (433), तमिलनाडु (426) और आंध्र प्रदेश (351) से थे।*

25 से 55 हजार रुपए हो सकता शुल्क

भारतीय वर्कर्स पर भी पड़ेगा असर

## ब्रिटेन में वर्क वीजा फीस में हो सकती है दोगुनी वृद्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन में नौकरी करने की सोच रहे भारतीयों के लिए जरूरी खबर है। ब्रिटिश सरकार ने इमिग्रेशन एप्लिकेशन के लिए फीस बढ़ाने की प्रस्ताव पेश किया है, जिसका असर नौकरी के लिए जाने वाले लोगों पर भी पड़ने वाला है। सरकार की तरफ से हो रहा सबसे बड़ा बदलाव 'सर्टिफिकेट ऑफ स्पॉन्सरशिप' फीस को दोगुना करना है। फिलहाल ये फीस 239 पाउंड (लगभग 25 हजार रुपए) है, जिसे बढ़ाकर 239 पाउंड (लगभग 55 हजार रुपए) किया जाना है। स्किल वर्कर रूट के रास्ते विदेशी स्किल वर्कर्स को स्पांसर करने वाली कंपनियों को इस बढ़ी हुई फीस का खर्च उठाना पड़ेगा। ब्रिटेन में जॉब करने वाले लोगों को इस सर्टिफिकेट की जरूरत पड़ती है। फिलहाल सरकार का प्रस्ताव ब्रिटिश संसद की मंजूरी का इंतजार कर रहा है।




### इमिग्रेशन बजट को सुधारने की जरूरत होगी

प्रस्ताव में तारीख नहीं बताई गई है कि इसे कब से लागू किया जाएगा, लेकिन ऐसा जल्द होने की उम्मीद है। सीओएस की फीस बढ़ने की वजह से विदेशी वर्कर्स को स्पांसर करने वाली कंपनियों को अब अपने इमिग्रेशन बजट को सुधारने की जरूरत होगी। ब्रिटेन की इमिग्रेशन फीस दुनियाभर में सबसे ज्यादा है। मौजूदा प्रस्ताव की वजह से कंपनियों ने विदेशी वर्कर्स को नौकरी पर रखना और भी ज्यादा महंगा हो जाएगा। इसका काफी ज्यादा असर भी देखने को मिल सकता है। इसमें सबसे प्रमुख ये है कि ब्रिटिश कंपनियों के लिए विदेशी वर्कर्स को नौकरी देना कठिन होगा, जिसका असर भारतीयों पर भी पड़ेगा।

# लोकमाता अहिल्या देवी की नगरी महेश्वर में होगी अगली कैबिनेट की बैठक

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने संदेश जारी कर दी जानकारी, कहा-लोकमाता अहिल्या देवी का नाम अजर-अमर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्ष 2025 मालवा की महारानी अहिल्या देवी का 300 वां जयंती वर्ष है। हमारी सरकार ने देवी अहिल्या माता की 300वीं जयंती मनाने का निर्णय लिया है। इस उपलक्ष्य में हम पूरे वर्ष अलग-अलग कार्यक्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की अगली बैठक मालवा की महारानी लोकमाता अहिल्या देवी को समर्पित की जाएगी। कैबिनेट की बैठक 24 जनवरी को लोकमाता की राजधानी रही धार्मिक नगरी महेश्वर में होगी। मुख्यमंत्री ने सोमवार को जारी संदेश में यह जानकारी दी। डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन धार्मिकता, त्याग और करुणा का प्रतीक था। वे न केवल एक कुशल शासिका थीं, बल्कि आदर्श नारी और माता भी थीं।

लोकमाता अहिल्या देवी के शासनकाल, उनकी कर्तव्य परायणता, धर्म परायणता, सुशासन, दानशीलता, धार्मिकता आदि गुणों से हमें सद्मार्ग और सुशासन के जरिए लोक-कल्याण की असीम ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। उनके व्यक्तित्व की आभा से पूरा समाज आज भी उन्हें अत्यंत श्रद्धा से देखता है।

### खास बातें

- लोकमाता अहिल्या देवी के शासनकाल, उनकी कर्तव्य परायणता, धर्म परायणता से मिलती है प्रेरणा
- लोकमाता ने महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए काम किया



### जनकल्याणकारी नई योजनाओं को मिलेगी मंजूरी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र की पावन धरा वह स्थान है, जहां रानी दुर्गावती, लोकमाता अहिल्या देवी, सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज जैसे प्रतापी एवं सुशासन लाने वाले शासक हुए हैं। इनके नाम और काम पर मप्र सदैव गौरवान्वित होता आया है। इस संदर्भ में महिला शासिका लोकमाता अहिल्या देवी का नाम भी अजर-अमर है। उनके नाम पर समर्पित कैबिनेट की बैठक में हम जनकल्याण से जुड़ी कई नवीन योजनाओं को मंजूरी देने जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की कि हम सब मालवा की लोकमाता अहिल्या देवी के पुण्य स्मरण में शामिल हों। वे स्वयं और सभी मंत्री मिलकर अहिल्या माता को समर्पित कैबिनेट की बैठक के लिए महेश्वर जाएंगे। यही लोकमाता को, उनके सद्कार्यों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।*

### लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन परिचय

लोकमाता देवी अहिल्याबाई भारत के इतिहास में एक महान शासिका, समाज सुधारक और धर्मपरायण नेत्री के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनका जीवन त्याग, नारी सशक्तिकरण, धर्म और न्याय के आदर्शों से प्रेरित है। देवी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में एक साधारण मराठा पाटिल परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम मनकोजी शिंदे था। उनका विवाह 1733 में श्री खंडेराव होल्कर से हुआ, जो मालवा के शासक मल्हारराव होल्कर के पुत्र थे। वर्ष 1754 में खंडेराव होल्कर की मृत्यु के बाद, अहिल्याबाई ने अपने जीवन को राज्य और प्रजा की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। मल्हारराव होल्कर की मृत्यु (1766) के बाद अहिल्याबाई ने इंदौर की गद्दी संभाली। उनका शासनकाल (1767-1795) न्यायप्रियता, कुशल प्रशासन, और समाज कल्याण के लिए जाना जाता है। देवी अहिल्याबाई ने महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए काम किया। उन्होंने शिक्षा और धर्म के माध्यम से समाज में एकता और सामंजस्य बढ़ाया। देवी अहिल्याबाई ने कुशल प्रशासन से अपने राज्य को एक सुव्यवस्थित और समृद्ध क्षेत्र बनाया था।

## मध्य प्रदेश में निवेश के अवसरों पर पुणे में इंटरएक्टिव सत्र आज

# औद्योगिक विकास और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने निवेशकों से संवाद करेंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का ग्लोबल इनवेस्टर समिट (जीआईएस) के लिए अगला रोड शो 22 जनवरी को पुणे में होने जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री मुंबई, कोयंबटूर और बैंगलुरु में उद्योगपतियों से मिलकर निवेश पर चर्चा कर चुके हैं। मप्र सरकार ने औद्योगिक विकास और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए पुणे में आयोजित इंटरेक्टिव सत्रों में निवेश पर उद्योगपतियों से सीधा संवाद होगा। इस दौरान टूरिज्म में निवेश पर विशेष तौर पर बल दिया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 22 जनवरी को पुणे में 'मप्र में निवेश के अवसर' पर आयोजित इंटरएक्टिव सत्र में निवेशकों और उद्योगपतियों से सीधा संवाद करेंगे। इससे पहले मुंबई, कोलकाता, बैंगलुरु और कोयंबटूर में आयोजित इंटरएक्टिव सत्रों में निवेशकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। इन शहरों में मुख्यमंत्री ने अपनी दूरदर्शी नीतियों और प्रदेश के निवेश-अनुकूल माहौल को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इससे मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं को नई दिशा मिली। पुणे का यह सत्र उसी श्रृंखला का हिस्सा है, जो राज्य को निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा।





### टूरिज्म में निवेश पर विशेष तौर पर जोर दिया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीईओ के साथ नेटवर्किंग डिनर में भाग लेंगे, जहां वे प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर व्यक्तिगत चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में उद्योग जगत की प्रतिष्ठित हस्तियां जैसे कि किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड के चेयरमैन संजय मप्र की सरल औद्योगिक नीतियों के संबंध में अपने अनुभव साझा करेंगे। यह सत्र न केवल मप्र के निवेश अवसरों को प्रदर्शित करेगा, बल्कि राज्य को उद्योगों के लिए एक अनुकूल स्थान के रूप में स्थापित करने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों की निरंतरता को दर्शाएगा। मुंबई, कोलकाता, बैंगलोर और कोयंबटूर में मिली सफलता के बाद पुणे का यह सत्र निवेशकों के लिए एक और सुनहरा अवसर साबित होगा।

### पुणे में यह अधिकारी देंगे अपनी प्रस्तुति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुणे में प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को संबोधित करेंगे। वे मप्र को औद्योगिक, पर्यटन, आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम के लिए एक आदर्श स्थान के रूप में प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर एक विशेष ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति होगी। इसमें राज्य के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह, पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे प्रस्तुति देंगे।

### कोयंबटूर से मिला है यह प्रस्ताव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोयंबटूर में 1200 से अधिक प्रतिनिधियों से चर्चा की। सेशन में 20 से अधिक स्थानीय औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की, जिसमें त्रिपुर एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन, द सदर्न इंडियन मिल्स एसोसिएशन, द साउथ इंडिया स्पिनर्स एसोसिएशन, इण्डियन कॉटन फेडरेशन, द सदर्न इंडिया इंजीनियरिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल, इण्डियन टेक्सप्रेनर्स फेडरेशन आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उद्यमियों के बीच हुए संवाद से प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों के लिए कुल 3500 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के रास्ते प्रशस्त हुए हैं।

### अब पुणे से बड़ी उम्मीदें

देश के बड़े शहरों में उद्यमियों से किए जा रहे मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संवाद का अगला पड़ाव पुणे होगा। वे पुणे में उद्योगपतियों से संवाद कर प्रदेश के औद्योगिक विकास से जुड़ने का आमंत्रण देंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान इस क्षेत्र के उद्योगपतियों को फरवरी में भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर समिट के लिए भी आमंत्रित करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि इस इंटरेक्टिव सेशन से भी बड़े निवेश प्रस्ताव मप्र की झोली में आएंगे।

### मुंबई में निवेश पर 75 हजार करोड़ का मिला था निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मुंबई में निवेशकों के साथ चर्चा में 41 उद्योग समूहों ने 75 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दिए हैं। इन निवेश प्रस्तावों के जरिए एक लाख रोजगार पैदा होंगे। मुंबई में हुए कार्यक्रम में रिलायंस के अनिल अंबानी, ग्रेसिम के एचके अग्रवाल सहित कई उद्योगपतियों ने निवेश पर चर्चा की गई है। जेएसडब्ल्यू के पार्थ जिंदल ने बैतूल, शहडोल और दमोह में 17 हजार करोड़, एलएंडटी ने इंदौर में 2000 करोड़, गोदरेज ने भिंड में 450 करोड़, योटा डेटा सर्विस ने इंदौर में 450 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दूसरे चरण का सर्वेक्षण हुआ शुरू

## योजना का लाभ लेने पात्र परिवार 31 मार्च तक जुड़वा सकते हैं नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे शुरू हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। योजना के तहत केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने योजना को आने वाले पांच वर्ष के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 शुरू किया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किए गए सर्वेयर सचिव, रोजगार सहायक करेंगे। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाइल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एनआईसी की ओर से निर्मित किया गया है। इस एप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल (https://pmayg.nic.in/infoapp.html) पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए समस्त जिले, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण गया है। सर्वे 31 मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा।




### बेघर और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को मिलेगा आवास

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शुरू की है। इसके तहत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्र सरकार ने ऐसे सभी लोगों से कहा है कि जिनके पास आवास नहीं हैं। इसके साथ ही साथ ऐसे व्यक्ति जिनके कच्चे मकान हैं, या फिर वे जीर्ण शीर्ण मकानों में किसी भी तरह से जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसे लोगों का आवास भी इस योजना के तहत बनाया जाएगा।

# मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने खो-खो महिला और पुरुष टीम को विश्व कप जीतने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय महिला और पुरूष टीमों को खो-खो का पहला विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खो-खो में भारत के खिलाड़ियों ने विजय प्राप्त कर तिरंगा लहराया है। आज पूरा देश खो-खो के सभी खिलाड़ियों की ऐतिहासिक उपलब्धि पर गौरवान्वित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दोनों टीमों के अद्वितीय कौशल, दृढ़ संकल्प और बेहतरीन टीम वर्क ने देश की नव प्रतिभाओं को पारंपरिक खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की प्रेरणा दी है।

## दो हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में ईडी कर रहा कार्रवाई

# कोर्ट ने पूर्व आबकारी मंत्री लखमा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दो हजार करोड़ रुपये के शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को कोर्ट में पेश किया। इस दौरान कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब चार फरवरी तक लखमा जेल में ही रहेंगे।

कोर्ट में अगली सुनवाई पांच फरवरी को होगी। इस दौरान मीडिया से चर्चा में लखमा ने कहा कि वे निर्दोष हैं। उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है। मुझे देश के कानून पर पूरा भरोसा है। परेशान जरूर होंगे पर जीत सत्य की होगी। करोड़ों रुपये मिलने के सवाल पर कहा कि एक फूटी कौड़ी तक नहीं मिली।



### जेल में रहकर भी आवाज उठाते रहेंगे: लखमा

उन्होंने कहा कि वे बस्तर के लोगों की आवाज उठाते रहेंगे, जल्द ही सच्चाई सबके सामने आएगी। जब तक जेल में रखेंगे, जब तक जनता की आवाज उठाते रहेंगे। राज्य सरकार ने बहुत परेशान किया है। बस्तर में सच बोलने वाले को मार दिया जाता है। राज्य सरकार आदिवासियों की आवाज दबा रही है। झूठे केस में फंसाया जाता है। नगरनार स्टील प्लांट को बेचने जा रहे हैं। अबूझमाड़ में सेना बैठा रहे हैं। इसकी आवाज उठाने पर डबल इंजन की सरकार जेल में डाल रही है। जो हो रहा है, वो गलत हो रहा है। छह-छह बार चुनाव जीता हूं। विधानसभा में मैंने सवाल उठाये हैं, घर पहुंचने से पहले ही ईडी आ गई। राजनीतिक साजिश के तहत बस्तर की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है, हम जब तक रहेंगे बस्तर की आवाज उठाते रहेंगे।

### बेटे हरीश से भी ईडी कर चुका पूछताछ

*ईडी ने लखमा को 15 जनवरी 2025 को गिरफ्तार किया था, लेकिन उससे पहले दो बार 8-8 घंटे तक उनसे पूछताछ की गई थी। लखमा के बेटे हरीश लखमा से भी ईडी ने पूछताछ की थी। ईडी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान वर्ष 2019-2022 तक लाइसेंसी शराब दुकानों में डुप्लिकेट होलोग्राम लगाकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब बेची गई थी। इस वजह से छत्तीसगढ़ के राजस्व विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ था। शराब को स्कैनिंग से बचाने के लिए नकली होलोग्राम भी लगाया जाता था, जिससे वह किसी की पकड़ में न आ सके। घोटाले में संलिप्त लोगों ने इस होलोग्राम को बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के नोएडा में होलोग्राफी का काम करने वाली प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को टेंडर दिया था। यह कंपनी होलोग्राम बनाने के लिए पात्र नहीं थी, फिर भी नियमों में संशोधन करके यह टेंडर कंपनी को दे दिया गया था।*

## गरियाबंद में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी भी जारी

# *अब तक 16 नक्सली ढेर होने की पुख्ता खबर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गरियाबंद में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में आधिकारिक तौर पर अब तक 16 नक्सली ढेर हो गए हैं। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता मिली। अभी भी मुठभेड़ जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या और भी बढ़ सकती है।

इससे पूर्व बीजापुर में सुरक्षा बलों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। रविवार सुबह से मंगलवार की सुबह तक रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में कुल एक हजार से अधिक जवानों ने 60 से अधिक नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है।

### मैनपुर थाना इलाके का मामला



यह मामला मैनपुर थाने इलाके का बताया जा रहा है। मुठभेड़ में सीआरपीएफ के कोबरा यूनिट का एक जवान भी घायल हुआ है, जिसे एयर लिफ्ट करके रायपुर लाया जा रहा है। इससे पहले रविवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर किए गए थे वहीं एक जवान भी घायल हुआ था। गरियाबंद मुठभेड़ में अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है।

### 2026 तक नक्सलवाद का खात्मा: सीएम

*छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से अब तक जारी मुठभेड़ में 10 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनकी बहादुरी को सलाम करता हूं। हमारी डबल इंजन की सरकार में निश्चित ही हमारा छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा।*

## पटना में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आयोजित

# विधायिका की उत्पादकता बढ़ाने में आधुनिक तकनीक बहुत उपयोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने विधानसभा के नवाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि मप्र विधान सभा प्रश्नों आदि की सूचनाएं सदस्यों से ऑनलाइन प्राप्त करने तथा विधानसभा आश्वासनों, प्रश्नों आदि को भेजने के साथ उनकी जानकारी शासन के विभागों से पेपरलेस रीति से प्राप्त करने में अग्रणी रही है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से विधानसभा की उत्पादकता में निरंतर वृद्धि हुई है।




### नई तकनीकों के लिए प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्थाएं की

*प्रमुख सचिव सिंह ने कहा कि अब लेस पेपर से पेपरलेस विधानसभा के लिए नेवा परियोजना का कार्यान्वयन अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में इसी वर्ष मानसून सत्र से शुरू हो जाएगा। इसके लिए सदन व सदन के बाहर विधान सभा सदस्यों, सचिवालय तथा शासन के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण केंद्र आदि व्यवस्थाएं तत्परता से की जा रही हैं। इसके लिए संसदीय कार्य मंत्रालय मप्र विधानसभा एवं शासन के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध के तहत कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सिंह ने कहा कि एआई जैसी आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग के संबंध में अध्ययन के लिए अधिकारी लोक सभा-राज्य सभा भी जाएंगे।*

### कई राज्यों के पदाधिकारी हुए शामिल

*अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन पटना में चल रहा है। इसमें कई राज्यों के पदाधिकारी शामिल हुए। यह भारत के विधायी निकायों के सचिवों का 61 वां सम्मेलन है। बिहार की राजधानी पटना में 20-21 जनवरी को आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के पूर्व इस सचिव सम्मेलन में लोकसभा व राज्यसभा के महासचिव तथा भारत के विभिन्न विधान मंडलों के प्रमुख सचिव व सचिव बड़ी संख्या में उपस्थित थे।*



### दुर्ग राजनांदगांव बॉर्डर के पास अंजोरा चौकी क्षेत्र का मामला

# चैकिंग के दौरान कार से एक करोड़ कैश बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगरीय निकाय चुनाव के एलान के बाद प्रदेश में आचार संहिता लागू हो गई है। इसी दौरान दुर्ग राजनांदगांव के बॉर्डर के पास अंजोरा चौकी क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक करोड़ रुपये कैश बरामद किया गया है। पुलिस ने कार की डिग्गी में एक बैग में बड़ी मात्रा में कैश बरामद किया। इससे संबंधित दस्तावेज कार चालक नहीं दिखा सके।

पुलिस ने कैश बरामद कर उसे जिला निर्वाचन आयोग दुर्ग के हवाले कर दिया है। इसकी सूचना इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को भी दे दी गई है। कार चालक चंद्रेश राठौर है, जो स्वराज ट्रैक्टर शोरुम का मालिक बताया जा रहा है। आचार संहिता के दौरान 10 लाख रुपये से अधिक कैश लेकर चलना गैरकानूनी है, इसलिए पुलिस ने कैश को इनकम टैक्स के हवाले किया है। एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि अंजोरा चौकी के पास पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान राजनांदगांव की ओर से दुर्ग आ रही स्कोडा कार को रोककर तलाशी लेने पर कार की डिग्गी में नोट से भरा बैग मिला है।





# डेयरडेविल्स ने मानव पिरामिड का बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

जबलपुर का कर्तव्य पथ पर नया कीर्तिमान

**हरिभूमि, जबलपुर।** विश्व में 'डेयरडेविल्स' के नाम से प्रसिद्ध मोटरसाइकिल राइडर डिस्प्ले टीम ने सबसे ऊंचा मानव पिरामिड बनाकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस टीम ने सिंगल ट्रेनिंग सेंटर में यह विश्व रिकॉर्ड बनाया। भारतीय सेना की सबसे पुरानी राइडर टीम ने एक नया विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दुनियाभर में 'डेयरडेविल्स' के नाम से मशहूर मोटरसाइकिल राइडर डिस्प्ले टीम ने सबसे ऊंचा मानव पिरामिड बनाकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इन जांबाजों ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर ये कारनाम किया है। आने वाली 26 जनवरी को देशभर के लोग एक बार फिर से डेयरडेविल्स का साहसिक प्रदर्शन देख पाएंगे। ये टीम अपनी सारी एक्टिविटी एकमात्र सिंगल ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर में करती है।

### 7 मोटरसाइकिलों पर 40 लोग

डेयरडेविल्स' मोटरसाइकिल राइडर डिस्प्ले टीम ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर चलती मोटरसाइकिलों पर सबसे ऊंचे मानव पिरामिड का विश्व रिकॉर्ड बनाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 20.4 फीट ऊंचे पिरामिड का निर्माण 7 मोटरसाइकिलों पर 40 लोगों द्वारा किया गया, जिसने विजय चौक से इंडिया गेट तक 2 किमी की दूरी तय की। इस प्रदर्शन का नेतृत्व कैप्टन आशीष राणा और कैप्टन डिंपल सिंह भाटी ने किया।

### हो गए 33 विश्व रिकॉर्ड

डेयरडेविल्स टीम की स्थापना साल 1935 में हुई थी। इसकी सारी एक्टिविटी 1 सिंगल ट्रेनिंग सेंटर मध्यप्रदेश के जबलपुर में की जाती है। स्थापना के बाद से टीम ने 1,600 से ज्यादा मोटरसाइकिल प्रदर्शन किए हैं। डेयरडेविल्स टीम गणतंत्र दिवस परेड, आर्मी डे परेड, मिलिट्री टैटू जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों में अपने शौर्य का प्रदर्शन दिखा चुकी है। गत दिवस को शानदार प्रदर्शन के नये रिकॉर्ड के साथ अब टीम के पास 33 विश्व रिकॉर्ड हो गए हैं। इनमें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकाड्र्स, लिम्का बुक ऑफ रिकाड्र्स आदि शामिल हैं।

# शिक्षक पात्रता व शिक्षक चयन परीक्षा के विवाद पर हाई कोर्ट सख्त

सरकार को जवाब पेश करने एक सप्ताह की मोहलत, ऐसा न होने पर 10 हजार जुर्माना लगाने की दी चेतावनी

**उच्च माध्यमिक शिक्षक पद पर भर्ती पूर्ण होने से पूर्व भर्ती नियम में परिवर्तन किए जाने को चुनौती का मामला**

जबलपुर।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने शिक्षक पात्रता व शिक्षक चयन परीक्षा के विवाद पर सख्ती बरती है। राज्य शासन की ओर से किए गए निवेदन पर पूर्व में जारी नोटिस का जवाब पेश करने एक सप्ताह की मोहलत दे दी है। हालांकि इसके साथ ही यह चेतावनी भी दी है कि यदि एक सप्ताह में जवाब पेश नहीं किया गया तो 10 हजार का जुर्माना लगा देंगे। फिर जुर्माने के साथ जवाब पेश करना होगा। इस निर्देश के साथ ही अगली सुनवाई 17 फरवरी को निर्धारित कर दी गई है। यह मामला उच्च माध्यमिक शिक्षक पद पर भर्ती पूर्ण होने से पूर्व भर्ती नियम में परिवर्तन किए जाने को चुनौती से संबंधित है।



याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी लोचन सिंह विश्वकर्मा, मंदसौर निवासी श्याम लाल रविदास व वीरेंद्र कुमार पाटीदार, बुरहानपुर निवासी अश्विनी महाजन सहित कई अभ्यर्थियों की ओर से दलील दी गई कि शिक्षक पात्रता परीक्षा-2018 के द्वारा शिक्षा विभाग के लगभग 17 हजार और जनजाति विभाग के लगभग दो हजार पदों पर उच्च माध्यमिक शिक्षक की भर्ती किया जाना था। सरकार द्वारा लगभग आठ हजार पदों पर ही नियुक्ति की गई। इसके बाद दिसंबर, 2022 में भर्ती नियमों में संशोधन किया गया। जिसके अनुसार शिक्षक पात्रता परीक्षा पास हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पाने के लिए शिक्षक चयन परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया। नियमों में संशोधन को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि एक ही पात्रता परीक्षा में अनेक अभ्यर्थियों की नियुक्ति करने के बाद सरकार ने नियम को बदला है जिसकी वजह से एक ही समान स्थिति के लोगों के साथ सरकार भेदभाव कर रही है। हजारों पद रिक्त पड़े हैं, लेकिन सरकार शिक्षक चयन परीक्षा का आयोजन कर रही है।

# एमबीबीएस छात्र को बीच सत्र में कोर्स से अलग क्यों किया

**-हाई कोर्ट ने मेडिकल विवि के रजिस्ट्रार सहित अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब**

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी व न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने एमबीबीएस छात्र को बीच सत्र में कोर्स से अलग किए जाने के रवैये को चुनौती पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के रजिस्ट्रार, संचालक चिकित्सा शिक्षा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज, जबलपुर के अधिष्ठाता को नोटिस जारी किए गए हैं। याचिकाकर्ता मेडिकल कालेज, जबलपुर में अध्ययनरत एमबीबीएस छात्र शोएब खान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने एमबीबीएस के प्रथम वर्ष के एनाटामी व फिजियोलाजी विषय में चौथे अटेम्प्ट में उत्तीर्ण नहीं किया, इसलिए उसे कोर्स से अलग कर दिया गया। दलील दी गई कि मेडिकल विवि ने 23 फरवरी, 2024 को एक अधिसूचना जारी कर कंपीटेंसी बेस्ड मेडिकल एजुकेशन अधिनियम में संशोधन किया। इसके जरिए दो विषयों के संयुक्त ग्रुप में कुल 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य कर दिया। कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2019 एवं 2020 सत्र के विद्यार्थियों के लिए उक्त नियम नहीं था। इसके अलावा उन्हें पांचवें अटेम्प्ट का लाभ भी दिया गया। याचिकाकर्ता गंभीर रूप से बीमार है, इसलिए वह ठीक से पढ़ाई नहीं कर पाया।



# यूनिपोल होर्डिंग जांच हेतु नई समिति गठित होगी

**हादसे में मृतक के परिजनों को रेडक्रास से 50 हजार का मुआवजा**

जबलपुर। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने चर्चा के दौरान घोषणा की, कि यूनिपोल, होर्डिंग के जांच हेतु 24 घंटों के भीतर नई समिति का गठन किया जायेगा, तथा इस समिति को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देंगे। समिति में इंजी.कमलेश श्रीवास्तव को शामिल किया जाएगा।

उन्होंने कलेक्टर दीपक सक्सेना को दूरभाष पर बताया कि 18 जनवरी को यूनिपोल के हादसे में फैक्ट्री कर्मचारी की गई मौत के कारण उनका परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। अतः उन्हें तत्काल मदद करना जरुरी है। कलेक्टर से विचार विमर्श के बाद महापौर ने घोषणा की मृतक के परिवार को रेडक्रास के माध्यम से तत्काल 50 हजार रुपयों की राशि प्रदान की जाएगी। महापौर ने तदानुसार अधिनस्तों को कार्रवाई के निर्देश जारी किए। इसके पूर्व में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन तथा महिला समिति के प्रतिनिधियों ने महापौर से उनके निवास स्थान पर मुलाकात कर चर्चा की। डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि 3 जुलाई 2024 को जांच समिति का गठन किया गया था, जिसमें नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत समस्त वैध, अवैध यूनिपोल होर्डिंग को चिन्हित कर जांच करने के आदेश दिए गए थे। समिति के अधिक्षण यंत्री अजय शर्मा 30 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गए थे, लेकिन उनके जगह किसी की भी नियुक्ति नहीं की गई थी। समिति की रिपोर्ट तथा उस पर की गई कार्रवाई बावद जानकारी न तो महापौर न ही सदन को सूचित की गई। समिति की बैठक हुई लेकिन रिपोर्ट फाईलों में दबा दी गई। महापौर से चर्चा में एड. वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, विनायक राव सोरते तथा आर के सिंह भी शामिल थे।

# कांग्रेसी दिग्गजों का आज शहर में जमावड़ा

## जीतू, सिंघार, यादव, कटारे आ रहे

**जबलपुर।** आगामी 27 जनवरी को महू से प्रारंभ होने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संविधान न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरु कर दी है। पिछले दिनों ग्रामीण कांग्रेस के प्रभारी विधायक रजनी सिंह और शहर के प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने यहां ब्लॉक स्तर पर बैठक ली और रैली को लेकर दिशा निर्देश दिए। आज बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और मप्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे का जबलपुर आगमन हो रहा हैं। ये नेतागण यहां सुबह 10 बजे कांग्रेस सर्किट हाउस नंबर 1 में कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेंगे और कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। दरअसल यह नेता मंडला बिछिया में विधायक नारायण सिंह पट्टा द्वारा आयोजित किसान न्याय यात्रा में शामिल होने आ रहे है। इसी बहाने जबलपुर में महु में आयोजित राहुल गांधी की रैली व शहर की राजनीति पर भी लगे हाथ चर्चा करेंगे। कांग्रेसी दिग्गजों के जमावड़े को लेकर जहां कांग्रेस उत्साहित है वहीं प्रशासन और एलआईव्ही अलर्ट मोड पर है बताया गया है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव मंगलवार को ट्रेन से जबलपुर पहुंच गए। वहीं पटवारी, सिंघार और कटारे बुधवार को फ्लाईट से जबलपुर आ रहे है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने सभी कांग्रेसजनों से सुबह 10 बजे सभी से सर्किट हाउस पहुंचने का आग्रह किया है।

# हाई कोर्ट ने कानफोडू डीजे पर प्रतिबंध की मांग पर मांगा जवाब

**राज्य शासन, गृह सचिव व डीजीपी सहित अन्य को नोटिस**

जबलपुर।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने कानफोडू डीजे पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग संबंधी जनहित याचिका पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में राज्य शासन, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, एसपी व कलेक्टर जबलपुर सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को नियत की गई है।

जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा। उन्होंने दलील दी कि शादी-समारोह और



धार्मिक आयोजनों में अत्यधिक तेज आवाज में बजने वाले डीजे न केवल मनुष्य स्वास्थ्य के लिए बल्कि सामाजिक समरसता के लिए भी घातक हैं। इनकी वजह से कई बार विवाद की स्थितियां बन चुकी हैं। सामाजिक व सांप्रदायिक सौमनस्य बिगड़ चुका है। वर्तमान कानून डीजे की अराजकता पर अंकुश लगाने की दृष्टि से नाकाफी है। ऐसे प्रविधान नहीं हैं, जिनका उपयोग कर प्रतिबंध सुनिश्चित किया जा सके। इसका फायदा उठाकर तेज आवाज में डीजे बजाए जाते हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत आवासीय क्षेत्रों में 55 डेसीबल दिन के समय और रात्रि में 45 डेसीबल आवाज का मानक निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद 70 और उससे कहीं अधिक तेज आवाज में डीजे बजाकर लोगों के कान फोड़ने का रवैया अपनाया जाता है। अधिवक्ता गुप्ता ने बंद कोर्ट रूम में अनुमति लेकर 70 डेसीबल की आवाज सुनाई। साथ ही डीजे को पूरी तरह प्रतिबंधित करने और किसी के पास यह पाए जाने पर जब्त किए जाने की कार्रवाई पर बल दिया। हाई कोर्ट ने प्रदर्शित की गई तेज आवाज को सुनने के साथ ही कोर्ट इसके भंयकर दुष्प्रभाव को भली-भांति समझ गई। साथ ही राज्य शासन सहित अन्य को निर्देश दे दिए कि जनहित याचिका में उठाए गए सवालों का पैरा वाइज जवाब प्रस्तुत किया जाए।



# सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें: कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर पक सक्सेना की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में उन्होंने सभी अनुभागवार तथा तहसीलवार सीएम हेल्पलाईन के निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली गई। साथ ही कहा कि जिन विभागों के सीएम हेल्प लाइन में बी,सी और डी ग्रेडिंग है, उन सभी अधिकारियों की प्रतिदिन शाम 5 बजे बैठक की जायेगी। उन्होंने कहा कि आगामी 3 फरवरी को आयोजित समाधान ऑनलाइन के पहले सभी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। सीएम हेल्प लाइन में प्रकरणों के नॉन अटेंडेंट होने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री सक्सेना ने निर्देश दिये कि सभी विभाग प्रकरणों की गंभीरता को समझें और उनके निराकरण की दिशा में कार्य करें।

# धान उपार्जन के अंतिम दो दिन नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में होगी खरीदी

**जबलपुर।** समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के आखिरी दो दिन 22 और 23 जनवरी को कलेक्टर दीपक सक्सेना ने प्रत्येक खरीदी केंद्र पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी दोनों दिन खरीदी केंद्र पर मौजूद रहकर सुनिश्चित करेंगे कि वास्तविक किसानों से ही धान का उपार्जन हो और एफएक्यू धान ही खरीदी जाये।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने खरीदी केन्द्रवार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति आखिरी दिनों में किसानों के नाम पर व्यापारियों या बिचौलियों द्वारा उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ उठाये जाने की आशंका के मद्देनजर की है। उन्होंने नोडल अधिकारियों के स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि उपार्जन के अंतिम दिनों खरीदी केंद्रों पर पूरे समय मौजूद रहें और अपने सामने वास्तविक किसानों से एफएक्यू धान की खरीदी सुनिश्चित करायें। नोडल अधिकारियों को आखिरी दिनों में खरीदी गई धान का



ब्यौरा निर्धारित प्रारूप में कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा को देने के निर्देश भी दिये गये हैं।

किसी भी प्रकार की कठिनाई की स्थिति में तुरंत कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा अथवा संबंधित क्षेत्र एसडीएम, तहसीलदार या क्षेत्र के कनिष्ठ आपूर्ति नियंत्रक से संपर्क करने की सलाह भी नोडल अधिकारियों को दी गई है। ज्ञात हो कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की अंतिम तारीख 23 जनवरी है।

# सीलिंग की जमीन बेच कर हड़पे चार लाख

## 11 सालों से पीड़ित को नहीं मिला पैसा वापस, एसपी को शिकायत कर फिर लगाई गुहार

**जबलपुर।** शहर में जमीन की जालसाजी के मामले थम नहीं रहे हैं। जमीन की खरीद-फरोख्त की आड़ में सीधे-साधे लोगों से रकम ऐंठने का सिलसिला जारी है। कुछ ऐसा ही मामला है। 2013 में पीड़ति को सीलिंग की जमीन दिखाकर 4 लाख रुपए लिए और उसके बाद न जमीन मिली और न ही पैसा वापस मिला। बीते 11 सालों से पीड़ति को कई बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। एसपी कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दी गई शिकायत के अनुसार, किलकारी गार्डन ठक्करग्राम में रहने वाले मुख्तार अंसारी ने अंसार नगर चोपड़ा निवासी मोहम्मद तैय्यूब मुन्ना से 2013 में 1650 जमीन का सौदा किया था। 14 अप्रैल 2013 को तीन गवाहों के समक्ष मौजा खजरी नं.बं. 569, पटवारी हल्का नं. 24, रा.नि.मं. महाराजपुर विकासखण्ड पनागर तहसील पनागर जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 42/4 रकवा 0.180 हे. भूमि से प्लाट नम्बर 18 जिसका रकवा 1650 वर्गफुट है, का सौदा 350 वर्गफुट के हिसाब से किया गया था। जिसकी कुल रकम 5,77,500 रूपये तय र क्रेता मुख्तार अहमद द्वारा 14 अप्रैल 2013 को 4,00,000/- चार लाख रूपये गवाहों के समक्ष मोहम्मद तैय्यूब को दिया गया था। बाकी शेष राशि 1,77,500 रूपये तीन माह के अंदर चुकाने का इकरार हुआ।

# पं. नारायण गुरु उस्ताद अखाड़ा खलीफा गनेश जायसवाल स्मृति अलंकरण से सम्मानित

**जबलपुर।** "निरंतर व्यायाम हमारे शरीर के सभी अंगों को स्वस्थ व मजबूत बनाता है और यदि हम स्वस्थ हैं तो जीवन उपलब्धियों और सुख, शांति से भर जाता है।" उक्त विचार गुंजन कला सदन एवं पीएमजी शिक्षा समिति के तत्वावधान में जबलपुर के गौरव पुत्र खलीफा गनेश जायसवाल स्मृति अलंकरण सम्मान समारोह में मुल्तानी व्यायाम शाला द्वारा शहीद स्मारक मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्जवलन के साथ खलीफा गनेश जायसवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पं. नित्यनिरंजन खंपरिया, मेजर जनरल एन राउत, डॉ. आनंद तिवारी ने मंगलभाव व्यक्त किए। खलीफा सुनील पटेल, तजिंदर सिंह



टीटू ने उपस्थित अतिथियों, पहलवानों, गोविंद बावरिया अधिवक्ता, शंकरलाल पासी, जमुना प्रसाद खलीफा, रामेश पहलवान, बाबूलाल, मुरारी पहलवान, राकेश कुरील को साफा बांधा तथा विजय जायसवाल, प्रतुल श्रीवास्तव, मोती शिवहरे ने मोतियों की माला से सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात पं. नारायण गुरु उस्ताद अखाड़ा सदर को ख. गनेश जायसवाल स्मृति अलुंकरण सम्मान भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मन्नू पहलवान, एड. हीरा पहलवान, सुनील कुमार पटेल, तजिन्दर सिंह टीटू, गोलू खलीफा, विकास कनोजिया, बिल्लू यादव, भोला बाथम, दीपक यादव सहित अनेक व्यायाम शालाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### टक्कर लगने पर बदमाश ने चाकू मारी, देर रात गोहलपुर थाने का घेराव

# परिवार के साथ लौट रहे ई-रिक्शा चालक की हत्या

हरिभूमि जबलपुर।







गोहलपुर थाना अंतर्गत अमखेरा रोड पर सोमवार की देर रात एक ई रिक्शा की टक्कर लगने से बाइक सवार बदमाशों ने ई-रिक्शा चालक पर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गए। इस वारदात में ई रिक्शा चालक की मौत हो गई, देर रात मृतक के परिजनो ने गोहलपुर थाने के सामने चकाजाम व प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि दमोहनाका के आसपास और गोहलपुर बड़ा कुआं, चार खंबा क्षेत्र में रात भर होटलें और चाय पान की दुकानें खुली रहती है जहां शराबखोरों का जमावड़ा लगा रहता है। रात बे रात निकलने वालों को इन शराबखोर बदमाशों से भय बना रहता है यह घटना भी इसी का एक परिणाम है। नए साल के पहले महीनें में 21 दिनों के अंदर हत्या की यह चौथी वारदात है।

घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोहलपुर निवासी 28 वर्षीय मकबूल उर्फ टिंगू अंसारी सोमवार की रात अपने ई रिक्शा में अपनी पत्नी और बच्चें के साथ सुसराल से घर वापस आ रहा था, तभी रास्ते में अमखेरा रोड पर उसका ई रिक्शा एक बाईक से टकरा गया। इस हादसे में बाइक सवारों ने उसके साथ गालीगलौज की और बाईक के नुकसान होने पर हरजाना मांगा। उसने कहा कि पैसे नहीं तो बाईक सवार अज्ञातों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक के परिजनों और क्षेत्रीय जनों ने गोहलपुर थाना क्षेत्रों में बढ़ रहे अपराधों के खिलाफ बेहद आक्रोशित होकर प्रदर्शन किया। घंटो तक चकाजाम रहा। देर रात जैसे ही यह खबर फैली तो वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित जनों को शांत कराया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक को गंभीर माहौल में पुलिस सुरक्षा के बीच मंडी मदार टेकरी में सुपुर्द ए खाक किया गया। ऐहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात रहा। गोहलपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।

**रात भर खुली रहती है होटलें**

क्षेत्रीय नागरिकों का आरोप है कि गोहलपुर, चारखंभा, क्षेत्रीय बस स्टेंड दमोहनाका रात 12 बजे के बाद तक शराब दुकानें और भोजनालय, चाय पान की दुकानें खुली रहती है जहां अपराधिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। शराब खोरी होनेके कारण वहां आमआदमी की निकलना दूभर होता है। गोहलपुर पुलिस रात्रि गश्त में भी इन दुकानों को बंद नहीं कराती। कई बार शिकायत करने के बाद भी पुलिस एक्शन नहीं लेती, दो तीन दिन की सख्ती के बाद हालत ढाक के तीन पात हो जाते है।

### 11 जनवरी को मिली थी फोन पर जान से मारने की धमकी

# किसान संघ नेता पर जानलेवा हमला, गाड़ी में भी की तोड़फोड़

हरिभूमि जबलपुर।

भारतीय किसान संघ के जिला युवा वाहिनी प्रमुख व युवा किसान उद्यमी यश गोटियां पर गत रात्रि 9:30 बजे के करीब हमला हुआ है। यश गोटियां अपनी पत्नी प्राची गोटियां के साथ अपनी ब्रिजा कार एमपी 20 सीएफ 8184 से ससुराल पाटन जा रहे थे। तभी 4 से 5 नकाबपोश हमलावरों ने शहपुरा से पाटन जाने वाले मार्ग पर बने ओवर ब्रिज के ऊपर नेशनल हाइवे पर गाड़ी रोककर तोड़फोड़ व मारपीट की है। हमलावर पुलिस को रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए दहशत फैलाते हुए भाग गए। इस संबंध में श्री गोटियां ने शहपुरा थाने पहुंचकर आशुतोष पांडे व अनुराग आचार्य के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस घटना से श्री गोटियां का परिवार दहशत में हैं।

श्री गोटियां के परिजनों ने बताया कि इससे पूर्व भी यश गोटियां को 11 जनवरी को फोन पर मराठी व हिन्दी भाषा में पैसों की मांग व जान से मारने की धमकी मिली थी। जिसकी लिखित शिकायत जबलपुर लॉर्डगंज थाने में की गई थी। शिकायत में श्री गोटियां ने पुलिस से अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा की मांग भी की थी। शिकायत में पुणे निवासी अनुराग आचार्य व जबलपुर निवासी आशुतोष पांडे पर शक जताया था।

**संघ के किसान नेता पुत्र है यश**



यश गोटियां के पिता विजय गोटियां संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक हैं व भारतीय किसान संघ के दो बार महाकौशल प्रांत अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में श्री गोटियां किसान संघ में प्रांत कोषाध्यक्ष के दायित्व पर हैं। यश गोटियां भी भारतीय किसान संघ की जबलपुर जिला इकाई के जिला युवा वाहिनी प्रमुख पद पर हैं।

**हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग**

भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने भारतीय किसान संघ की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पुलिस को शिकायत देने के बाद भी कार्यवाही नहीं की जाना गंभीर बात है। पुलिस की इस कार्यप्रणाली से प्रदेश की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं। श्री पटेल ने मुख्यमंत्री व पुलिस अधीक्षक से शीघ्र कार्यवाही के निर्देश देने के साथ परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने व हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग रखी।



# मनोवैज्ञानिक मार्गदर्शन- परामर्श केन्द्र का उद्घाटन

**जबलपुर।** मनोवैज्ञानिक परीक्षण एवं मूल्यांकन एवं विषय चयन, करियर सम्बन्धी समस्याओं और विभिन्न प्रकार के मनोवैज्ञानिक मार्गदर्शन के लिए शहर के मध्य सिविल लाइन्स में अत्याधुनिक सुविधायुक्त मनोवैज्ञानिक मार्गदर्शन- परामर्श केन्द्र का उद्घाटन कैंट विधानसभा के विधायक अशोक रोहाणी ने भारतीय परम्परानुसार फीता अनफोल्ड करके किया। उद्घाटन समारोह में पूर्व महापौर एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू, सुन्दर अग्रवाल के साथ शिक्षा जगत के प्रसिद्ध विद्वान डॉ. अल्केश चतुर्वेदी, डॉ. अरुण शुक्ल, डॉ. रश्मि टंडन मिश्रा, डॉ. प्रभा पुरवार, डॉ. मलय वर्मा, डॉ. प्रतिभा कुमार, डॉ. रितु रानी, डॉ. ममता बर्मन, डॉ. तृप्ति उकास, प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. किरण जैन और प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ. स्मिता जैन एवं बिपन कुमार के साथ नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। केन्द्र के निदेशक डॉ. सुमित पासी ने बताया कि केन्द्र कि स्थापना का प्रमुख उद्देश्य शैक्षिक, करियर और मानसिक समस्याओं तथा कोरोना महामारी के पश्चात उपजी विभिन्न संवेगात्मक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं की पहचान और निदान करना है।

# टीम गोल्डन चैलेंजर जीत के साथ अगले दौर में

**जबलपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसो. द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच से पूर्व अतिथि मनीष तिवारी सदस्य राज्य अधिवक्ता परिषद् जबलपुर के द्वारा मैच का टास कराया गया जिसके पश्चात टीम ब्लैक ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाए, जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुये टीम गोल्डन चैलेंजर ने 15.5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 7 विकेट से मैच जीता, टीम गोल्डन चैलेंजर की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दुर्गेश पाण्डेय ने 04 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिये एवं टीम ब्लैक की ओर से द्वितीय रनरअप के रूप में अच्छा प्रदर्शन करते हुए मनीष मिश्रा ने अपनी टीम के लिए 41 बॉलों पर 06 चौके की मदद से 50 रन बनाए, इस प्रकार टीम गोल्डन चैलेंजर ने 7 विकेट से मैच जीता। मनीष मिश्रा अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

दोनों मैचों में कॉमेन्ट्री क्रमशः मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर के पुस्तकालय सचिव रजनीश उपाध्याय एवं अधिवक्ता तरूण रोहितास के द्वारा की गई। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेन्द्र यादव, कार्यकारणी सदस्यगण रवीन्द्र दत्त, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा (सीपू), दुर्गेश मनाना एवं अधिवक्ता अरूण मिश्रा, संजीव पाण्डेय, घनश्याम तिवारी, संजय यादव, आदित्य राजू मलैया, सोमी चौरसिया, ओमती कोहली, रोहित पटेल, रामलला शुक्ला आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### छात्राओं को वन एवं वन्य जीव के बारे में बताया

# सिहोरा वन परिक्षेत्र का हरगढ बीट में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।



मैं भी बाघ एवं हम है बदलाव थीम पर स्कूली विधार्थियों को वन,वन्यजीवों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किए जाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा आयोजित प्रशिक्षण,प्रचार सह-जागरूकता शिविर अंतर्गत ऋषि मिश्र वनमण्डल अधिकारी के निर्देशन,मानिक लाल वरकड़े उप वनमंडल अधिकारी सिहोरा के कुशल मार्गदर्शन में गत दिवस वन परिक्षेत्र सिहोरा में प्रथम अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन बीट सरदा के कक्ष क्रमांक पी.एफ.44 हरगढ़ में किया गया शिविर में जगन्नाथ दास पटेल, परिक्षेत्र अधिकारी सिहोरा, इंद्रकुमार बडगैया, अरूण साहू सहित वन परिक्षेत्र का स्टाफ उपस्थित रहा। इसमें यशोदा बाई कन्या शाला की 126 छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया।

समस्त विद्यार्थियों को विभाग द्वारा कैप,बाघ स्टीकर,स्टेशनरी पाउच,हार्ड बोर्ड एवं अनुभूति पत्रिका का वितरण किया गया तत्पश्चात प्रेरक तन्मय ठाकुर वनरक्षक द्वारा अनुभूति थीम मैं भी बाघ" एवं "हम है बदलाव की जानकारी दी गई। प्रकृति पथ भ्रमण के दौरान छात्राओं को पारिस्थितिक तंत्र में वन वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण के महत्व विभिन्न जीव जंतुओं के मध्य पारस्परिक संबंध भू जल, वन प्राणियों का संरक्षण, बाघ गणना आदि को समझाया गया।

इसके साथ ही विभिन्न पक्षियों को देखा गया एवं पहचान की गई, वृक्षों की पहचान,महुआ एकत्रित करने हेतु पुराने कपड़े का उपयोग करने की विधि, वन्यप्राणीयों की विष्ठा की पहचान,वन्यजीव एवं उनके अन्य साक्ष्यों की पहचान,दीमक की बामी, लाइफ मिशन के तहत पर्यावरण के संरक्षण में अपने दैनिक कार्यों की आदतों में छोटे छोटे बदलाव कर हम सभी के कर्तव्य के महत्व को बहुत सरल तरीके से विद्यार्थियों को समझाया। इसके अलावा जंगल की अदालत नुक्कड़ नाटक आदि करवाए गए।

प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों समूह को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में वन परिक्षेत्र अधिकारी सिहोरा द्वारा थीम के अर्थ को समझाते हुए जीवन में किए जाने वाले छोटे छोटे बदलाव को बताया एवं पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु अनुभूति की शपथ दिलाई गई।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नवनिर्मित मंदिर में हुई हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा

**जबलपुर।** अयोध्या में श्री राम मंदिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के निकट, न्यू नर्मदा नगर गोहलपुर चितरंजन वार्ड में श्री सिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान जी महाराज के नवनिर्मित मंदिर में तीन दिवसीय कार्यक्रम में विधिवत तरीके से आचार्य पं. उत्तम दुबे द्वारा पीठों की रचना, अखंड रामायण पाठ मूर्ति संस्कार व मूर्ति शक्ति धारण यज्ञ के पश्चात भगवान शिव एवं हनुमान जी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। आज अखंड रामायण के समापन के पश्चात भगवान शिव और हनुमान जी महाराज का पूजन कर भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विनोद गुप्ता, अजय सोनी, हेमंत कोष्टा, आनंद रजक, बसंत कोष्टा, नीरज सोनी, मुकेश कुमार सेन, वी.पी. वर्मा, गणेश गुप्ता, आर.पी. पटेल, एडवोकेट भूपेंद्र कोष्टा, एडवोकेट धनंजय चतुर्वेदी, रामपाल साहू, पंकज गुप्ता, रामसुशील गुप्ता, शुभम सोनी, कुंज बिहारी गुप्ता, सुरेश विश्वकर्मा, दिपेन्द्र पटेल, दीप नारायण तिवारी सहित समस्त न्यू नर्मदा नगर निवासियों ने पूजन कार्यक्रम में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

## रिटायर्ड शिक्षक के घर ताला तोड़कर जेवर व नगदी चोरी

**जबलपुर।** कुण्डम थाना अतंर्गत मझगवां रोड ग्राम बघराजी कुण्डम में एक रिटायर्ड शिक्षक के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोन चांदी के जेवर और नगदी चोरी कर ले गए। कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मझगवां रोड ग्राम बघराजी कुण्डम निवासी 64 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक बैजनाथ विश्वकर्मा गत 17 जनवरी को 11 बजे अपनी पत्नी किरण विश्वकर्मा के साथ जबलपुर में रिश्तेदार के घर शादी के कार्यक्रम में गया था। दोपहर लगभग 1 बजे उसे पड़ोसी ने फोन पर सूचना दी कि घर के पीछे के दरवाजे से गाय घुसी जिसे वह भगाने गया तो घर के पीछे का दरवाजा खुला था। सूचना पाकर वह घर पहुंचा तो देखा कि घर के पीछे का दरवाजे का ताला टूटा था। घर के अंदर रखी तीन अलमारियों के लॉकर टूटे थे। अलमारी में रखे सोने चांदी के छोटे बड़े जेवरात मंगलसूत्र, रानीहार, अंगूठी, पायल तथा नगदी रुपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

**कुलगुरु को हटाने सी.एम. हेल्पलाईन में शिकायत का लिया निर्णय**

## कर्मचारियों ने राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मृत्यु

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के जागरूक कर्मचारियों द्वारा आज 22वें दिन भी अनशन जारी रखा गया। वि.वि. प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण आज दिनांक तक पेंशन कार्यालय भोपाल नहीं भेजे गये हैं, 70 कर्मचारियों के प्रकरण पर भी वि.वि. प्रशासन मौन है। 2008 में नियमित किये गये कर्मचारियों की वरिष्ठता हनन होने से भी लगभग 200 कर्मचारियों के हितों पर कुठारघात किया गया है। अनुकंपा नियुक्ति पर भी यथोचित कार्यवाही नहीं किये जाने से आश्रित दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं। न्यायालीन प्रकरणों को भी प्रशासन धता बता रहा है। इसके अतिरिक्त वि.वि. के आधे कर्मचारियों को श्रमसाध्य भत्ता प्रदान कर दिया गया है, किन्तु आधे कर्मचारियों को कुलगुरू के अड़ियल रवैये के कारण भुगतान नहीं हो पाने के कारण तथा महिला अधिकारी के प्रकरण पर भी ठोस कदम नहीं उठाने के कारण कर्मचारियों ने एक मतेन निर्णय लेकर 21/01/2025 को कुलगुरू डॉ. राजेश कुमार वर्मा को पद से हटाने हेतु महामहिम राष्ट्रपति महोदया, भारत सरकार से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। आज के धरना प्रदर्शन में बंशबहोर पटेल, पूर्व प्रांताध्याक्ष/ अध्यक्ष, बैसाखू, पूर्व अध्यक्ष, श्रीष दुबे, पूर्व अध्यक्ष, संजय यादव, पूर्व महासचिव, मनीष पाण्डेय, पूर्व महासचिव, रामसजीवन सौंधिया, पूर्व उपाध्यक्ष, अंकित श्रीवास इत्यादि ने धरना प्रदर्शन को संबोधित किया।

# पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ की कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 11 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 94 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 11 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 9 ईगैरम्यादी, 37 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 9 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 36 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 14 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये।

# मारपीट की वारदातों में आधा दर्जन घायल



**जबलपुर।** रांझी और पनागर थाना अंतर्गत मारपीट की तीन वारदातें सामने आई हैं। बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर और पुरानी रंजिश पर लोहे की पट्टी और बका से हमला कर एक युवक के घर में घुसकर तोड़फोड़ कर दी। मारपीट की इस वारदातों में 6 लोग घायल हो गए जिनमें एक महिला भी शामिल है।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभात स्कूल के सामने सुभाषनगर निवासी 56 वर्षीय आटो चालक राजेश कुशवाहा गत रात लगभग 10.15 बजे आटो चलाकर अपने घर के सामने आटो खड़ा किया तभी मोहल्ला का विक्की मल्लाह अपने साथी सोनू मल्लाह आकाश उर्फ पन्नी, मनोज ठाकुर उर्फ भढ़ा के साथ आया और पार्टी करने हेतु शराब पीने के लिये 700 रूपये की मांग करने लगा, पैसे देने से मना करने पर चारों उसके साथ गाली गलौज करने लगे तो वह अपने घर चला गया तो चारों उसके घर के अंदर घुसकर घर में रखे सामान टीव्ही, जूता चप्पल का स्टैण्ड तोड़ फोड़ दिये तथा चारों ने उसे उठाकर पटक दिया और मारपीट कर दी। उसकी पत्नी गिरजा बाई, बेटा दीपक कुशवाहा बीच बचाव करने आए तो चारों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(5), 324(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी प्रकार पनागर में कला देवरी निवासी 45 वर्षीय मजदूर हरिलाल कुशवाहा गत शाम लगभग 7बजे अपने घर के सामने भतीजे देवेंद्र कुशवाहा और राजकुमार कुशवाहा के साथ बैठा था तभी मोहल्ले का गंगा कोल, विशाल कोल, उदय कोल, भूरा कोल आये और पुरानी रंजिश पर गालियां देने लगे, गालियां देने से मना करने पर गंगा कोल ने लोहे की पट्टी से देवेन्द्र कुशवाहा पर हमला कर दिया। वहीं विशाल कोल ने लोहे के पाईप से राजकुमार कुशवाहा के सिर पर तथा भूरा कोल और उदय कोल ने सुनीता कुशवाहा के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी तरह पनागर में फाटक मोहल्ला निवासी 38 वर्षीय मजदूर रामू कोल गत दिवस ड्रायवर रवि काछी के साथ ट्रेक्टर में कोयला खाली करने के लिये ग्राम बिछुआ में ईंट भट्टों में खाली करने गया था कोयला खाली कर ट्रेक्टर से वापस घर आ रहा थे। लगभग 3 बजे बिछुआ रोड़ पहाड़ी के पास ट्रेक्टर रोककर दोनों ट्रेक्टर से नीचे उतरे उसी समय बाईक से आए तीन अज्ञात व्यक्ति ड्रायवर रवि काछी से शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, रवि ने शराब पीने के लिये पैसे देने से मना किया तो दो अज्ञात व्यक्ति बाईक से उतरकर रवि के साथ मारपीट करने लगे और एक व्यक्ति ने बका से रवि पर हमला कर दिया, जिससे रवि के अंगूठे, हाथ के पंजे और पैर में चोटें आ गई। वहीं तीनों अज्ञात आरोपी बाईक में बैठकर सकरी तरफ भाग गए। घायल रवि काछी का प्राथमिक उपचार के बाद पनागर अस्पताल से मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 115(2), 118(1), 119(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमती सावित्री बाई ताम्रकार-** सराफा कमानिया के पास निवासी श्री मोती लाल ताम्रकार की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई ताम्रकार (84) का निधन हो गया। सुभाषचंद कृष्णकुमार ताम्रकार की माता जी एवं सजल अमीष जाग्रत की दादी थी। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गजेन्दर सिंह बग्गा-** गोरखपुर थाने के पीछे पंसारी मोहल्ला निवासी श्री गजेन्दर सिंह बग्गा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री किशोरी लाल राजपूत-** गुप्तेश्वर स्थित संतोषी माता मंदिर के पास निवासी श्री किशोरी लाल राजपूत (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नरिन्दर कौर-** गुप्तेश्वर पोस्ट आफिस के पास निवासी श्री संतोख सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती नरिन्दर कौर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती आशा पांडे-** सिद्धबाबा वार्ड हनुमान होटल के पास निवासी श्री लक्ष्मण पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पांडे (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला चौरसिया-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री छिदामी लाल चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती कमला चौरसिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उमा झा-** अशोक नगर अधारताल निवासी श्री जीतेंद्र कुमार झा की धर्मपत्नी श्रीमती उमा झा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री शिवनाथ कोल के पुत्र श्री शंकर कोल (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कौशल्या बाई-** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री गंगा प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. सृष्टि प्रजापति-** सेठी नगर निवासी श्री हरीश कुमार प्रजापति की अल्पायु पुत्री कु. सृष्टि प्रजापति (07) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मनोज कुमार महावर-** सदर मेन रोड निवासी श्री मनोज कुमार महावर (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामपति बाई चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री नंद किशोर चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामपति बाई चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।


**श्रीमती अमिया बाई-** ग्वारीघाट रामलला मंदिर के पास निवासी श्री बारे लाल की धर्मपत्नी श्रीमती अमिया बाई (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सीता तिवारी-** चांदमारी द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री देवमुनी तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सीता तिवारी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते है।

## खबर संक्षेप



### केंद्र ने अगरवुड के टुकड़े निर्यात की सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कृत्रिम स्त्रोतों से प्राप्त अगरवुड के टुकड़े और पाउडर के लिए राज्यों की वार्षिक निर्यात सीमा बढ़ाकर 1,51,080 किलोग्राम कर दी है। अबतक यह सीमा 25,000 किलोग्राम थी। सुगंधित लकड़ी अगरवुड का इस्तेमाल इत्र, सुगंधित धूप और पारंपरिक दवाइयां बनाने में किया जाता है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि अगर के तेल के लिए राज्यों की वार्षिक निर्यात सीमा भी 1,500 किलोग्राम से बढ़ाकर 7,050 किलोग्राम कर दी गई है।

### यूको बैंक के शुद्ध लाभ में 27 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 639 करोड़ रुपये रहा। यूको बैंक ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे की जानकारी देते हुए कहा कि एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में उसे 503 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कोलकाता के बैंक का परिचालन लाभ 1,586 करोड़ रुपये हो गया, जो दिसंबर 2023 तिमाही में 1,119 करोड़ रुपये था।



### एमआरपीएल का शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत घटकर 309 करोड़ रुपये पर आ गया। एमआरपीएल ने एक बयान में कहा कि पिछली तिमाही में परिचालन राजस्व घटने से उसका शुद्ध लाभ कम हुआ है। कंपनी के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 309 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 392 करोड़ रुपये था।



### जम्मू-कश्मीर बैंक के लाभ में 26 फीसदी की वृद्धि




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर बैंक का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 26.2 प्रतिशत बढ़कर 531 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 421.08 करोड़ रुपये था। जम्मू-कश्मीर बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के इस नतीजे की जानकारी दी। बैंक के प्रवक्ता ने कहा, /"चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में बैंक का शुद्ध लाभ 32.7 प्रतिशत बढ़कर 1,497.92 करोड़ रुपये हो गया है, जो इसकी लगातार हो रही वृद्धि को दर्शाता है। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 1,128.60 करोड़ रुपये था।/"

### सेबी ने दी छह कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने निजी इक्विटी क्षेत्र की कंपनी कार्लाइल के समर्थन वाली हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज, बुनियादी ढांचा कंपनी विक्रम इंजीनियरिंग, पीएमईए सोलर टेक सॉल्यूशंस और एजाक्स इंजीनियरिंग समेत छह कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी दे दी है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से जिन अन्य कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी मिली है, उनमें गुजरात की स्कोडा ट्यूब्स और ऑल टाइम प्लास्टिक्स शामिल हैं।




# आरबीआई का बड़ा फैसला, अब केवल इन्हीं 2 नंबरों से आएंगे बैंकिंग कॉल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगर आप भी बैंकिंग के नाम पर हो रही धोखाधड़ी और प्रमोशनल कॉल्स से परेशान हैं तो अब आपको राहत मिल सकती है। दरअसल, इन दिनों फ्रॉड कॉल्स की समस्या आम हो गई है। आप भी अक्सर सुनते होंगे कि किसी अन्य शख्स के साथ बैंक के नाम पर फ्रॉड हो गया। ऐसे में आपकी इस समस्या पर अब रिजर्व बैंक ने पूर्ण विराम लगा दिया है। बैंकिंग कॉल्स के लिए आरबीआई ने नंबरों पर बड़ा फैसला लिया है।

आरबीआई ने वित्तीय संस्थानों के लिए अपने ग्राहकों को लेनदेन और मार्केटिंग कॉल करने के लिए सिर्फ 2 डेडिकेटेड फोन नंबर सीरीज शुरू की हैं।

## बैंकों को सभी लेनदेन के लिए 1600 से शुरू होने वाले नंबर उपयोग करना होगा

### सिर्फ इन 2 नंबरों से ही आएंगे कॉल

आरबीआई के लेटेस्ट नोटिस के मुताबिक, बैंकों को अब सभी लेनदेन-संबंधी कॉल के लिए केवल 1600 से शुरू होने वाले फोन नंबर का ही इस्तेमाल करना होगा। इसको आप ऐसे भी समझ सकते हैं कि अगर आपने कोई ट्रांजेक्शन किया है और आपको इसके लिए कोई कॉल आना है तो वो सिर्फ 1600 सीरीज से शुरू होने वाले नंबरों से ही आयेगा। ऐसे में ग्राहक को ध्यान होगा इस सीरीज का नंबर बैंकिंग के लिए ही है। इससे धोखाधड़ी जैसे मामलों में राहत मिलने की उम्मीद है।




### धोखाधड़ी से बचाव के लिए संचार साथी ऐप

इसके साथ ही, मोबाइल उपकरणों पर नकली कॉल्स और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए, दूरसंचार विभाग ने संचार साथी ऐप पेश किया है। यह ऐप उपयोगकर्ताओं को सीधे साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने और खोए हुए मोबाइल फोन का पता लगाने में मदद करता है। यह ऐप ग्राहकों की गोपनीयता और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। संचार साथी पोर्टल, जो 2023 में लांच हुआ था, पहले ही अपनी प्रभावशीलता साबित कर चुका है। इस नए ऐप के लांच के साथ, धोखाधड़ी से निपटने के प्रयास दोगुने हो जाएंगे।

यानि रिजर्व बैंक द्वारा तय कि गई इन्ही 2 सीरीज से ही यूजर को बैंकिंग कॉल्स आएंगे। आरबीआई की इस पहल से मोबाइल यूजर्स को फ्रॉड्स से राहत मिलेगी।

### एसएमएस सिर्फ 140 सीरीज से शुरू होंगे

वहीं, मार्केटिंग एसएमएस से मिलने वाली जानकारी के लिए बैंकों को सिर्फ 140 सीरीज से शुरू होने वाले नंबरों का इस्तेमाल करना होगा। आरबीआई ने ये नंबर बैंकिंग मार्केटिंग और एसएमएस के लिए तय किया है। 140 सीरीज से शुरू होने वाले नंबर से आपको पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड या बीमा जैसी सेवाओं के लिए कॉल आ सकते हैं। यह कदम यूजर्स को उन धोखेबाजों से बचाने में मदद करेगा, जो बैंकों की तरफ से लोन, क्रेडिट कार्ड देने का झूठा दावा करते हैं।

## करदाता धारा 80 सी के अलावा 80 डी का लाभ उठाए

# कर बचत के लिए 'इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम' एक बेहतर विकल्प : कर विशेषज्ञ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

करदाता मार्च का महीना करीब आते ही अक्सर कर बचाने वाले विभिन्न विकल्पों की तलाश में जुट जाते हैं, लेकिन विभिन्न विकल्पों के साथ यह जानना भी जरूरी है कि कर बचत की कौन सी योजना रिटर्न और जरूरत पड़ने पर तुरंत नकदी उपलब्ध कराने के मामले में बेहतर है।

- धारा 80सीसीडी के तहत एनपीएस का भी लाभ उठाना चाहिए

कर विशेषज्ञों का कहना है कि आयकर कानून की धारा 80सी के तहत शामिल किए गए कर बचत वाले विकल्पों में से 'इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम' (ईएलएसएस) कहीं बेहतर विकल्प है। कर विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि कर बोझ कम करने के लिए व्यक्ति को धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की बचत करने के अलावा 80 डी (स्वास्थ्य बीमा) और धारा 80सीसीडी के तहत एनपीएस का भी लाभ उठाना चाहिए।

**खास बातें**

- एनपीएस में 50,000 रुपए के अतिरिक्त कर छूट का दावा कर सकते हैं
- एनपीएस, ईएलएसएस, एनएससी एवं जीवन बीमा पॉलिसी अच्छे विकल्प



### एनपीएस में अतिरिक्त कर छूट का दावा किया जा सकता है

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में 50,000 रुपये के योगदान पर अतिरिक्त कर छूट का दावा किया जा सकता है। एनपीएस, ईएलएसएस, राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी) एवं जीवन बीमा पॉलिसी (एलआईसी) जैसी विभिन्न कर बचत योजनाओं में से बेहतर विकल्प के बारे में पूछे जाने पर आनंद राठी वेल्थ लि. के उपाध्यक्ष चिंतक शाह ने कहा, ''अगर आयकर कानून की धारा 80सी के तहत कर लाभ का दावा करने की बात आती है, तो मेरी पसंद इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम (ईएलएसएस) है।''

### ईएलएसएस की लॉक इन अवधि तीन साल

शाह ने कहा, ''इसके दो प्रमुख कारण हैं...पहला, ईएलएसएस निवेश सीधे शेयर बाजारों से जुड़ा होता है और इसने ऐतिहासिक रूप से सालाना लगभग 11 से 12 प्रतिशत का दीर्घकालिक रिटर्न दिया है। दूसरा, ईएलएसएस के तहत 'लॉक इन अवधि' केवल तीन साल की है। यानी तीन साल बाद आप अपनी राशि निकाल सकते हैं।'

### ईएलएसएस एक आकर्षक विकल्प

शाह ने कहा, ''यह सुविधा निवेशकों को उपभोग जरूरतों के लिए अपनी निवेश राशि को निकालने या धारा 80सी के तहत लाभ उठाने के लिए एक नए ईएलएसएस में फिर से निवेश करने की अनुमति देती है। इस प्रकार, धन सृजन और कर दक्षता की क्षमता का यह मेल ईएलएसएस को एक आकर्षक विकल्प बनाता है।''

### ईएलएसएस पर रिटर्न निश्चित नहीं

इस बारे में परामर्श कंपनी टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी में साझेदार विवेक जालान ने कहा, ''निवेश विकल्प का चुनाव व्यक्ति के जोखिम लेने की क्षमता, जरूरत और लक्ष्य पर निर्भर करता है। जहां एनएससी, पीपीएफ जैसे उत्पादों पर ब्याज निश्चित होता है और इसकी घोषणा सरकार हर तीन महीने पर करती है, वहीं ईएलएसएस जैसे उत्पाद पर रिटर्न निश्चित नहीं है और उनका प्रदर्शन बाजार की स्थिति पर निर्भर करता है।''

### पीपीएफ की लॉक इन अवधि 15 साल

उल्लेखनीय है कि 80सी के तहत आने वाले निवेश एवं बचत उत्पादों में ईएलएसएस, पीपीएफ (सार्वजनिक भविष्य निधि), सुकन्या समृद्धि योजना, एनएससी, जीवन बीमा आदि शामिल हैं। वहीं एनपीएस धारा 80सीसीडी के तहत आता है। पीपीएफ की 'लॉक इन अवधि '15 साल है, जबकि एनएससी का 'लॉक इन' समय पांच साल है।

# कुछ कंपनियों ने आईपीओ कोष का किया काफी दुरुपयोग : सेबी

एजेंसी ▸▸ मुंबई



पूंजी बाजार नियामक सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने मंगलवार को कहा कि कुछ कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये जुटाई गई राशि के 'घोर दुरुपयोग' में लिप्त पाए जाने के बाद निवेश बैंकरों से ऐसी कंपनियों को पूंजी बाजार तक पहुंच देने से परहेज करने को कहा गया है। बुच ने कहा कि 'एजेंट कृत्रिम मेधा' शब्दावली के ईजाद से पहले ही भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) आईपीओ दस्तावेजों का त्वरित प्रसंस्करण करने के लिए उस अवधारणा पर आधारित एक टूल पर काम कर रहा था। बुच ने भारतीय निवेश बैंकर संघ (एआईबीआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि निवेश बैंकरों को बखूबी पता होता है कि वे कब किसी 'पंप एंड डंप' कंपनी को बाजार में ला रहे हैं। उन्होंने कहा, /"आपको (निवेश बैंकरों को) खराब कंपनी को बाजार में नहीं लाना चाहिए।/"

- सेबी प्रमुख ने कहा, निवेश बैंकर मौका न दे

बुच ने कहा कि बैंकर को दी जाने वाली ऊंची फीस, या कंपनी में कम या बिल्कुल भी कर्मचारी न होना या बैंकरों का कंपनी की इकाइयों का दौरा न करना जैसे संकेत हैं जो निर्गम के पीछे की मंशा और इसे 'पंप एंड डंप' निर्गम होने के बारे में इशारा करते हैं। उन्होंने एसएमई बोर्ड के संदर्भ में कहा कि 'पंप एंड डंप' निर्गम के मामले में आईपीओ में उच्च भागीदारी होने से शेयर के भाव बढ़ जाते हैं और प्रवर्तक आमतौर पर जल्द पैसा कमाने के लिए शेयर बेच देते हैं।

### आईपीओ की राशि विदेशी बाजार को कोष को भेजी जाती है

*इसके साथ ही बाजार नियामक प्रमुख ने कहा कि सेबी ने कुछ कंपनियों द्वारा आईपीओ से जुटाई गई राशि का 'घोर दुरुपयोग' भी पाया है। उन्होंने बताया कि कई बार विदेशी बाजारों में इस कोष को भेज दिया जाता है और उसके लिए सॉफ्टवेयर या ऐप जैसी अमूर्त वस्तुओं के अधिग्रहण या खरीद का दिखावा किया जाता है।*

# आईपीओ सूचीबद्ध होने से पहले उनमें कारोबार शुरू हो : बुच

## निवेशक शेयर आवंटित होते ही उसे बेच सकते हैं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बाजार नियामक सेबी एक ऐसी प्रणाली शुरू करने पर विचार कर रहा है, जहां निवेशक आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) में शेयर आवंटित होते ही उन्हें बेच सकते हैं। सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि अनाधिकृत बाजार की गतिविधियों को रोकने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

- अनाधिकृत बाजार की गतिविधियों को रोकने ऐसा किया जा रहा है

उन्होंने यह घोषणा भी की कि दो शीर्ष प्रॉक्सी सलाहकार फर्म एक पोर्टल शुरू करने वाली हैं, जो संबंधित पार्टी लेनदेन के लिए भंडार की तरह काम करेगा और हितधारकों के लिए कंपनी में संचालन मानकों का आकलन करने में उपयोगी होगा। गौरतलब है कि हाल के दिनों में कई आईपीओ में बहुत अधिक अभिदान देखा गया है और कई बार शेयरों के सूचीबद्ध होने के दिन निवेशकों को भारी लाभ हुआ है। ऐसे में अनाधिकृत बाजार की गतिविधियां भी बढ़ी हैं, जहां आवंटन की स्थिति में पहले से तय शर्तों के आधार पर शेयरों को बेचा जा सकता है। बुच ने यहां एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स ऑफ इंडिया (एआईबीआई) के एक कार्यक्रम में कहा, ''हमें लगता है कि अगर निवेशक ऐसा करना चाहते हैं, तो उन्हें उचित विनियमित तरीके से यह अवसर क्यों नहीं दिया जाए?''



### अनाधिकृत बाजार उपयुक्त नहीं

चेयरपर्सन ने कहा, ''विचार यह है कि जो भी अनाधिकृत बाजार चल रहा है, हमें लगता है कि वह उपयुक्त नहीं है। अगर आपको आवंटन मिला है और आप अपना अधिकार बेचना चाहते हैं, तो इसे संगठित बाजार में बेचें।''

# सोना 100 रुपए मजबूत चांदी 93 हजार पर स्थिर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 100 रुपये की तेजी के साथ 82,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को सोना 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 100 रुपए बढ़कर 81,700 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 81,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमत 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। वैश्विक बाजारों में, कॉमेक्स सोना वायदा 18.20 डॉलर प्रति औंस गिरकर 2,730.50 डॉलर प्रति औंस रह गया। जिंस मामलों विशेषज्ञों के अनुसार, मंगलवार को सोने की कीमत सत्र के दौरान छह नवंबर के बाद के अपने उच्चतम स्तर को छूने के बाद नीचे आ गई।




# हीरो का निर्यात बढ़ाने एक अप्रैल से योजना होगी लागू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने और मूल्य संवर्धन के लिए मंगलवार को 'हीरा इम्प्रेस्ट ऑथराइजेशन' योजना शुरू की। इसके तहत एक तय सीमा तक तराशे और पॉलिश किए गए हीरों के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी जाएगी।

- योजना के तहत शुल्क मुक्त आयात की सुविधा मिलेगी

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि हीरा उद्योग निर्यात में भारी गिरावट और श्रमिकों की नौकरी जाने का सामना कर रहा है। इस योजना की मदद से उद्योग को फिर से जीवंत करने की उम्मीद है। इसके तहत 10 प्रतिशत मूल्य संवर्धन के साथ निर्यात को अनिवार्य किया गया है। बयान में कहा गया, ''वाणिज्य विभाग ने 21 जनवरी को 'हीरा इम्प्रेस्ट ऑथराइजेशन योजना' शुरू की है, जिसका उद्देश्य भारत के हीरा क्षेत्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है।'' वाणिज्य मंत्रालय ने यह भी कहा कि दो-सितारा निर्यात घर का दर्जा रखने वाले और प्रतिवर्ष 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्यात करने वाले हीरा निर्यातक इस योजना के तहत लाभ उठा सकते हैं।



### योजना 25 कैरेट से कम वजन के हीरो पर

मंत्रालय ने कहा, ''यह योजना 25 कैरेट (25 सेंट) से कम वजन के प्राकृतिक कटे और पॉलिश किए गए हीरों के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देती है।'' मंत्रालय ने साथ ही कहा कि यह योजना भारतीय हीरा निर्यातकों, विशेष रूप से एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र को समान अवसर देने के लिए बनाई गई है।

# पहली बार राष्ट्रीय खाद्य तेल खपत सर्वेक्षण शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने भारत में खाद्य तेल खपत के तरीके (पैटर्न) का आकलन करने के लिए अपना पहला सर्वेक्षण शुरू किया है। इसका उद्देश्य खाद्य तेल-तिलहन (एनएमईओ-तिलहन) पर नए मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करना है। गत नौ जनवरी को शुरू हुआ यह 45 दिवसीय प्रश्नावली आधारित सर्वेक्षण, 23 फरवरी तक जारी रहेगा। यह पहल ऐसे समय की गई है जब दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल उपभोक्ता एवं आयातक देश - भारत के पास अपने खपत पद्धति पर हाल के आंकड़ों का अभाव है। अधिकारी ने बताया, 'सर्वेक्षण का उद्देश्य खाद्य तेलों की खपत पद्धति और पसंद को समझना है, जो नीतिगत निर्णयों में मदद करेगा।' उद्योग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में खाद्य तेल की प्रति व्यक्ति वार्षिक खपत 20 किलोग्राम से अधिक हो गई है, जो भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा 12 किलोग्राम और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा 13 किलोग्राम की अनुशंसित सीमा से काफी अधिक है।




# टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल शीर्ष आईटी सेवा ब्रांड सूची में शामिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो तथा टेक महिंद्रा सहित भारत की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियां ब्रांड फाइनेंस की सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड रैंकिंग की सूची में जगह बनाने में कामयाब रही हैं। अमेरिका सूची के कुल ब्रांड मूल्य में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर है।

- अमेरिका 40 फीसदी हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर

वहीं भारत ने तालिका के सामूहिक ब्रांड मूल्य में 36 प्रतिशत का योगदान देकर दूसरा स्थान हासिल किया है। प्रतिष्ठित सूची में एक्सेंचर ने लगातार सातवें वर्ष विश्व के सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड का स्थान हासिल किया। साथ ही सबसे मजबूत आईटी सेवा ब्रांड का खिताब भी अपने नाम किया। टीसीएस (ब्रांड मूल्य 11 प्रतिशत बढ़कर 21.3 अरब अमेरिकी डॉलर) ने लगातार चौथे वर्ष विश्व के दूसरे सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा। ब्रांड फाइनेंस की विज्ञप्ति के अनुसार, एचसीएल टेक्नोलॉजीज (एचसीएलटेक) 2025 में दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते आईटी सेवा ब्रांड के रूप में उभरी है। इन्फोसिस पिछले पांच वर्षों में आईटी सेवा ब्रांडों के बीच सबसे अधिक चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (18.2 प्रतिशत) हासिल करने वाली कंपनी बनी है। इसमें कहा गया, ''भारत ने सूची के सामूहिक ब्रांड मूल्य में 36 प्रतिशत का योगदान देकर दूसरा स्थान हासिल किया है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि ब्रांड मूल्य में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।''




### वैश्विक आईटी बाजार में भारत की प्रमुख भूमिका

यह उल्लेखनीय वृद्धि न केवल वैश्विक आईटी सेवा बाजार में भारत की प्रमुख भूमिका को उजागर करती है, बल्कि 2025 में निरंतर विस्तार के लिए इसकी तत्परता का भी संकेत देती है। इसे प्रौद्योगिकी नवाचार, कार्यबल विस्तार और उभरते वैश्विक रुझानों की अनुकूलता पर मजबूती से ध्यान देने से बल मिलता है।

## आरबीआई के पूर्व गवर्नर राजन ने मोदी सरकार की सराहना की

# भारत में रोजगार बाजार को बढ़ावा देने की जरूरत

एजेंसी ▸▸ दावोस

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को भारत में बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर बहुत अच्छा काम करने के लिए मोदी सरकार की सराहना की। उन्होंने साथ ही उम्मीद जताई कि रोजगार बाजार को बढ़ावा देने के लिए आगामी बजट में कुछ ठोस कदम उठाए जाएंगे। राजन ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में अमेरिकी डॉलर पर आयोजित एक सत्र में कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में 85 रुपये के स्तर तक गिरावट किसी घरेलू कारक के बजाय अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने की वजह से है।

- रोजगार को बढ़ावा देने बजट में कुछ ठोस कदम नजर आएंगे



### बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर अच्छा काम

पूर्व गवर्नर ने कहा कि मोदी सरकार ने बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर बहुत अच्छा काम किया है, लेकिन उपभोग को बढ़ावा देने के लिए दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ रोजगार बाजार है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। राजन ने कहा कि भारत छह प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जो वास्तव में बहुत अच्छा है, लेकिन जब हम प्रति व्यक्ति आंकड़ों को देखते हैं, तो इसे और अधिक तेजी से बढ़ने की जरूरत है।

### रोजगार बाजार को तत्काल बढ़ावा मिले

राजन ने कहा, ''रोजगार बाजार को तत्काल बढ़ावा देने की जरूरत है। अगले कुछ दिनों में आम बजट आने वाला है और उम्मीद है कि हम इसमें कुछ देखेंगे।'' राजन ने कहा कि जब लोग अगले 25 वर्षों में अमेरिकी डॉलर के सर्वोच्च बने रहने की बात करते हैं, तो यह निश्चित रूप से इस उम्मीद पर आधारित है कि दुनिया एकजुट रहेगी।

### मुद्राओं में गिरावट रोकने मजबूर किया जा रहा

पूर्व गवर्नर ने कहा कि कई उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंकों को डॉलर के मुकाबले अपनी मुद्राओं में गिरावट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने को मजबूर किया जा रहा है, लेकिन मुद्दा यह है कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसमें उनकी गलती नहीं है।

### साझा मुद्रा की संभावना से किया इंकार

राजन ने ब्रिक्स समूह के लिए एक साझा मुद्रा की किसी भी संभावना से फिलहाल इनकार किया। उन्होंने कहा, 'ब्रिक्स में एक साझा मुद्रा होने के लिए, हमें कई भू-राजनीतिक मुद्दों को सुलझाने की जरूरत है। भारत और चीन के बीच चिंताएं हैं, जबकि अन्य सदस्यों के पास अपने अलग मुद्दे हैं। मुझे नहीं लगता कि ऐसा जल्द ही होगा।'

## चिंतन

# क्लाइमेट चेंज से निपटने के प्रयासों को 'ट्रंप झटका'

सत्ता संभालते ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने फैसले से संदेश दे दिया है कि उनके कार्यकाल में विश्व के लिए अमेरिका की नीति क्या होगी? अमेरिकी संरक्षणवाद की राह पर चलते हुए प्रेसिडेंट ट्रंप ने सीमा सुरक्षा, आव्रजन, टिकटॉक समेत शपथ के बाद पहले ही दिन 20 से अधिक फैसलों पर मुहर लगाई। इनमें विश्व को प्रभावित करने वाले आव्रजन नीति, विश्व स्वास्थ्य संगठन व पेरिस करार से हटना अहम फैसले हैं। अमेरिका में विश्व के कोने-कोने से प्रोफेशनल्स काम करते हैं और उन्हें एचबी1 वीजा मिलता है, कुछ लोग ग्रीन कार्ड भी प्राप्त कर लेते हैं। ट्रंप प्रशासन नागरिकता के जन्मसिद्ध अधिकार को भी बदलने जा रहा है। इससे प्रवासियों के बच्चों के लिए नागरिकता की राह कठिन हो जाएगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अमेरिका के हटने से दीर्घकाल में अमेरिका को ही नुकसान होगा। इस वैश्विक संगठन में चीन का दबदबा बढ़ेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर नियंत्रित करने वाले विश्व स्वास्थ्य संगठन में यूरोप व अमेरिका का दबदबा रहा है, अब चीन का दबदबा बढ़ने से संगठन के रूप में डब्ल्यूएचओ की स्थिति कमजोर होगी, उस पर भरोसे का संकट भी बढ़ेगा। चीन ने डब्ल्यूएचओ को अपना समर्थन जताया है तो डब्ल्यूएचओ ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि उम्मीद है कि अमेरिका अपने फैसले पर पुनर्विचार करेगा। वैश्विक जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में डब्ल्यूएचओ वैश्विक स्वास्थ्य प्रशासन में केंद्रीय समन्वयक के रूप में काम करता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में अमेरिका वैश्विक दायित्व की भूमिका से दूर होता जाएगा। पांच साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब अमेरिका ने वैश्विक निकाय से हटने का आदेश दिया है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने अमेरिका को डब्ल्यूएचओ से बाहर करने का प्रयास किया था। अमेरिका 1948 में डब्ल्यूएचओ का संस्थापक सदस्य था और तब से इस वैश्विक स्वास्थ्य इकाई और इसके कार्यकारी बोर्ड में अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से 193 अन्य सदस्य देशों के साथ इसके कार्यों को आकार देने और संचालित करने में भाग लेता रहा है। ट्रंप के विश्व पर नकारात्मक प्रभाव वाले दूसरे फैसले पेरिस क्लाइमेट करार से अमेरिका का बाहर आना है। तापमान कम करने के लिए वर्ष 2015 में हुए पेरिस समझौते से हटने के अमेरिका के फैसले से जलवायु परिवर्तन रोधी वैश्विक प्रयास कमजोर होंगे और इसका सर्वाधिक खामियाजा विकासशील देशों को भुगतना पड़ेगा जिनकी वैश्विक उत्सर्जन में सबसे कम भूमिका है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक देश है। ईरान, लीबिया और यमन के साथ अब अमेरिका भी ऐसा देश बन गया है जो पेरिस वैश्विक जलवायु समझौते का हिस्सा नहीं है। संबंधित समझौते का उद्देश्य औद्योगिक क्रांति के बाद से वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखना है। पेरिस करार में भारत भी अहम भागीदार है। इस करार से स्वच्छ ऊर्जा के लिए वित्त पोषण में जिम्मेदार देशों को सहयोग करना है और प्रभावित विकासशील देशों को क्षतिपूर्ति मुआवजा देना है। अब ट्रंप प्रशासन के निर्णय का सर्वाधिक प्रभाव स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने के लिए वैश्विक वित्तपोषण पर दिखने की संभावना है। यह कदम वैश्विक जलवायु प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका है व यह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सामूहिक लड़ाई को कमजोर करेगा। अमेरिका को जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं करना चाहिए।



ट्रम्प 2.0

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल का प्रमुख बिंदु अमेरिकी ऊर्जा उत्पादन पर जोर देना है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक बताते हुए अलास्का और अन्य ऊर्जा-संपन्न क्षेत्रों में ऊर्जा विकास की गति तेज करने की घोषणा की है। इस नीति का उद्देश्य अमेरिका को न केवल ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना है। यह नीति घरेलू अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिए फायदेमंद हो सकती है। ऊर्जा निर्यात से अमेरिकी डॉलर को मजबूती मिलेगी, लेकिन पर्यावरणीय दृष्टिकोण से यह निर्णय गहरी चिंता उत्पन्न करता है।

# नीतियों और प्रभावों का नया अध्याय

डोनाल्ड ट्रम्प की अमेरिकी राजनीति में वापसी न केवल अमेरिका बल्कि पूरे विश्व के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। उनके पहले कार्यकाल ने अमेरिकी राजनीति, अर्थव्यवस्था और वैश्विक कूटनीति में गहरी छाप छोड़ी थी। 'अमेरिका फर्स्ट' के उनके नारे ने राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता और संरक्षणवादी नीतियों को बढ़ावा दिया, लेकिन इसके साथ-साथ कई विवाद और विरोध भी जन्म लिए। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत उनके पहले कार्यकाल के विस्तार जैसी प्रतीत होती है, जिसमें उन्होंने ऊर्जा, प्रवास, सीमा सुरक्षा, सामाजिक संरचना, और अंतरराष्ट्रीय व्यापार से संबंधित कठोर और विवादास्पद निर्णय लिए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल का प्रमुख बिंदु अमेरिकी ऊर्जा उत्पादन पर जोर देना है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक बताते हुए अलास्का और अन्य ऊर्जा-संपन्न क्षेत्रों में ऊर्जा विकास की गति तेज करने की घोषणा की है। इस नीति का उद्देश्य अमेरिका को न केवल ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना है।

यह नीति घरेलू अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिए फायदेमंद हो सकती है। ऊर्जा निर्यात से अमेरिकी डॉलर को मजबूती मिलेगी। लेकिन पर्यावरणीय दृष्टिकोण से यह निर्णय गहरी चिंता उत्पन्न करता है। ऊर्जा उत्पादन बढ़ने से कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि होगी, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को कमजोर करेगा। ट्रम्प का यह कदम पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका को बाहर करने के उनके पहले कार्यकाल के फैसले के अनुरूप है। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में प्रवासी नीतियां उनके पहले कार्यकाल की तुलना में और अधिक कठोर हो गई हैं। उन्होंने सी.बी.पी. वन कार्यक्रम को समाप्त कर दिया है, जो प्रवासियों को अमेरिका में प्रवेश के लिए अपॉइंटमेंट लेने की सुविधा प्रदान करता था। इसके अलावा, उन्होंने मैक्सिको सीमा पर दीवार निर्माण को तेज करने और वहां सेना तैनात करने की घोषणा की है। यह नीतियां सुरक्षा प्राथमिकताओं को उजागर करती हैं, क्योंकि ट्रम्प के अनुसार, अवैध प्रवासी अमेरिकी संसाधनों पर दबाव डालते हैं और अपराध दर में वृद्धि करते हैं।

हालांकि, इस नीति का मानवीय पक्ष आलोचनात्मक बना हुआ है। पिछले कार्यकाल में 'फैमिली से परेशन पॉलिसी' के तहत बच्चों को उनके परिवारों से अलग करना अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के विरोध का कारण बना था। ट्रम्प ने ट्रांसजेंडर नीतियों को समाप्त कर केवल पुरुष और महिला दो लिंगों को मान्यता देने की घोषणा की है। यह निर्णय उनके रूढ़िवादी दृष्टिकोण और पारंपरिक विचारधारा को दर्शाता है। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को समाज में स्वीकृति और अधिकार देने के प्रयासों को यह निर्णय कमजोर करता है। ग्रीन न्यू डील और इलेक्ट्रिक वाहनों की अनिवार्यता को रद करना ट्रम्प की पर्यावरणीय नीतियों में बदलाव को स्पष्ट करता है। उनका कहना है कि यह कदम अमेरिकी ऑटोमोबाइल उद्योग को बचाने के लिए आवश्यक है।

हालांकि, यह निर्णय पर्यावरणीय संकट को और बढ़ावा दे सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों और हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन देना जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए जरूरी है। ट्रम्प की यह नीति अमेरिका को हरित ऊर्जा क्रांति में पीछे धकेल सकती है। ड्रग माफियाओं को विदेशी आतंकवादी घोषित करने और विदेशी शत्रु अधिनियम 1978 लागू करने का निर्णय ट्रम्प प्रशासन की मादक पदार्थों के खिलाफ सख्ती को दर्शाता है। यह कदम अमेरिका में संगठित अपराध और मादक पदार्थों के बढ़ते उपयोग को नियंत्रित करने का प्रयास है। हालांकि, इस नीति की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है। ट्रम्प ने पनामा नहर को वापस लेने और मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर 'अमेरिका की खाड़ी' रखने का प्रस्ताव रखा है। यह कदम उनकी राष्ट्रवादी सोच और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर उनके आक्रामक दृष्टिकोण को उजागर करता है। हालांकि, व्यावहारिक दृष्टिकोण से इन प्रस्तावों का क्रियान्वयन कठिन हो सकता है। ट्रम्प की अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीति उनके 'अमेरिका फर्स्ट' दृष्टिकोण के साथ मेल खाती है।



उन्होंने बाहरी देशों पर टैरिफ और कर लगाने की बात कही है, ताकि अमेरिकी नागरिकों पर कर का बोझ कम किया जा सके। हालांकि, यह नीति वैश्विक व्यापारिक संबंधों को प्रभावित कर सकती है। उच्च टैरिफ से अमेरिकी उपभोक्ताओं को अधिक कीमतें चुकानी पड़ सकती हैं और वैश्विक व्यापार में अस्थिरता बढ़ सकती है। डोनाल्ड ट्रम्प का दोबारा राष्ट्रपति बनना भारतीय राजनीति और विदेश नीति पर कई स्तरों पर प्रभाव डाल सकता है। भारत और अमेरिका के संबंध ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में व्यापार, रक्षा और रणनीतिक सहयोग के क्षेत्रों में मजबूत हुए थे। लेकिन उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति ने कुछ क्षेत्रों में तनाव भी पैदा किया था। ट्रम्प ने हमेशा अमेरिकी हितों को प्राथमिकता दी है, जो भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों को चुनौतीपूर्ण बना सकता है। उनके कार्यकाल में भारत पर आयातित वस्तुओं, खासकर स्टील और एल्युमिनियम पर, ऊंचे टैरिफ लगाए गए थे। अगर ट्रम्प फिर से व्यापार युद्ध जैसी नीति अपनाते हैं, तो यह भारत की निर्यात क्षमता को प्रभावित कर सकता है। भारत-अमेरिका रक्षा संबंध ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में मजबूत हुए थे, विशेष रूप से भारत को उन्नत सैन्य उपकरणों की आपूर्ति के मामले में। चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका ने भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा दिया था। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में यह सहयोग और बढ़ सकता है, जिससे भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा में मदद मिलेगी। ट्रम्प का सख्त प्रवास नीति का रुख भारतीयों के लिए चुनौतियां बढ़ा सकता है। एच-1बी वीजा पर उनकी पहले की नीतियों ने भारतीय पेशेवरों को प्रभावित किया था। उनका पुनः राष्ट्रपति बनना इस नीति को और कठोर बना सकता है। ट्रम्प का चीन विरोधी रुख भारत के लिए कूटनीतिक अवसर ला सकता है।

भारत-अमेरिका संबंध मजबूत होने से क्षेत्रीय भू-राजनीतिक संतुलन भारत के पक्ष में झुक सकता है। हालांकि, ट्रम्प की अनिश्चित नीतियां भारत के लिए चुनौतियां भी पेश कर सकती हैं। डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल उनके पहले कार्यकाल की तरह नीतिगत कठोरता और विवादों से भरा हुआ प्रतीत होता है। उनके निर्णय अमेरिका को आंतरिक रूप से मजबूत बना सकते हैं, लेकिन ये सामाजिक समानता, पर्यावरण संरक्षण, और वैश्विक सहयोग के लिए चुनौतियां खड़ी करेंगे। उनके नेतृत्व में अमेरिका का 'अलगाववादी रुख' विश्व स्तर पर उथल-पुथल मचा सकता है। भारत और अन्य देशों के लिए ट्रम्प का नेतृत्व अवसर और चुनौतियों दोनों को प्रस्तुत करेगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि ट्रम्प के इन फैसलों का दीर्घकालिक प्रभाव अमेरिका और विश्व राजनीति पर क्या पड़ता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण

सुरेश हिंदुस्तानी




# रेवड़ियों पर केंद्रित हो रहा दिल्ली विस चुनाव

देश की राजधानी दिल्ली में चुनावी घमासान के बीच रेवड़ी बांटने की प्रतिस्पर्धा सी चलती दिखाई दे रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली राज्य की सत्ता तक पहुंचने का मार्ग केवल रेवड़ी ही है। दिल्ली राज्य के लिए होने वाले चुनाव में सभी राजनीतिक दल लोक लुभावन तरीके से अपने पिटारे से रेवड़ी बांटने की योजना जनता के बीच बता रहे हैं। इसके लिए आम आदमी पार्टी तो पहले से ही अपने पिटारे को खोलकर बैठी है। अब इसमें कांग्रेस और भाजपा भी अपने कदम उसी ओर बढ़ाने को प्रवृत हुई है, जिस ओर आम आदमी पार्टी जाती रही है। लेकिन एक तथ्य ध्यान देने योग्य माना जा सकता है कि आम आदमी पार्टी के पास कुछ भी नया नहीं है, क्योंकि वह पिछले चार विधानसभा चुनावों से इस राह पर चल रही है। मुफ्त में देने के वादे करना एक प्रकार से आम आदमी पार्टी की फितरत ही बन गई है। इससे अलग अपेक्षा भी नहीं की जा सकती, क्योंकि यह मार्ग उसके लिए लाभकारी साबित रहा है। इसलिए आप के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को यह पूरा विश्वास है कि इस बार भी बाजी उन्हीं के हाथ लगेगी। दिल्ली राज्य के लिए हो रहे चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से जो स्वर मुखरित हो रहे हैं, उन स्वरों में केवल रेवड़ी की ध्वनि ही गुंजायमान हो रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की जनता रेवड़ी लूटने की आदी हो चुकी है। इसका राजनीतिक आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अपना नायक चुनने के लिए किसकी रेवड़ी स्वार्थ की पूर्ति करने वाली है, यह ही देखा जाएगा। इस कवायद को लालच देकर वोट प्राप्त करने का एक माध्यम भी माना जा सकता है, क्योंकि जनता को मुफ्त में खजाना लुटाना किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं माना जा सकता। इसका बोझ उस समाज पर आता है, जो योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं होते। हालांकि सरकार द्वारा आम जनता का ध्यान रखना चाहिए, लेकिन इसके लिए मुफ्त की योजना के अलावा अन्य तरीके अपनाए जाएं तो बेहतर होगा। नहीं तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है कि यही योजनाएं विकास की योजनाएं न होकर विनाशकारी मार्ग तैयार कर सकती हैं। दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का गठन कर दिया और लोक लुभावने वादे करके आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को अपने कब्जे में ले लिया। इस चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला होने की झलक दिखाई दे रही है। आम आदमी पार्टी ने अपने आपको फिर से मैदान में उतारा है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि उसके नेता अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। एक समय सुविधाओं को त्याग कर राजनीति करने की कसम खाने वाले केजरीवाल की जीवनशैली सुविधामय होती दिखाई दे रही है। शीशमहल के नाम से भाजपा द्वारा प्रचारित किए गए उनके आवास में लग्जरी सुविधाएं हैं। जो उनके कथन से कतई सरोकार नहीं रखती। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत ही होगा कि इस बार केजरीवाल की राह उतनी आसान नहीं कही जा सकती, जो पहले थी। दूसरी बड़ी बात यह भी है कि इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी के समक्ष गंभीर चुनौतियां भी हैं। केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं। वे दोष मुक्त नहीं हुए। उनका मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबन्ध उसी समय लगा दिया, ज़ब वे मुख्यमंत्री थे। ऐसी स्थिति में केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे, इसकी गुंजाइश भी नहीं है। इस बार के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी और औवेसी की पार्टी भी मैदान में है। यह दोनों राजनीतिक दल जितने प्रभावी होंगे, उसका खामियाजा आप आदमी पार्टी को ही भुगतना होगा। खैर, मूल विषय रेवड़ी का है। मुफ्त की रेवड़ी बांटना निश्चित ही इस बात की ओर संकेत करता है कि आज राजनीतिक दलों ने आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खोई है, इसीलिए चुनाव जीतने के लिए जनता को प्रलोभन देकर वोट कब्जाने की राजनीति की जा रही है। फिलहाल यही समझा जा रहा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच है। प्रचार के लिए भाजपा के पास नेताओं की भारी भरकम फ़ौज है तो आम आदमी पार्टी के पास केवल केजरीवाल ही हैं। चुनावी प्रचार के माध्यम से भाजपा अपनी बात को नीचे तक पहुंचाने का प्रयास करेगी। कुल मिलाकर अब देखना यह है कि क्या इस बार भी रेवड़ी के सहारे ही दिल्ली की सरकार बनेगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र




संकलित

**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# क्या भोग लगाना पाखंड है?




संकलित

**प्रेरणा**

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

## महाकुंभ



**प्रयागराज।** धर्म, संस्कृति और परंपराओं के महाकुंभ का विहंगम दृश्य

## आज की पाती

### बजट महंगाई से राहत दिलाने वाला हो

केंद्र सरकार जल्दी ही वर्ष 2025-26 का वित्तीय बजट पेश करने वाली है। बजट से हर वर्ग के लोगों को यह उम्मीद होती है कि उनके अच्छे दिन लाने के प्रावधान हों। करदाताओं को कर में छूट मिलने की और ज्यादातर लोगों को महंगाई से राहत मिलने की उम्मीद होती है। आम बजट से आमजन को उम्मीद होती है कि रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली आम चीजें सस्ती हों, बजट महंगाई से राहत दिलाने वाला हो। बजट मुफ्तखोरी से दूर हो, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार को बढ़ाने वाला हो। गरीब से गरीब को भी आधुनिक और उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने वाला आम बजट हो। स्वरोजगार को बढ़ावा मिले, साथ ही सरकार गांवों को भी स्मार्ट गांव बनाने का ख्याल बजट में रखे। *-मयंक दुबे, रायगढ़*

## ट्रेंड

### मणिपुर के लोगों को बधाई

मणिपुर के लोगों को उनके राज्यत्व दिवस पर शुभकामनाएं। भारत के विकास में मणिपुर के लोगों द्वारा निभाई गई भूमिका पर हमें अविश्वसनीय गर्व है। मणिपुर की प्रगति के लिए मेरी शुभकामनाएं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### भाजपा का अंतिम दौर

उत्तर प्रदेश में 'हिरासत में मौत' का सिलसिला थम नहीं रहा है। हालिया मामले में संभल में पूछताछ के नाम पर घर से ले गये व्यक्ति की हिरासत में मौत होने से जनाक्रोश भड़क उठा। अन्याय करने वाली भाजपा सरकार अब अपने अंतिम दौर में है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### मां गंगा की गोद में

प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं। कुंभ की भव्यता और दिव्यता सजीव बनाए रखने वाले सभी साधु-संत, एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ।

-गौतम अडानी, उद्योगपति



### दवा निर्यात में अग्रणी

भारत ने विश्व स्तर पर स्वयं को आवश्यक दवाओं के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित किया है। जेनेरिक दवाओं के विनिर्माण व निर्यात में भारत अपूरित चिकित्सा मांग की कमी को पूरा कर सकता है। -किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी



## करंट अफेयर

# नागरिकों की सुरक्षा के तरीकों में 'मौलिक परिवर्तन' जरूरी

ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि एक डांस क्लास में तीन लड़कियों की हत्या के मद्देनजर यह जरूरी हो गया है कि ब्रिटेन में नागरिकों की सुरक्षा के तरीके में 'मौलिक बदलाव' होना चाहिए। स्टॉर्मर ने कहा कि सरकार को उन 'कठिन सवालों' का भी जवाब देना होगा कि जुलाई में साउथपोर्ट के समुद्र तटीय शहर में तीन लड़कियों की चाकू मारकर हत्या करने से पहले हिंसा के प्रति जुनूनी नाबालिग को रोकने में अधिकारी कैसे विफल रहे। प्रधानमंत्री ने टेलीविजन पर एक बयान में कहा कि एक्सेल रुदाकुबाना के मामले में हुई लापरवाही का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गयी है। रुदाकुबाना ने अन्य आठ बच्चों, उनके प्रशिक्षक और एक राहगीर को घायल कर दिया था।




रुदाकुबाना (18) ने लिवरपूल क्राउन अदालत में मुकदमे के पहले दिन सोमवार को अपना दोष स्वीकार कर लिया और उसे बृहस्पतिवार को सजा सुनाई जाएगी। रुदाकुबाना के दोषी होने की दलील का मतलब है कि निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए जो विवरण जनता से छिपाए गए थे, अब उन्हें सामने लाया जा सकता है। इस विवरण में इस बात का भी जिक्र है कि रुदाकुबाना जब 13 और 14 वर्ष का था तो उसे सरकार के चरमपंथ रोधी कार्यक्रम में तीन बार भेजा गया था तथा वह कई राज्य एजेंसियों के संपर्क में था।

## ऑफ बीट

# भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग

जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

## टीकाकरण सत्र का लिया जायजा

**दमोह।** अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम हटा सिविल अस्पताल अंतर्गत रजपुरा क्षेत्र के पनारी गांव पँहुचे। उन्होंने यहां टीकाकरण सत्र का निरीक्षण कर जायजा लिया और स्वास्थ्य अमले को आवश्यक निर्देश दिये। एसडीएम श्री मरकाम ने आदिवासी अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की मॉनिटरिंग कर स्वास्थ्य अमले को आवश्यक निर्देश दिये इसके साथ ही हितग्राहियों और ग्रामीणों से चर्चा भी की।

## बैठक 25 जनवरी को

**दमोह।** संत शिरोमणि गुरू रविदास जी महाराज की 648वीं जयंती मनाने हेतुं समाज के सभी संगठन एवं सभी गणमान्य नागरिक तथा युवाओं ने अनुरोध है कि संत शिरोमणि गुरू रविदास जी महाराज की जयंती हर्षोल्लास से मनाने एक बैठक 25 जनवरी दिन शनिवार समय दोपहर 2 बजे से स्थान पुरानी नगर पालिका घंटाघर के पास आहुत की जा रही है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिर्वाय है। बैठक में समय से पधार कर अपने अपने सुझाव रखे एवं बैठक को सफल बनायै।

## जन जन का रखें ध्यान, टीवी मुक्त भारत अभियान

**दमोह।** माननीय प्रधानमंत्री जी के आवाहन के बाद से देश से टीवी छह मुक्त 2025 तक मुक्त करने के उद्देश्य किशन तलैया परशुराम टेकरी में शिविर लगाया गया। शुगर में प्रमुख रूप से डॉक्टर विक्रम सिंह चौहान जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ गौरव जैन जिला छह अधिकारी डॉक्टर मनीष संगतानी, देवेंद्र चौबे पैरा लीगल वालंटियर, मंत्री भारतीय मजदूर संघ, गीताबाई बर्मन पूर्व अध्यक्ष महिला मोर्चा, के सहयोग से कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप में पोर्टेबल मशीन के द्वारा एक्स-रे किए गए सभी मजदूर वर्ग के लोगों को निशुल्क उपचार निशुल्क दवा का वितरण किया गया। कैंप में चेतन अग्रवाल ट्रीटमेंट पर्यवेक्षक, राहुल कश्यप एक्स-रे विशेषज्ञ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रभा ठाकुर, आशा कार्यकर्ता सरिता सिंह, सहायिका निशा शर्मा विशेष रूप से सहयोग रहा भारी संख्या में मजदूर वर्ग के लोगों की उपस्थिति रही।

चार हजार किमी की दूरी तय कर टाइगर रिजर्व पहुंचे हिमालयन और यूरेशियन गिद्ध ; प्रवासी पक्षी छेवला जगतराई में भी आए नजर

# टाइगर रिजर्व में प्रवासी पक्षियों का डेरा

### चहचहाहट से गूंज रही टाइगर रिजर्व की सुंदर वादियां और पहाड़ियां में हजारों प्रवासी परिंदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

। प्रदेश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व वीरांगना रानी दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व का वातावरण प्रवासी पक्षियों को पसंद आ रहा है। सर्दी के सीजन में यहां बड़ी संख्या में देसी और विदेशी पक्षियों ने अपना डेरा जमा लिया है। टाइगर रिजर्व के अफसरों का कहना है कि वर्तमान में यहां पर सात प्रजाति के गिद्ध पहुंच चुके हैं। जिसमें से चार प्रजाति स्थायी निवासी हैं। शेष तीन प्रजाति के गिद्ध सर्दी के मौसम में टाइगर रिजर्व में नजर आते हैं। यहां पर हिमालय के आसपास के अलावा अफगानिस्तान, भूटान और तिब्बत से गिद्ध आते हैं। हिमालयन ग्रिफन कई सालों से यहां में सर्दियां बिताने पहुंच रहे हैं। इसके अलावा यूरोप और एशिया के दूसरे देशों से भी यूरेशियन प्रजाति के गिद्ध आते हैं। यह तीन से चार हजार किमी तक की दूरी तय कर टाइगर रिजर्व पहुंच रहे हैं। इस बार भी ठंड के मौसम में इन प्रवासी पक्षियों का नौरादेही पहुंचना शुरू हो गया है। ये टाइगर रिजर्व के तालाब और नदियों के कुंड के आसपास आसानी से देखे जा सकते हैं।

### इसलिए प्रवासी पक्षियों को भाया टाइगर रिजर्व

प्रवासी पक्षियों को टाइगर रिजर्व की आवोहवा, विशाल जंगल और यहां के प्राकृतिक जल स्त्रोत काफी पसंद आते हैं। इसी कारण यहां पर भारत के आसपास के देशों के अलावा एशिया और यूरोप के दूसरे देशों से काफी संख्या में प्रवासी पक्षी सर्दियों के मौसम में पहुंचते हैं। जानकार बताते हैं कि टाइगर रिजर्व के तीन तालाब और दोनों नदियों के आसपास प्रवासी पक्षियों का ठिकाना होता है। जिनमें जगरासी खेड़ा, छेवला और जगतराई तालाब है वहीं यहां बहने



वाली ब्यारमा और बामनेर नदी के कुंड या तालाबनुमा संरचनाओं के आसपास इनको आसानी से देखा जा सकता है। आवोहवा पसंद आने के कारण यहां सात तरह के गिद्धों के साथ हरियाणा में पाई जाने वाली वुली नेक्ड स्टार्क के अलावा पेंटेड स्टार्क (सारस) भी देखे जा सकते हैं। इसके अलावा ब्लैक स्टार्क तो प्रजनन के लिहाज से पहुंचते हैं और तालाब और नदी किनारे के पेड़ों को अपना ठिकाना बनाते हैं।

### हिमालयन और यूरेशियन गिद्धों की सात प्रजातियां मौजूद

टाइगर रिजर्व में पहुंचने वाले प्रवासी



पक्षियों में भारतीय और विदेशी गिद्ध यहां काफी संख्या में देखे जा सकते हैं। यहां सात प्रकार के गिद्धों की प्रजातियां पहुंच चुकी हैं। जिनमें 4 तो यहां की स्थाई निवासी हैं। लेकिन तीन प्रजातियां सिर्फ सर्दी के मौसम में नजर आती हैं। यहां पर हिमालय के आसपास के अलावा अफगानिस्तान, भूटान, तुर्केमिस्तान और तिब्बत से गिद्ध आते हैं। इनका प्रमुख ठिकाना हिमालय में 1200 से 5 हजार मीटर की ऊंचाई पर होता है। हिमालयन ग्रिफॉन कई सालों से नौरादेही में सर्दियां बिताने पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ यूरोप और एशिया के दूसरे देशों से यूरेशियन प्रजाति के गिद्ध आते हैं। इनको तो नौरादेही का मौसम ऐसा भाया है कि यहां सर्दियां बिताने के लिए ये 3 से 4 हजार किलोमीटर तक का सफर तय करते हैं। खास बात ये है कि यूरेशियन प्रजाति के गिद्ध यहां सिर्फ सर्दियां बिताने आते हैं। जबकि दूसरे गिद्ध यहां प्रजनन के लिहाज से भी पहुंचते हैं

### प्रवासी पक्षियों का टाइगर रिजर्व आने पर दौर शुरू

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी ने बताया कि टाइगर रिजर्व में तीन बड़े तालाब हैं। जिनमें हर साल प्रवासी पक्षी आते हैं। जगरासी खेड़ा तालाब, छेवला तालाब और जगतराई तालाब है। इसके अलावा नदियों में जो कुंड या तालाबनुमा संरचना है, उनके आसपास भी प्रवासी पक्षी आते हैं। इनका आगमन यहां शुरू हो गया है। ऐसे में प्रबंधन ये देखता हैं कि प्रवासी पक्षी बढ़ रहे हैं या फिर घट रहे हैं। वर्तमान में यहां पर हिमालयन ग्रिफॉन है, ये हिमालय के एरिया से आते हैं। टाइगर रिजर्व में यूरोप के देशों से 3 से 4 हजार किमी की दूरी तय करके प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं।

## काकद्वीप में डॉ मनीषा दुबे सम्मानित



**दमोह।** काकद्वीप पश्चिम बंगाल में साहित्यिक एवं सामाजिक सेवा में समर्पित अखिल भारतीय संस्थान गंगा सागर काव्य महोत्सव 2025 पूर्णोदय संस्थान लहरपुर सीतापुर के तत्वावधान में आयोजित कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में दमोह जिले की डॉ मनीषा दुबे को कवि भूषण श्रीधर पाठक स्मृति सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें साहित्य, नृत्य, पर्यावरण सेवा, लोकगीत, योग व शिक्षा, के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने पर प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सौहार्द शिरोमणि डॉ सौरभ पाण्डेय के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, माला दी गई डॉ. मनीषा दुबे को अब तक 786 सम्मान प्राप्त हो गये है, दमोह जिले के सभी गणमान्य नागरिकों ने साहित्यकारों व्याख्याताओं ने, गायत्री परिवार के सभी परिजनों ने डॉ.मनीषा दुबे को शुभकामनाएं और बधाई दी है।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सवः गाजे बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा



**बनवार।** जबेरा जंप के प्राचीन बडगुवा मढ़ा मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा एवं शनि देव भगवान के प्राण प्रतिष्ठा का सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। इसमें प्रथम दिन महिलाओं ने गाजे बाजे के साथ गांव में कलश यात्रा निकाली। कथा व्यास जागेश्वर शास्त्री एवं यज्ञाचार्य संदीप शास्त्री के निर्देशन में प्रातःकाल हवन कर मंत्रोच्चारण के साथ कलश पूजन संपन्न की गई। इस उपरांत पीले वस्त्र धारण कर महिलाओं ने गाजे बाजे के साथ गांव में कलश यात्रा निकाली, जिसमें महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती गाते व भगवान राधा कृष्ण की जय जयकारों के नारे लगा रही थी। गांव कई जगह पुष्प वर्षा से कलश यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा मढ़ा मंदिर से होकर पूरे गांव की परिक्रमा कर वापस मंदिर में आकर सम्पन्न हुई। मुख्य यजमान गणपत सिंह ठाकुर ने बताया यह भव्य आयोजन 21 जनवरी से 28 जनवरी तक चलेगा जिसमें 25 जनवरी को मढ़ा मंदिर बड़गुंवां नव निर्मित मंदिर में भगवान शनि देव का सैन्या दिवस महाभिषेक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जाएगा। बता दें प्राचीन बड़गुंवा मंदिर में भगवान शिव राधा कृष्ण के मंदिरों केबाद शनि देव मंदिर का निर्माण ग्राम वासियों के द्वारा करवाया गया है। जिसमें भगवान शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का यह दिव्या और भव्य और दिव्य आयोजन किया जा रहा है।

## राज्यरानी एक्सप्रेस ट्रेन में भी 100 डेज निक्षय शिविर अभियान से किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

100 डेज, नि_क्षय शिविर अभियान का प्रचार प्रसार राज्यरानी एक्सप्रेस ट्रेन में भी किया गया, जिसमें डीपीसी दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक यह अभियान 100 दिन चलेगा, जिसमें उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में रहने वाले मधुमेह, 60 प्लस वाले, बीएमआई, स्मोकर्स, शराब पीने वाले, 5 साल पुराने टीवी मरीज, दो साल पुराने टीवी मरीज के संपर्क व्यक्ति एवं समूह में रहने वाले लोगों की टीवी स्क्रीनिंग की जा रही है एवं जिन भी व्यक्तियों को दो हफ्ते या 14 दिन से ज्यादा खांसी चल रही हो। बलगम में खून आता हो, भूख कम लग रही हो, वजन कम हो रहा हो एवं तेजी से बुखार पसीना देकर के आता हो आदि लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में अपनी निःशुल्क जांच कर सकते हैं। डीपीसी श्री राजपूत ने बताया कि जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, संजीवनी अस्पताल एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिदिन शिविर लगाए जा रहे हैं एवं उक्त लक्षण वाले लोगों की जांच कर उन्हें नोटिफाई किया जा रहा है। टीवी नोटिफाई होने पर निःशुल्क दवा के साथ-साथ नि_क्षय पोषण योजना के तहत 1000 की राशि प्रति माह खाते में दी जाती हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गरीब बीमार टीवी मरीजों को नि_क्षय मित्र 6 माह तक फूड बास्केट (पौष्टिक आहार)

## पतलोनी में शिविर का हुआ आयोजन




तेजगढ़। तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पतलोनी में 21 जनवरी 2025 को ग्राम पंचायत भवन में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान और प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उपयंत्री भरत जैन रहे। कार्यक्रम में राजस्व विभाग से पटवारी पशुपालन से डॉक्टर कृषि विभाग स्वास्थ्य विभाग आंगनबाड़ी केंद्र की सुपरवाइजर केंद्र प्रभारी कार्यकर्ताएं उपस्थित रही। विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने नाम सहित अपने विभाग से संबंधित सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष हीरा सिंह ने उपस्थित व्यक्तियों को संबोधित कर सरकार की चल रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने को कहा। अध्यक्ष भारत सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से सभी को अवगत कराया। उन्होने कहा कि आवेदन देवे जिसका निराकरण कैंपों के माध्यम से तत्काल किया जाएगा और पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच पहारी सिंह, सरपंच तिज्जाबाई, सरपंच प्रतिनिधि बेडीसिह, सचिव मिट्ठू सिंह, सहायक सचिव नरेंद्र सिंह पटवारी, अंकुर गुरु, ऋषि दीक्षित, सेल्समेन साहब सिंह, राजकुमार साहू, वेदपाल सिंह, प्रेम सिंह और ग्राम के व्यक्तियो महिला ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## 243 आवेदनों पर हुई जन-सुनवाई

**दमोह** । जिले भर से आये नागरिकों ने जनसुनवाई में अपनी समस्याएं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के समक्ष रखी। कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा आज जनसुनवाई में नवाचार के तहत लगभग 200 एक पृष्ठीय निःशुल्क आवेदन तैयार किये गये। इस दौरान 08 पुनरावृत्ति आवेदन, सामान्य जनसुवाई में 243 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 40 आधार कार्ड, 06 आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए एवं 140 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा एक आवेदन आया था समग्र आइडी को लेकर के इश्यूस है आवेदक का कहना यह है की उनकी पत्नी और उनके बीच में अनबन रही और पत्नी मायके चली गई, उसके बाद पत्नी ने अपना समग्र आइडी अपने पिता के साथ जुड़वाकर और अपने पति को मृत घोषित कराकर विधवा पेंशन/कल्याणी पेंशन लेना प्रारंभ कर दिया है, यह गंभीर प्रकरण है तो इसकी समग्र आईडी वगैरह की सारी जानकारियां निकाली, यह पूरा का पूरा प्रकरण समग्र की जानकारी निकालने के बाद देखा गया कि यह मामला सागर जिले से सबंधित है, इसके लिए आज ही सागर जिला प्रशासन को पत्र लिखा जा रहा है की इसकी पूरी जाँच करके नियम संगत कार्रवाई कराई जाये। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह और लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटैल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण का शुभारम्भ

### मिला परामर्शदाताओं को मार्गदर्शन



**दमोह** । मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत दमोह के सिद्धि विनायक पैलेस में दो दिवसीय परामर्शदाता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ 21 जनवरी को सुबह 10:30 बजे भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी, शिक्षाविद और प्रशासनिक अधिकारियों ने नेतृत्व विकास और सामाजिक कार्य की अवधारणाओं पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में वरिष्ठ समाजसेवी विवेक शेंडे, प्रोफेसर डॉ. रश्मि जेता, और जिला उद्यानिकी अधिकारी यस कुमार सिंह शामिल हुए। जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के पहले सत्र में प्रोफेसर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सेलेंस दमोह डॉ. रश्मि जेता ने नेतृत्व क्षमता विकास के नए दृष्टिकोण पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नेतृत्व को मजबूत करने के लिए हमें नए तरीके से सोचना और समझना होगा। इससे हम न केवल अपनी क्षमताओं को बल्कि छात्रों और समाज की क्षमताओं को भी बेहतर बना सकते हैं।हमें अपनी जानकारी को बढ़ाने के लिए विषय के साथ साथ अन्य सम्बंधित विषयों का भी सतत अध्ययन करते रहना चाहिए। यस कुमार सिंह ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने योजनाओं का लाभ जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए परामर्शदाताओं की भूमिका को अहम बताया। अनुज बाजपेयी, क्षेत्राधिकारी, सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र दिल्ली ने प्रतिभागियों को ग्रामीण विकास के लिए सतत प्रयास करने की प्रेरणा दी। वहीं, वरिष्ठ समाजसेवी विवेक शेंडे ने नई शिक्षा नीति और नेतृत्व विकास के महत्व पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक दिनेश उमरैया ने कार्यशाला में भाग ले रहे प्रतिभागियों को शिक्षण की विभिन्न पद्धतियों व्याख्यान, विचार विमर्श, रोल प्ले, ब्रेन स्टार्मिंग एवं केस स्टडी पर अपना प्रशिक्षण दिया।

## प्राचार्य संजय बाजपेयी ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम रैंक प्राप्त की



**बनवार।** सीएम राइज स्कूल जबेरा के प्राचार्य संजय बाजपेयी ने ग्यारहवीं स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंटल संभागीय कीड़ा प्रतियोगिता 2025 में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में 50 प्लस आयु वर्ग में पूरे संभाग में प्रथम रैंक प्राप्त की। यह उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन और छात्रों ने प्राचार्य संजय बाजपेयी को बधाई दी और उनकी सफलता का जश्न मनाया। यह उपलब्धि न केवल प्राचार्य संजय बाजपेयी के लिए गर्व की बात है, बल्कि स्कूल के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है।

## जीवन का दर्पण और समस्याओं का समाधान है रामायण : पं. महेंद्र दुबे

**बनवार।** जनपद जबेरा के ग्राम बीजडोंगरी में चल रहे 25 दिवसीय श्री रामचरितमानस महायज्ञ में पंडित महेंद्र दुबे शास्त्री ने कहा कि रामायण जीवन का दर्पण है, जिसमें हर समस्या का समाधान छिपा है। उन्होंने कहा कि भक्ति का रसपान करने वाले जीव को फिर किसी चीज को पाने के लिए जगत में अभिलाषा नहीं होती। पंडित महेंद्र दुबे शास्त्री ने कहा कि हर इंसान के जीवन में मुश्किलें आती हैं, लेकिन मुश्किलों से डरना और भयभीत होना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने अंदर के विश्वास को कभी भी कमजोर पड़ने मत दो और अपनी कमजोरियों को कमजोरी नहीं ताकत बनाओ। पंडित महेंद्र दुबे शास्त्री ने कहा कि रामायण में हर समस्या का समाधान है, और जीवन में एक बार लोगों को अवश्य इसका पाठ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामायण की हर चौपाई में जीवन का सार छिपा है, और जीवन को सुंदर और सहज बनाने में चौपाई का स्मरण लोगों को अवश्य करना चाहिए।

## खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



**बनवार।** ग्राम पंचायत चोपरा में आनंद उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें चोपरा, पट्टी, महाराज सिंह पौड़ी और महाराज सिंह जैसी तीनों पंचायतों ने मिलकर भाग लिया। यह आयोजन वॉलीबॉल ग्राउंड चौपरा में हुआ, जहां कबड्डी, वॉलीबॉल, ऊंची एवं लंबी कूद, दौड़ जैसे अनेकों खेल आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कमल सिंघई चौपरा सरपंच प्रतिनिधि, देवेंद्र सिंह पौड़ी महाराज सरपंच प्रतिनिधि, सीताराम यादव पति महाराज सरपंच सहित चौपरा हाई स्कूल प्राचार्य प्रेम प्रकाश अहिरवार, हरिप्रसाद नायक, हर्षवर्धन सिंह राजपूत, वीर सिंह, हरिदास अहिरवार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं और विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही। यह आयोजन आनंद विभाग द्वारा 14 से 28 जनवरी तक आयोजित किए जा रहे आनंद उत्सव का हिस्सा है।

## दमोह को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया



**हिण्डोरिया।** बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने के लिए की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए भारत सरकार के नीति आयोग एवं एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा सुरक्षा एवं उनके सशक्तिकरण तथा अगले एक साल मे 104 प्रखण्डों के 15000 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र (एसओआइ) पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गये हैं। नीति आयोग एवं एवीए की इस साझेदारी का स्वागत और समर्थन करते हुए संकल्प समाजसेवी संस्था के निदेशक संदेश बंसल ने कहा कि इस कदम से उनकी कोशिशें को एक नई ऊर्जा और गति मिली है । और वे जिला दमोह को बाल मजदूरी ,बाल विवाह ,बाल तस्करी और बाल यौन शोषण जैसे बच्चों के खिलाफ सभी तरह के अपराधों से मुक्त करने के प्रयास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। श्री बंसल ने बताया कि संकल्प समाजसेवी संस्था और एवीए दोनों ही बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैर सरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोगी हैं। उन्होंने ने कहा कि दो वर्षीय (एसओआई ) के तहत अगले 2 सालों में देश के 73 जिलों के आकांक्षी प्रखंडों के इन गांवों के आर्थिक रूप से बेहद कमजोर उन परिवारों के बच्चे जो शोषण, उत्पीड़न , बाल मजदूरी या बाल विवाह की दृष्टि से संवेदनशील है, के लिये सुरक्षित बाल ग्राम के रूप मे एक सुरक्षा घेरा विकसित किया जायेगा। यह पहल 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के साथ एकरूपता और तालमेल में है। जिसका लक्ष्य देश भर के 112 सबसे अविकसित जिलों में रूपांतरकारी बदलाव लाना है। श्री बंसल ने कहा हम भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर अमल करते हुए अपने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। अब एवीए और नीति आयोग की साझेदारी से हमारे प्रयासों को और बल मिलेगा । हम एवीए के साथ मिलकर अपने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है । इसके साथ ही हम दमोह जिले में बाल सुरक्षा के व्यवस्थागत तंत्र को मजबूत बनाने के लिए भी काम करेंगे। साथ ही मिलकर हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारे बच्चों को एक सुरक्षित वातावरण में पुष्पित एवं पल्लवित होने का पर्याप्त अवसर मिल सके। पंचायत स्तर पर विवाहों की जानकारी दर्ज करने के लिए रजिस्टर रखने के अलावा स्कूल नहीं जा पा रहे बच्चों को शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों से जोड़ा जाएगा । साथ ही हासिए के व्यक्तियों और परिवारों को सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के कार्यकारी निदेशक धनंजय टंगल ने कहा कि समाज के सबसे कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हम गर्व और कृतज्ञता महसूस कर रहे हैं। इन साझा प्रयासों से हमारा लक्ष्य 2025 के अंत तक इन प्रखंडों को बाल विवाह मुक्त बनाना और दूसरों के लिए एक मिसाल कायम करना है। श्री बंसल ने सभी से बच्चों केशिक्षा, सुरक्षा,विकास एवं चहु मुखी सशक्तिकरण को लेकर किये जा रहे प्रयासों में सहयोग की अपील की है।

## भरतनाट्यम नृत्य ने मोहा दर्शकों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

### स्वर श्री प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्वरों का बिखेरा जादू





बुंदेली गौरव न्यास दमोह द्वारा आयोजित 14 दिवसीय बुंदेली दमोह महोत्सव के द्वितीय दिवस मंचीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें स्वर श्री प्रतियोगिताके में तृतीय दिवस मंचीय कार्यक्रम का प्रारंभ श्री गणेश जी के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें अतिथियों द्वारा दीप प्रचलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई द्वितीय दिवस पर अतिथि के रूप में चंद्र गोपाल पौराणिक पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राकेश नायक, राघवेंद्र रिषी लोधी अनिल मिश्रा यशपाल राजपूत प्यारे लाल भारती अटल राजेन्द्र जैन मुकेश यादव पवन ठाकुर उपस्थित रहे। न्यास समिति सदस्यों द्वारा दुपट्टा पहना कर अतिथियों का स्वागत किया गया। बुंदेली दमोह महोत्सव में भजन मंडली प्रभारी श्रीमती मीना पाठक के निर्देशन में 40 मंडलियों की प्रस्तुति दी गई जिसमें 33 शहर की और 7 मंडली ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति से सभी का मन आनंदित हो गया और वातावरण कृष्णमय हो गया निर्णायक के रूप में डॉक्टर किरण गोस्वामी अनुराधा गोस्वामी और डॉक्टर मोनिका पालीवाल उपस्थित रहे प्रथम स्थान श्रीमती जानकी गर्ग ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान दो मंडली विद्या तिवारी और सरोज पाठक ने प्राप्त किया तृतीय स्थान दो मंडलियों ने प्रभा मिश्रा और विनीता जयसवाल ने प्राप्त किया नगर पालिका उपाध्यक्ष सुषमा ठाकुर जनपद सदस्य संगीता श्रीधर राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक शीला पटेल गिरजा त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह देकर अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया ऐसा अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही लाल वस्त्र धारण करके सब मां दुर्गा का रूप लग रही थी वातावरण भक्ति में हो गया कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बुंदेली दमोह महोत्सव के तृतीय दिवस खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया साथ ही जैविक कृषि पर किसान प्रशिक्षण गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में किसान संघ जिला अध्यक्ष श्री राम पटेल, कृषि वैज्ञानिक मनोज अहीरवाल, प्रमुख जैविक पूरन पटेल, सहायक उप संचालक कृषि जेपी प्रजापति, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हटा सुशील सेवट, मडियादो रतिराम पटेल, एकलव्य विश्वविद्यालय व्याख्याता कृषि विभाग ओमपाल सिंह राजपूत मंचासीन रहे। बुंदेली गौरव न्यास के आजीवन संरक्षक श्रीमती डॉक्टर सुधा जयंत मलैया के मार्गदर्शन में संपूर्ण न्यास समिति बुंदेली दमोह महोत्सव को आगंतुक जनता के आनंद को अधिक से अधिक बढ़ने के कार्य में लगी हुई है साथ ही बुंदेली दमोह महोत्सव परिसर में चल रहे विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं व्यंजनों का भी लोग आनंद उठा रहे हैं न्यास समिति अध्यक्ष अंबालाल पटेल सचिव प्रभात सेठ उपाध्यक्ष कैप्टन भादवा श्रीमती पूजा सिद्धार्थ मालिया प्रबंधक कार्यकारिणी संयोजक मोहित संगीति कार्यालय प्रभारी घनश्याम पाठक रवि गोस्वामी संतोष रोहित निलेश सिंघाई डीके रोहित राजू नामदेव मयंक वाधवा अमित वर्मा संजू यादव देवेंद्र राजपूत महेन्द्र राठौर गीतेश अठ्या अभिलाष हजारी बृज सेन धर्मेन्द्र अहिरवार भरत राय वैभव कैथवास ओमकार चौरसिया सहित सदस्यों की उपस्थिति रही।

रामलला की स्थापना के पहली वर्षगांठ पर हवन, पूजन, भंडारे का आयोजन

# राम के रंग में रंगा शहर, उत्सव मनायेगा आज



**जबलपुर।** अयोध्या में भगवान राम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर आज 22 जनवरी को शहर में विविध आयोजन किए गए हैं। पूरा शहर भगवा रंग में रंग गया है शहर के साथ साथ मंदिरों, में रंग बिरंगी विद्युत छटा नजर आ रही है चारों तरफ भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। जगह जगह मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, हनुमान चालीसा, सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्रीराम की स्तुति में पूरा शहर राममय नजर आ रहा है।

### बड़ी महाकाली में भंडारा आज

श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति गढ़ाफाटक कालीधाम में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ किया गया, इस अवसर पर लड्डुओं को प्रसाद वितरित किया गया, वहीं आज बुधवार 22 जनवरी को दोपहर 1 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया। पूरे मंदिर को विद्युत साज सज्जा से सजाया गया है। भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। भव्य रामदरबार में सैकड़ों भक्तों ने अपनी हाजिरी लगाई।

### कटरा वालें महावीर मंदिर में महाआरती

गोविंदगंज रामलीला समिति परिसर स्थित कटरा वाले महावीर मंदिर में आज महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गढ़ा रामलीला समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ और भजन, भंडारे का आयोजन किया गया।

### कृषि उपज मंडी में भंडारा आज

कृषि उपज मंडी के सामने साहू मार्बल प्रतिष्ठान के सामने दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक भंडारे का आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई हैं।

### सदर में रामभोज

सदर रामलीला मैदान में रामभोज का आयोजन किया गया। संध्या 6 बजे से हिन्दू संगठनों द्वारा यह आयोजन किया गया।

## मानकुंवर बाई कालेज की छात्राओं ने क्विज में दिखाई प्रतिभा

**जबलपुर।** शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन "उमंग 2025 परंपरा एवं प्रगति का मेल" प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल के निर्देशन एवं स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. जगिन्दर कौर गुजराल तथा डॉ. अर्चना सिंह के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। 21 जनवरी को द्वितीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्धि को उजागर करना और प्रतिभागियों को प्राचीन भारत के विज्ञान, कला, दर्शन साहित्य और संस्कृति की जानकारी देना था। आज की प्रतियोगिता में डॉ. उज्जवला खारपाटे, डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. नंदिनी भारिल्ल, डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी, डॉ. अर्चना चतुर्वेदी, डॉ. अरुणा, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. नीना उपाध्याय, डॉ. आरिफ खान, डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति जाट, डॉ. उज्जवला अयाचित, डॉ. रोली राज आदि का सहयोग रहा।



## सड़कों का पुर्ननिर्माण अतिशीघ्र करने कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जनजागरण मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मथुरा प्रसाद दुबे एवं उपाध्यक्ष दलवीर सिंघ जस्सल के नेतृत्व में एक ज्ञापन पीडब्लूडी के मुख्य अभियंता को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि शहर में बन रहे नए फ्लाई ओवर ब्रिज के चलते जगह-जगह पर सडकें खराब हो गयी है जिसके कारण शहर की यातायात व्यवस्था चरमराई गई है। ,स्कूली बच्चों एवं नोकरी पेशा लोगों को घंटों-घंटो जाम में फंसे रहना पड़ता है। मुख्य अभियंता ने बताया की 28 फरवरी को संपूर्ण फ्लाई ओवर ब्रिज सामान्य जनों के लिए सुचारू रूप से यातायात के लिए शुरू कर दिया जायेगा साथ ही नियम अनुसार मजबूत सडकों के निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। एवं अभी के लिए सड़कों की मरम्मत कार्य भी एक सप्ताह के अंदर करा दिया जाएगा। ज्ञापन देने के दौरान कांग्रेसजन मनोज यादव, संजय वर्मा, नीलू सोनकर, कृष्णा गुप्ता, मो. शरीफ कुरैशी, शाकिर कुरैशी, आशीष नेल्सन, किशोरी सिंह, नजर अली, महेश दत्त राय, अल्गेशन पिल्ले आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### कलेक्टर दीपक सक्सेना कायस्थम सम्मान से सम्मानित

**जबलपुर।** कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा जबलपुर जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना को प्रशासन के क्षेत्र में उनके द्वारा की गई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कायस्थम - सम्मान प्रदान किया गया है। विगत 17 जनवरी को भोपाल में आयोजित कायस्थम - 2025 के



आयोजन में व्यस्तता के कारण श्री दीपक सक्सेना सम्मान लेने नहीं पहुंच पाए थे। कायस्थम मध्य प्रदेश के महासचिव अभय श्रीवास्तव ने आज कलेक्टर कार्यालय जबलपुर स्थित उनके कक्ष में उन्हें यह सम्मान भेंट किया। अभय श्रीवास्तव ने, श्री सक्सेना को कायस्थम - सम्मान, अंगवस्त्र, श्रीफल और प्रशस्ति - पत्र सौंप कर उन्हें सम्मानित किया।

### भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**जबलपुर।** श्री सदगुरुदेव सेवा समिति पुलिस कॉलोनी गढ़ा के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा रामायण मंदिर सूपाताल से निकली। कथा मनीषी श्रीधाम वृंदावन के स्वामी रामप्रपन्नाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में 21



जनवरी को रामायण मंदिर सूपाताल से दोपहर 2:00 बजे भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जो देवताल, चिकनी कुआं, गढ़ा बाजार, पंडा मढ़िया, त्रिपुरी चौक होते हुए कथा स्थल पुलिस कॉलोनी में समाप्त हुई। जहां व्यास पीठ की पूजन अर्चन पश्चात स्वामी राम प्रपन्नाचार्य महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा की मीमांसा करते हुए कहा कि कलश अमृत का प्रतीक है जो सिर पर कलश धारण करता है उसे सभी तीर्थ का फल प्राप्त होता है। आयोजन समिति के राजेश पटेल ने बताया की कथा प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 तक होगी, हवन एवं भंडारा 29 जनवरी को होगा। आयोजन समिति के डॉक्टर टी.एस . चौहान, डॉक्टर अजय फौजदार, एडवोकेट अमोल सिंह राजपूत, डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला, जवाहर पटेल, भानु प्रताप सिंह, गोविंद मेहरा, विनीत टहनगुरिया, के.एल. मेहरा, नारायण पटेल, राजेश तिवारी, राजकुमार तिवारी, जी.के. हांडा ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## कलचुरी क्लब ने आयोजित किया नववर्ष परिवारिक मिलन समारोह



**जबलपुर।** विगत दिवस न्यू भेड़ाघाट में कलचुरी क्लब द्वारा नववर्ष पर परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें क्लब के सदस्यों द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया।क्लब की महिलाओं व पुरुषों ने विभिन्न मनोरंजक गेमों में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर कलचुरी महासभा के अध्यक्ष मनोहर चौकसे उपस्थित थे। कलचुरी महासभा के मीडिया प्रभारी कौशलेंद्र महाजन का सम्मान अध्यक्ष महोदय द्वारा किया गया।कार्यक्रम का सयोंजन राजीव चौकसे व कौशलेंद्र महाजन द्वारा किया गया। मिलन समारोह में श्रीमति सीमा राजेंद्र राय,कल्पना श्रीचंद चौकसे, कल्पना कौशलेंद्र महाजन, रोजी संजय महाजन,निधि सूर्य प्रकाश राय,अर्चना राजेश पप्पू जायसवाल, हेमलता राजेन्द्र मालवीय, प्रीति संदीप चौकसे, साधना राकेश चौकसे,भावना संजय चौकसे, आशा देवेन्द्र चौकसे, जयश्री सुरेंद्र चौकसे, कुसुम संजय शिवहरे,मोनिका चंद्रप्रकाश मालवीय ने सपत्नीक भाग लिया। समारोह में डॉ व्ही के गुप्ता, रामप्रकाश चौकसे आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## अमर शहीद हेमूकलाणी को शहीदी दिवस पर किया याद

हरिभूमि जबलपुर।

भारत मां के लाडले सुपुत्र एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत अमर वीर शहीद हेमू कालाणी जी को बलिदान पर भारतीय सिन्धु सभा ने अमर शहीद हेमू कालाणी जी को याद किया। देश की खातिर अपने प्राणों को निछावर करने वाले अंग्रेजों से लोहा लेते हुए छोटी सी उम्र में अपने हाथों से खुद अपने गले में फांसी का फंदा डालते हुए देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए ऐसे भारत मां के लाडले सुपुत्र अमर शहीद हेमू कालाणी की शहीदी बलिदान दिवस पर आज 21 जनवरी 2025 सुबह 9:30 बजे भवरताल गार्ड्न के पास स्थित उनकी प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर शत शत नमन कर अमर शहीद हेमू कालानी अमर रहे



जय हिंद ,भारत माता की जय घोष के नारे लगाए गए।कार्यक्रम के दौरान श्री अशोक रोहाणी विधायक केंट जबलपुर,भा. जा. पा. नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर,पार्षद लवलीन आनंद,सोनू बचवानी ने अमर शहीद हेमू कालानी जी के जीवन पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी, सोनू बचवानी, उमेश पारवानी, मोहित रामचदानी, जेठानंद खत्री, गोविंद हिरानी, तारु खत्री, भरत मंगलानी सुधीर भगचंदनी के साथ काफी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहे।

## पावर मैनेजमेंट कंपनी ने वेतन-वृद्धि का आदेश निकाला

### अन्य बिजली कंपनी भी अनुसरण करें : फेडरेशन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि 30 जून अथवा 31 दिसम्बर को सेवा निवृत्त होने पर वेतन-वृद्धि के लिए बिजली कंपनियों में कार्यरत कार्मिकों को एक से ही बिषय में अलग-अलग न्यायालय में जाना पड़ रहा था। उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। न्यायालय और मध्यप्रदेश शासन के आदेश पर मंगलवार को एम पी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा तत्सबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। अब कर्मचारियों को इस आदेश से उनकी कंपनी से ही उक्त वेतन-वृद्धि का लाभ मिल जाएगा। फेडरेशन के महामंत्री राकेश पाठक ने मध्यप्रदेश शासन के अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई जी और सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध संचालक गणों का इस आदेश जारी करने के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही निवेदन किया है कि यह लाभ बर्ष 2023 के पूर्व के कर्मचारियों को भी दिया जाएं।

फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक, वरिष्ठ नेता यू के पाठक, दिनेश दुबे, सुनील कुरेले,आर एस परिहार, केदारनाथ अग्निहोत्री, सीताराम कुरचानिया, श्याम मोहन वर्मा, अनूप वर्मा, उमाशंकर दुबे,निर्मल शुक्ला, आई के अग्रवाल, मोहन श्रीवास, सतीश गुप्ता, बसंत मिश्रा,दिलीप पाठक,मनोज पाठक ने अन्य सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध संचालक गणों से आग्रह किया है कि वे भी शीघ्र अपनी कंपनी में भी आदेश जारी करा दें जिससे संबंधित सभी कर्मचारियों को शीघ्र लाभ मिल जाएगा।

अब सभी पात्र कर्मचारी, पेंशनर्स सीधे अपने कार्यालय में ही आवेदन प्रस्तुत करें। उनके आवेदन पत्र पर उनकी उक्त वेतन-वृद्धि कार्यालय द्वारा स्वीकृत कर पेंशन का पुनः निर्धारण किया जाएगा।



### प्राध्यापक संघ द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

**हरिभूमि जबलपुर।** "प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ जबलपुर संभाग के प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय अध्यक्ष एवं डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष द्वारा वरिष्ठ स्पोटर्स आफिसर डॉ.के.के.दुबे एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रागिनी अग्रवाल, शासकीय कन्या महाविद्यालय, रांझी, जबलपुर का पुष्पगुच्छ एवं शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संभागीय अध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि डॉ.के.के.दुबे क्रीड़ा अधिकारी एवं डॉ. रागिनी अग्रवाल, प्राध्यापक राजनीति शास्त्र अपने विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों के बीच अपनी सहजता, मिलन सारता एवं हँसमुख स्वभाव के कारण लोकप्रिय है। उन्होनें विद्यार्थियों को अपने ज्ञान से हमेशा दिशा-दर्शन दिया है। दोनों ने लगभग 40 वर्ष अपनी सेवायें प्रदान की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.वीणा वाजपेयी, डॉ.माला प्यासी, डॉ. मधुमिता भटटाचार्य, डॉ. ब्रम्हानंद त्रिपाठी, डॉ. जरीना जान, डॉ. बिंदु शर्मा, डॉ.वीणा श्रीवास्तव, डॉ. मनोज प्रियदर्शन, डॉ. एल.एन.जैन, डॉ. उमेश दुबे, डॉ.शैलप्रभा कोष्टा, डॉ. विभा निगम के साथ महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 70 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

जबलपुर।

गत दिवस म.प्र.प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आयोजित उपनयन संस्कार के अन्तर्गत 70 बटुकों का वैदिक विधी से यज्ञोपवीत आचार्य पं सौरभ दुबे ने यज्ञ हवन के साथ सम्पन्न करवाया, नगर के प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार के बालकों ने उत्साह से भाग लिया, ब्राह्मण महासभा की युवा इकाई के अध्यक्ष गुड्डा त्रिपाठी, सिद्धार्थ शुक्ला ने मंचस्थ संतों और अतिथियों अधिवक्ता असीष त्रिवेदी अशोक मनोध्याय,नवीन शुक्ला पार्षद श्रीमती प्रिया संजय तिवारी का स्वागत किया, कार्यक्रम में नगर के ब्राह्मण संगठनों के प्रमुख



पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।इस सनातनी दिव्य कार्यक्रम में विशाल जनसमूह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## महाकुंभ की भक्ति में लोग हो जाये सराबोर : राधा श्रीवास्तव

हरिभूमि जबलपुर।

अयोध्या मंदिर में भगवान राम के बिराजमान होने का एक साल पूरा हो रहा है जिसको लेकर पूरे देश मे वार्षिक उत्सव मनाने की तैयारी चल रही जिस कार्यक्रम में शामिल होने देश के भक्ति गायक पहले से ही आयोजित श्रीराम के वार्षिक उत्सव में अपनी प्रस्तुतियां देने पहुच रहे है इसी कड़ी प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका राधा श्रीवास्तव का जबलपुर आगमन हुआ जहां पर प्रयागराज में चल रहे कुंभ की व्यवस्थाओं के साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की इधर जबलपुर के ग्राम सिहोरा के अगरिया के बॉलीवुड अभिनेता प्रमोद चतुर्वेदी,फिल्म निर्देशक्र आकाश चतुर्वेदी,कार्यक्रम आयोजक अंकुल त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष विंध्य फिल्म कला संघ ने डुमना विमानतल पर राधा श्रीवास्तव का स्वागत किया इस दौरान राधा श्रीवास्तव ने हरिभूमि से खास बात करते हुए लोगो से अपील करि की वह सभी



12 साल बाद लगे महाकुंभ में जाकर कुंभ की भक्ति में सराबोर हो जाये क्योकि यह मौका शायद हमारे जीवन मे कभी न मिल पाए इसके साथ ही राधा श्रीवास्तव ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि राम मंदिर और महाकुंभ में नरेंद्र मोदी का प्रयास काफी अदभुत है और उनकी जितनी तारीफ की जाए वह कम है।

## जूडो: जिला स्तरीय प्रतियोगिता 26 एवं 27 को

जबलपुर।

जिला जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला जूडो संघ व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 26 एवम् 27 जनवरी 2025 को जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन श्री त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज जबलपुर में किया जा रहा है। जिला संघ के सचिव व जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि उक्त स्पर्धा सब-जूनियर, केडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विभिन्न आयु एवं भार वर्ग में आयोजित की जा रही है, जिसमें कि जूनियर वर्ग की राज्य स्तरीय जूडो स्पर्धा जो कि आगामी दिनों में इन्दौर में आयोजित है, में जिला जूनियर टीम का चयन भी उक्त स्पर्धा के दौरान किया जायेगा। जो भी खिलाड़ी या संस्था उक्त प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वे संघ के सचिव से सम्पर्क कर अपना पंजीयन करा लेवें, बिना पंजीयन के कोई भी खिलाड़ी उक्त स्पर्धा में भाग नहीं ले सकता । स्पर्धा के समस्त खिलाड़ियों का वजन 25 जनवरी 2025 (शनिवार) को शाम 4 बजे से त्रिभुवनदास मालपाणी स्कूल, मिलौनीगंज में लिया जायेगा।



## बैंक ऑफ महाराष्ट्र की धनवंतरी नगर में नई शाखा का उद्घाटन

**जबलपुर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र, जो देश की अग्रणी और विश्वसनीय सार्वजनिक क्षेत्र की बैंक है, ने आज जबलपुर के धनवंतरी नगर में अपनी जबलपुर जिले में 17वीं, जबलपुर अंचल में 39वीं और देशभर में 2547वीं शाखा का उद्घाटन किया। इस



महत्वपूर्ण अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, ग्राहकों और मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. नवनीत सक्सेना (डीन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज) ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। नवीनतम धनवंतरी नगर शाखा के उद्घाटन के साथ, बैंक ने जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। इस शाखा में ग्राहकों को सभी आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं जैसे कि डिजिटल बैंकिंग, लोन, जमा योजनाएं और अन्य वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. नवनीत सक्सेना, बैंक के जोनल मैनेजर मोहम्मद शाहजीब और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस शाखा के उद्दघाटन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 12 , घंटाघर नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.सं.अधि./सं.क्र.12/2024-25/एम-44
दिनांक :- 20/01/2025


भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कोमल बुधरानी पति श्री सुधीर बुधरानी ने मकान नं. 772 OLD 1 & 1,2 वार्ड लोक मान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 1700 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 2961 व.फु., भूतल 987 व.फु., प्रथम तल 987 व.फु., द्वितीय तल 987 व.फु विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
( सं. अधि. स्वीकृति दिनांक - 20/01/2025 अनुसार )

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

CHANGE OF NAME
I, SONALEE (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No 15714558Y Rank HAV Name KRISHAN KUMAR presently, residing at VILL- JEEN, PO- JEEN, TEH-BETUL, DIST- BETUL, (MP)-460001 I, have changed of my name from SONALEE (name as per my Husband army service records) to SONALEE DARWAI (name as per my AADHAR CARD AND PAN CARD vide Affidavit dated (Date of the Affidavit 21/01/2025) before RAMDAS SHARMA Public notary JABALPUR MP HIGH COURT, (MP)
CORRECT NAME-SONALEE DARWAI
INCORRECT NAME-SONALEE

CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH
I, ARMY NO. JC-387962W RANK SUB NAME SREEKUMAR L S/O LANBODHARAN N OF UNIT 1 MTR, 1 STC, C/O 56 APO I, have changed name and date of birth of my MOTHER from name SANTHA KUMARI and date of birth 01/07/1950 (name and date of birth as per my Army service records) to name SANTHA and date of birth 01/07/1954 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD NO. 3629 9933 0467 vide affidavit dated 20/01/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT (Name and place of Court).
CORRECT NAME-SANTHA
INCORRECT NAME-SANTHA KUMARI
CORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1954
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1950




## सिद्धार्थ ने जान्हवी संग शुरू की 'परम सुंदरी' की शूटिंग

**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर ने हाल ही में अपनी अगली फिल्म 'परम सुंदरी' की घोषणा की है। इसका मोशन पोस्टर भी रिलीज हो चुका है और इसने फैंस के बीच उत्सुकता भी पैदा कर दी है। सिद्धार्थ ने आखिरकार केरल में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और एक तस्वीर भी शेयर की है। पहले दिन उन्हें बैकवाटर का सबसे बेहतरीन नजारा देखने को मिला। अभिनेता ने केरल में बैकवाटर के बीच फिल्मांकन शुरू किया। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस नजारे को शेयर किया और यह वाकई बहुत ही शानदार है। इससे पहले मोशन पोस्टर में सिद्धार्थ मल्होत्रा को उत्तर भारतीय लड़के के रूप में दिखाया गया है ।

लाइफ Style



# श्रेया
## कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में गाना सुनकर हुईं भावुक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सिंगर श्रेया घोषाल हाल ही में कोल्डप्ले के मुंबई कॉन्सर्ट में शामिल हुईं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना दिल बेहतरीन अनुभव साझा किया। क्रिस मार्टिन ने डीवाई पाटिल स्टेडियम में अपने धमाकेदार प्रदर्शन से प्रशंसकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

सिंगिंग इंडस्ट्री में अपनी आवाज से करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करने वाली श्रेया घोषाल खुद कोल्डप्ले की फैन हैं। यह बात का प्रूफ सिंगर ने खुद दिया है। सिंगर श्रेया घोषाल हाल ही में कोल्डप्ले के मुंबई कॉन्सर्ट में शामिल हुईं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना दिल बेहतरीन अनुभव साझा किया। क्रिस मार्टिन ने डीवाई पाटिल स्टेडियम में अपने धमाकेदार प्रदर्शन से प्रशंसकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रेया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। और फैंस इस पर ढेर सारी प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं।

सोमवार को कॉन्सर्ट में शामिल होने के कुछ घंटों बाद श्रेया ने इंस्टाग्राम पर अपने पिता और पति के साथ कॉन्सर्ट में की गई मस्ती की झलक दिखाई। गायिका ने यह भी बताया कि बैंड के प्रदर्शन के दौरान वह भावुक हो गई और अपने आंसू नहीं रोक पाई। कॉन्सर्ट के कई वीडियो के साथ श्रेया ने लिखा, 'कोल्ड प्ले के लिए मेरे पास सिर्फ प्यार है। यह क्रिस मार्टिन और उनके बैंड का मेरा दूसरा कॉन्सर्ट था और आपने मुंबई के लोगों के दिलों को छू लिया। सच में यह एक शानदार अनुभव था। फिक्स यू के लिए अपने आंसू नहीं रोक पाई।'

### हॉलीवुड मसाला



## बेटियों ने किया अजीबोगरीब मेकअप

**लॉस एंजिल्स।** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' एक्टर ड्वेन जॉनसन का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर नजर आया है। इस वीडियो में उनकी दो बेटिंयों उनका मेकअप करती दिख रही हैं। ड्वेन की बेटियां जैस्मीन यानी जैज़ी और टियाना यानी टिया अपने पापा का दिल खोलकर मेकअप करती दिख रही हैं और प्रियंका चोपड़ा ने उनके इस वीडियो पर कॉमेंट भी किया है। वीडियो में ड्वेन अजीबोगरीब मेकअप में दिख रहे हैं। ड्वेन ने अपना ये वीडियो रविवार को इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है।



## कोल्डप्ले सिंगर ने जीता भारतीयों का दिल...

**मुंबई।** मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में कोल्डप्ले के 'म्यूजिक ऑफ द स्फीयर' कॉन्सर्ट के दौरान गायक क्रिस मार्टिन ने अपने फैंस को एक बार फिर हैरान कर दिया। सिंगर कॉन्सर्ट में ना सिर्फ अपनी गायकी से लोगों का दिल जीत रहे हैं, बल्कि अपने दिल छू लेने वाले शब्दों से भी लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। क्रिस ने ब्रिटेन के भारत पर शासन के दौरान किए गए अत्याचारों के लिए माफी मांगी। कॉन्सर्ट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए आश्चर्यजनक है कि आप हमारा स्वागत करते हैं, भले ही हम ग्रेट ब्रिटेन से हैं। ग्रेट ब्रिटेन द्वारा किए गए सभी बुरे कामों के लिए हमें माफ करने के लिए धन्यवाद।'। क्रिस मार्टिन ने कॉन्सर्ट में अपने प्रदर्शन के दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, 'यह भारत की हमारी चौथी यात्रा है और यहां दूसरी बार प्रदर्शन कर रहे हैं।



## 'मैनिफेस्टेशन' में नहीं रखतीं यकीन...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर अक्सर चर्चा हो रही है। कंगना ने कहा कि 'मेनिफेस्टेशन' उनके लिए कुछ अच्छी चीज नहीं है। मैं इन सबमें नहीं मानती। कंगना ऐसा क्यों सोचती हैं, इस बारे में भी उन्होंने बताया है। कंगना ने कहा, 'पहले के लोग कहते थे कि काम करो फल की चिंता मत करो। अब लोग पहले फल को पहले देखना चाहते हैं, उसके बाद में काम करते हैं। तो ये कैसा काम हुआ। हो सकता है कि आप जो अपने लिए सोच रहे हैं अच्छा न हो और मिल गया तो आपके लिए सही न हो, ऐसे में हमें सब छोड़ देना चाहिए। बस काम पर फोकस करना चाहिए। कंगना ने कहा कि सपने मैं देखती हूं, लेकिन खुली आंखों से, ये मेनिफेस्टेशन मैं नहीं करती। कंगना ने कहा, कि मैं जब आई तो मैंने कोई मेनिफेस्टेशन नहीं किया।



## माता-पिता ही अच्छे शिक्षक हों जरूरी नहीं...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपनी बेटी की परवरिश और आज की युवा पीढ़ी को लेकर अपनी राय साझा की है। उन्होंने कहा बहुत बदलाव आया है। आज की पीढ़ी कोई भी काम कुछ नए तरीके से करना चाहती है। बेटी की परवरिश और अपने निजी जीवन को लेकर अभिषेक बच्चन ने बात की है। उन्होंने कहा कि माता पिता हमेशा सबसे अच्छे शिक्षक हों जरूरी नहीं है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने पैरेंटिंग को लेकर अपना दृष्टिकोण पर विचार साझा किया। साथ ही उन्होंने युवा पीढ़ी की बदलती मानसिकता पर भी अपने विचार बताए। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि माता-पिता सबसे अच्छे शिक्षक हैं या नहीं। मैं इस पर कुछ नहीं कह सकता हूं। मुझे लगता है कि हमारी भावनाएं आड़े आती हैं।

### टीवी मसाला



## 'उसके नसीब में ट्रॉफी थी मेरे नसीब में लोगों का प्यार'

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 के फिनाले के बाद विवियन ने मीडिया से बात की। अपनी हार और करण वीर मेहरा की जीत को लेकर विवियन ने अपनी बातें कही हैं। विवियन डीसेना ने कहा, मैंने जो किया घर में दिल से किया। ये खेलना सब मेरे बस की बात नहीं है, जो मुझे जिस समय ठीक लगा मैंने किया। मैं अपने फैंस और व्यूअर्स का शुक्रिया करूंगा। न मेरी जर्नी ऐसे शुरू होती न मैं ऐसे यहां तक पहुंच पाता बिना उनके। सबसे पहले उनका धन्यवाद। मेरी फैमली का भी हमेशा सपोर्ट रहा है। मेरे सारे दोस्त और इंडस्ट्री के परिवार का भी धन्यवाद जिन्होंने मुझे सपोर्ट किया। विवियन ने कहा कि मेरे नसीब में लोगों का प्यार लिखा है, वो मुझे बहुत मिला है। उसके नसीब में ट्रॉफी लिखी थी वो ट्रॉफी ले गया। मैं खुद महसूस करता हूं क्योंकि उतार चढ़ाव जिंदगी का हिस्सा है। मैं इसके लिए भगवान का शुक्रिया किया है। विवियन ने कहा कि हर इंसान हमसे भी ज्यादा इमोशनल होते हैं। अगर आपके करीबी इंसान के साथ जो आप सोचें न हो तो बुरा तो लगता है। विवियन डीसेना ने अपने बच्चे को लेकर कहा कि दो ढाई साल के बच्चे को वैसे भी इतना सेंस नहीं होता है। मैंने अपने दिल में कभी ऐसा कोई उल्टा ख्याल दिल में नहीं रखा है। मैं आगे के लिए अपनी जर्नी को देखकर काम करना चाहता हूं।

## बिग बॉस की जीत के बाद करण ने किया सुशांत को याद ...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 को 19 जनवरी को अपना विजेता मिल गया। इस शो के विजेता करणवीर मेहरा बने और विवियन डिसेना पहले रनरअप



रहे। सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस 18 तीन महीने तक ऑन एयर रहा। रिएलिटी शो जितने के बाद करण ने अपने सबसे पुराने और अजीज दोस्त सुशांत सिंह राजपूत को याद किया। हाल ही में एक इंटरव्यू में करण ने अपने दिवंगत दोस्त सुशांत सिंह राजपूत को भी याद किया। करण ने कहा, 'यह बहुत खास है। मैं बहुत खुश हूं कि उन्होंने मुझे यह तोहफा दिया और मैं उन्हें यह तोहफा दे सका।' सुशांत को याद करते करण ने आगे कहा, '21 जनवरी मेरे बहुत अच्छे दोस्त सुशांत सिंह राजपूत का जन्मदिन है। इसलिए, मैं इसके लिए भी बहुत खुश हूं। कहीं न कहीं वह मेरे जीवन का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।'

## गोविंदा के बेटे यशवर्धन करेंगे बॉलीवुड डेब्यू...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के हीरो नंबर वन गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा जल्द ही अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। कथित तौर पर उनकी पहली फिल्म में उनके साथ बाबिल खान नजर आ सकते हैं।



कथित तौर पर यशवर्धन आहूजा, साई राजेश द्वारा निर्देशित आगामी अनाम रोमांटिक ड्रामा में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में एक और स्टार किड भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ सकता है। दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान हैं। दरअसल, फिल्म निर्माता अपनी रोमांटिक फिल्म के लिए नए चेहरा चाहते हैं, जिसके चलते बाबिल खान और यशवर्धन आहूजा को कास्ट करने की योजना बनाई जा रही है। अल्लू अरविंद और एसकेएन फिल्म्स के सहयोग से मधु मंटेना द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन साई राजेश करेंगे, जो कलर फोटो, हृदय कलेयम और बेबी जैसी बेहतरीन तमिल फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं।

## खुलने वाली है कुंभ में माला बेचने वाली मोनालिसा की किस्मत, बॉलीवुड फिल्म का मिलने वाला है ऑफर

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के इंदौर से प्रयागराज महाकुंभ में आई मोनालिसा रुद्राक्ष की माला बेचती दिखी। उनकी नीली आंखों और सादगी के कारण लोग 'मोनालिसा' कहकर पुकारने लगे. अचानक इंटरनेट पर लड़की वायरल हो गई। इनकी आंखों की तुलना लोग बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन से कर रहे हैं, लेकिन मोनालिसा का कहना है कि वह सोनाक्षी सिन्हा को ज्यादा पसंद करती हैं। मोनालिसा की सुंदरता और आकर्षक व्यक्तित्व ने मेले में आने वाले लोगों का ध्यान खींचा है। मोनालिसा ने कभी पढ़ाई नहीं की और माला बेचने में वह अपने माता-पिता की मदद करती हैं। बता दें, बहुत ही जल्द मोनालिसा की



किस्मत खुलने वाली है, क्योंकि जल्द ही बॉलीवुड डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने मुलाकात करने वाले हैं। सनोज मिश्रा ने बताया कि मोनालिसा का लुक और उनकी मासूमियत उन्हें काफी पसंद आई है और वह अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'डायरी ऑफ मणिपुर' में उन्हें एक रोल देना चाहते हैं।

### मोनालिसा को देना चाहते हैं किसान की बेटी का रोल

*दरअसल, उन्हें एक ऐसी ही लड़की की तलाश भी थी। सनोज ने बताया कि वह अपनी फिल्म में एक किसान की बेटी का रोल मोनालिसा को देना चाहते हैं। इसके लिए वह जल्द उनसे प्रयागराज जाकर मुलाकात भी करेंगे। उन्होंने ये भी बताया कि मोनालिसा को सबसे पहले एक्टिंग का क्लास करवाएंगे। उन्हें एक्टिंग का गुर सिखाएंगे और इसके लिए उन्हें खुद भी मेहनत करनी पड़ेगी। बता दें, सनोज मिश्रा इन दिनों फिल्म 'डायरी ऑफ मणिपुर' की तैयारी में जुटे हैं। उनकी यह फिल्म मणिपुर के ज्वलंत मुद्दे पर आधारित है। इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव के बड़े भाई अमित राव बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं।*

### 'आजाद' का हिस्सा एक घोड़ा भी है, जिसके नाम पर ही है फिल्म का टाइटल

## इन फिल्मों में स्टारकास्ट की बराबर लाइमलाइट लूट ले गए बेजुबान

***नई दिल्ली।*** *अजय देवगन की फिल्म 'आजाद' हाल ही में रिलीज हुई है। इससे उनके भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी डेब्यू किया है। इसके अलावा इस फिल्म का हिस्सा एक घोड़ा भी है, जिसका नाम आजाद है। इस फिल्म में अजय देवगन के किरदार का घोड़ा है, जिसके नाम पर ही फिल्म का टाइटल है। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म का जब ट्रेलर लॉन्च हुआ तब भी आजाद स्टारकास्ट के साथ मंच पर मौजूद था। हालांकि, फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची तो क्रिटिक्स से फिल्म को खास प्रतिक्रिया नहीं मिली, बल्कि 'आजाद' में जानवर और इंसानों की दोस्ती का फिल्मांकन उस तरह नहीं हुआ, जो दिल को छू ले। हालांकि, 'आजाद' से पहले जरूर ऐसी कई फिल्में हैं, जिनमें बेजुबानों के किरदार दर्शकों के बीच खूब लोकप्रिय हुए।*

**हाथी मेरे साथी :** फिल्म में अभिनेता राजेश खन्ना और तनुजा मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में हाथी और इंसान के बीच



की दोस्ती को दिखाया गया है। रामू नाम के इस हाथी के किरदार को पर्दे पर दर्शकों ने जबरदस्त पसंद किया। फिल्म में हाथी अपने मालिक को बचाने के लिए अपनी जान तक दे देता है। इस दौरान राजेश खन्ना पर फिल्माया गया गाना 'नफरत की दुनिया को छोड़ के' काफी मशहूर हुआ था। पर्दे पर ये गाना देखकर किसी के लिए भी आंसू रोकना मुश्किल है। 'हाथी मेरे साथी' का निर्देशन एमए थिरूमुगम ने किया था।

**शोले :** फिल्म शोले की बसंती का किरदार तो खूब लोकप्रिय हुआ,



जो ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने अदा किया। फिल्म में बसंती की धन्नो भी कम लोकप्रिय नहीं हुई। इस फिल्म में बसंती (हेमा मालिनी) तांगा चालक की भूमिका में हैं और उनकी घोड़ी का नाम है धन्नो। बड़े रौब के साथ बसंती बोलती है, 'चल धन्नो'। अगर फिल्म देखी है तो वह डायलॉग भी याद ही होगा, 'चल धन्नो, आज तेरी बसंती की इज्जत का सवाल है'।

**तेरी मेहरबानियां :** फिल्म में जैकी श्रॉफ मुख्य किरदार में थे। उनका नाम



राम होता है जो मोती नाम के कुत्ते को बचाता है और उसे पालता है। दोनों के बीच खूब दोस्ती हो जाती है। एक दिन कुछ लोग राम की हत्या कर देते हैं। मोती ये सब देख लेता है और वो अपने मालिक की हत्या का बदला लेते हुए उन सभी को मार देता है। फिल्म का निर्देशन विजय रेड्डी ने किया था।

**मां :** फिल्म में जितेंद्र और जया प्रदा मुख्य भूमिका में थे। जया प्रदा को कुछ लोग मार देते हैं ऐसे में वो आत्मा बन जाती हैं।



उन्हें केवल उनके घर का कुत्ता देख पाता है जो जया प्रदा के साथ मिलकर बदला लेता है। फिल्म का निर्देशन अजय कश्यप ने किया था।

**हम आपके हैं कौन :** फिल्म में सलमान खान, माधुरी दीक्षित, मोहनीश बहल, रेणुका शहाणे और अनुपम खेर अहम भूमिका में थे। इसका निर्देशन सूरज बड़जात्या ने किया था। फिल्म में टफी नाम का एक पालतू कुत्ता होता है, जो फिल्म के कलाकारों के अलावा काफी मशहूर हुआ। इस फिल्म के हैप्पी एंडिंग



की वजह भी डॉग 'टफी' बना। इसके अलावा जूते चुराने वाला सीन हो या आखिर में माधुरी की उलझन सुलझाने वाला, टफी ने हर सीन से दिल जीत लिया।

**दिल धड़कने दो :** इस लिस्ट में फिल्म 'दिल धड़कने दो' भी है। फिल्म का प्लूटो मेहरा तो याद ही होगा? प्लूटो नाम का ये कुत्ता प्रियंका चोपड़ा, अनिल कपूर और रणवीर सिंह की मेहरा फैमिली का ही



सदस्य है। फिल्म की कहानी भी प्लूटो ही सुना रहा होता है।

# भारत-इंग्लैंड की पहली भिड़ंत आज, बढ़त बनाने दमखम के साथ उतरेंगी दोनों टीमें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज का पहला मुकाबला आज कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम इस मैच में जीत दर्ज कर सीरीज का आगाज धांसू अंदाज में करना चाहेगी। टीम इंडिया की इस साल यह पहली टी20 सीरीज है। कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच टक्कर होनी है। बुधवार को यह मैच शाम को खेला जाएगा। इस मैच की शुरुआत शाम 7 बजे से होगी। टॉस का समय शाम 6 बजकर 30 मिनट है।

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया मैदान पर उतरेगी। पिछले छह से सात महीनों में भारतीय टीम में काफी बदलाव देखने को मिला है। दोनों टीमों के बल्लेबाज इस मैच में रनों की बारिश कर सकते हैं। संजू सैमसन और तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाजों ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में खेली गई सीरीज के दौरान दो-दो शतकीय पारियां खेली थी। दोनों की फॉर्म अच्छी है और एक बार फिर से उनके बल्ले से रन देखने को मिल सकते हैं। इंग्लैंड के लिए काम आसान नहीं होगा।



## भारत-इंग्लैंड टी20 हेड-टू-हेड

भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 क्रिकेट के आंकड़ों पर नजर डाली जाए, तो टीम इंडिया का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है। दोनों टीमों के बीच अब तक 24 मैच खेले गए हैं। भारतीय टीम ने 13 मैचों में जीत दर्ज की है और इंग्लैंड की टीम को 11 मैचों में जीत दर्ज करने का मौका मिला है। अपने घर पर खेलते हुए भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 6 टी-20 जीते हैं और 5 टी-20 में हार का सामना किया है।

## भारत-इंग्लैंड टी20 का पहला मैच कोलकाता में शाम 7 बजे से



### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

सूर्यकुमार ने इंग्लैंड के विरुद्ध 45.85 की औसत और 179.32 की स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाए हैं। उन्होंने ईडन गार्डन के मैदान पर 4 पारियों में 35.67 की औसत से 107 रन बनाए हैं। बटलर ने भारतीय टीम के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय की 22 पारियों में 33.20 की औसत से 498 रन बनाए हैं। अनुभवी लेग स्पिनर आदिल ने भारत के विरुद्ध 7.40 की इकॉनमी रेट से 9 विकेट लिए हैं।

### संभावित टीमें

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड :** फिल साल्ट, बेन डकेट, जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड और आदिल राशिद।

## खबर संक्षेप



### पार्ल रॉयल्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को हराया

**पार्ल।** पार्ल रॉयल्स के स्पिनरों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए एसए20 लीग में जोबर्ग सुपर किंग्स पर छह विकेट से मिली जीत में अहम भूमिका निभाई। रॉयल्स की स्पिन चौकड़ी ब्योर्न फोर्टुन, मुजीबुर रहमान, जो रूट और दुनिथ वेलालागे ने स्पिन का जाल बुनकर सुपर किंग्स को छह विकेट पर 146 रन पर रोक दिया। जवाब में उन्होंने 19-1 ओवर में चार विकेट पर 150 रन बनाकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। फोर्टुन ने पावरप्ले में दो विकेट चटकाये जबकि मुजीबुर ने 28 रन देकर एक विकेट लिया।

### उत्तराखंड की महिला रग्बी टीम को राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक की आस



**देहरादून।** अस्तित्व में आने के महज चार वर्षों में उत्तराखंड की महिला रग्बी टीम एक मजबूत चुनौती बन चुकी है और आज राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का स्वप्न देख रही है। अटठाइस जनवरी से प्रदेश में होने वाले राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों में यहां महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के मैदान पर दिन-रात पसीना बहा रही महिला रग्बी टीम के प्रशिक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि कुछ साल पहले रूड़की के निकट सोलानी नदी के किनारे की जमीन पर उन्होंने रग्बी की शुरुआत की थी। अपने साथियों के साथ दिन में तीन सत्रों में कड़ा अभ्यास कर रही शिवानी को उम्मीद है कि उनकी मेहनत रंग लाएगी और पहली बार राष्ट्रीय खेलों में भाग ले रही प्रदेश की महिला रग्बी टीम स्वर्ण पदक जीतकर पहला पायदान हासिल करेगी।

### प्रज्ञानानंदा ने अर्जुन को हराया, संयुक्त बढ़त पर



**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन अर्जुन एरिगेसी पर जीत दर्ज करके टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है। प्रज्ञानानंदा और अब्दुसत्तोरोव के 2-5 अंक हैं। प्रज्ञानानंदा ने 60 चालों के बाद जीत दर्ज की। एरिगेसी की तीन दिन में यह दूसरी हार है जो पहले दिन भी हरिकृष्णा से पराजित हुए थे। विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने सफेद मोहरों से खेलते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना को ड्रॉ पर रोका। उनके तीन में से दो अंक है। हरिकृष्णा को पदार्पण कर रहे भारत के ही लियोन ल्यूक मेंडोसा ने ड्रॉ पर रोका। गुकेश, कारूआना, विंसेंट तीसरे स्थान पर साल के पहले सुपर टूर्नामेंट के अभी नौ दौर बाकी हैं।

## हैट्रिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं वैष्णवी

# अंडर-19 टी-20 विश्व कप : सिर्फ 17 गेंद में जीता भारत, मलेशियाई टीम 31 रन पर ढेर

एजेंसी ▶▶ कुआलालमपुर

इस समय खेले जा रहे महिलाओं के अंडर-19 टी-20 विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की वैष्णवी शर्मा ने डेब्यू मैच में हैट्रिक सहित पांच लेकर न केवल इतिहास रच दिया बल्कि विश्व क्रिकेट को चौंका भी दिया। मलेशिया के खिलाफ मुकाबले में भारत की स्पिन गेंदबाज वैष्णवी इस टूर्नामेंट के इतिहास में हैट्रिक लेने वाली भारत की पहली महिला गेंदबाज बनीं हैं।

भारत ने मलेशिया को मंगलवार को दस विकेट से हराया। वैष्णवी और बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन देकर तीन विकेट) ने मलेशियाई बल्लेबाजी की रीढ़ तोड़ दी और पूरी टीम 14.3 ओवर में 31 रन पर आउट हो गई। भारत ने 2.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। जी तृषा ने 12 गेंद में पांच चौकों की मदद से नाबाद 27 रन बनाये।

### सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने वाली टीम इंडिया ने मलेशिया के बल्लेबाजों को क्रीज पर टिकने का मौका ही नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा का ये गेंदबाजी प्रदर्शन आईसीसी अंडर 19 वर्ल्ड कप का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी परफॉर्मेंस है। इससे पहले ये रिकॉर्ड इंग्लैंड की एली एंडरसन के नाम था। एली ने 2023 अंडर 9 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 रन देकर 5 विकेट झटके थे।




### भारत ने सिर्फ 2.5 ओवर में जीता मैच

मुकाबले की बात करें तो वैष्णवी की अविश्वसनीय गेंदबाजी के सामने मलेशिया की पारी पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.3 ओवर में 31 रन पर ही ढेर हो गई। उनके अलावा आयुषी शुक्ला ने 3 सफलताएं हासिल की। दिलचस्प रूप से मलेशिया की कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सकी। जवाब में भारतीय टीम ने सिर्फ 2.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए आसानी से लक्ष्य हासिल किया।

### अंक तालिका में भारत सबसे ऊपर

ग्रुप-ए में मौजूद भारतीय टीम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इससे पहले अपने शुरुआती मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 9 विकेट से मैच जीता था। भारतीय टीम फिलहाल अपने ग्रुप में शीर्ष पर बरकरार है और अपने आखिरी ग्रुप मैच में 23 जनवरी को श्रीलंका से भिड़ेगी। इस ग्रुप में भारत के बाद श्रीलंका दूसरे और वेस्टइंडीज तीसरे स्थान पर है, जबकि मलेशिया चौथे स्थान पर है।

### ऐसी रही वैष्णवी की गेंदबाजी

बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी ने मलेशिया की पारी के 14वें ओवर में नूर ऐन बिनती रोस्लान (3), नूर इस्मा बिनती मोहम्मद डैनियल (0) और सिटी नाजवाह (0) को लगातार गेंदों पर आउट किया। इससे पहले वह 2 विकेट और प्राप्त कर चुकी थी। अपना डेब्यू मैच खेल रही वैष्णवी ने अपने 4 ओवर के कोटे में 1.25 की इकॉनमी रेट से 5 रन देते हुए 5 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने एक ओवर मेडन भी किया।

### 9 साल की उम्र में बनी थी कप्तान

भारत के लिए अंडर-19 विश्व कप में कमाल दिखाने वाली वैष्णवी शर्मा को 9 साल की उम्र में पहचान मिलना शुरू हुई जब उन्होंने मध्यप्रदेश के लिए अलग-अलग डिवीजन में खेलना शुरू किया था। लगातार अपनी ऑलराउंड स्किल से सबको प्रभावित करने के बाद वैष्णवी को 2017 में मध्य प्रदेश अंडर-16 टीम का कप्तान बनाया गया। सिर्फ इतना ही नहीं, वैष्णवी भारत की अंडर-19 टीम की कैप्टन रह चुकी हैं।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में आयुष- तान्या मुख्य दौर में पहुंचे

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां चीनी ताइपे के चेन झी रे और लिन यू चीह की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

एशियाई खेलों की चैम्पियन भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती मैच में विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद चेन और लिन की जोड़ी को 21-16 21-15 से हराया। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी पिछले दो सप्ताह में दो सेमीफाइनल (मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750) खेल चुकी है।



**अब इनसे होगा अगला मुकाबला :** सात्विक और चिराग की विश्व की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इनरा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### तनीषा-अश्विनी ने थाईलैंड को हराया

विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने ओरनिचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकित्ता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 21-6 21-14 से हराया। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली अश्विनी और तनीषा की जोड़ी का अगला मुकाबला मलेशिया की पेई की गो और मेई जिंग तेओह से होगा। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स के उपविजेता आयुष शेट्टी ने क्वालीफाइंग चरण में हमवतन किदांबी श्रीकांत को 21-7, 21-15 से हराया, जबकि तान्या हेमंत ने महिला एकल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को कड़े संघर्ष में 16-21, 21-17, 21-15 से मात दी।

# बीसीसीआई ने टीम इंडिया की जर्सी पर 'पाकिस्तान' लिखने से किया इंकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 19 फरवरी से शुरू होने जा रही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी पर 'पाकिस्तान' नाम छापने से इनकार कर दिया है। इस बात से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड नाखुश है। दरअसल, यह टूर्नामेंट पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत के सभी मैच दुबई में खेले जाने हैं। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का आधिकारिक मेजबान देश है। रोहित के नेतृत्व वाली भारतीय टीम में शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के रूप में 3 तेज गेंदबाजों को चुना गया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खड़ा हुआ नया बखेड़ा, मेजबान देश है पाकिस्तान




### पीसीबी ने बीसीसीआई पर लगाया राजनीतिकरण करने का आरोप

पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के एक अधिकारी ने बीसीसीआई पर क्रिकेट का राजनीतिकरण करने का गंभीर आरोप लगाया है। अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, बीसीसीआई क्रिकेट में राजनीति ला रहा है, जो खेल के लिए बिल्कुल भी अच्छी नहीं है। हाल ही में बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले एक कार्यक्रम के लिए टीम के कप्तान रोहित शर्मा को पाकिस्तान भेजने से इनकार किया था। इसके बाद से पीसीबी नाखुश है। पीसीबी अधिकारी ने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ऐसा नहीं होने देगी और पाकिस्तान का समर्थन करेगी। पीसीबी ने कहा, वे अपने कप्तान को उद्घाटन समारोह के लिए पाकिस्तान नहीं भेजना चाहते हैं।

### रणजी ट्रॉफी: विराट रेलवे के खिलाफ खेलेंगे मुकाबला

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली लम्बे समय के बाद घरेलू क्रिकेट में खेलने के लिए तैयार हैं। ऐसी खबरें हैं कि कोहली 30 जनवरी से शुरू होने वाले दिल्ली के आखिरी ग्रुप मैच के लिए उपलब्ध होंगे। दिल्ली व रेलवे का मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। बता दें कि मौजूदा रणजी सीजन में कोहली के अलावा रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत समेत कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खेलने जा रहे हैं।

**30 जनवरी को उतरेंगे मैदान में**

दिल्ली को अपना आखिरी ग्रुप मैच 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ खेलना है, जिसमें कोहली खेलते हुए नजर आएंगे। दिल्ली की टीम के कोच सरनदीप सिंह ने क्रिकइंफो से इस खबर की पुष्टि की है। इससे पहले दिल्ली को 23 जनवरी से सौराष्ट्र के खिलाफ मुकाबला खेलना है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

(जीएसयु/एनजीपी)

**ई-निविदा सूचना**

सीपीएम/जीएसयू/एस.ई.सी. रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्य करते हुए नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है

**निविदा सूचना सं.** सीपीएम-जीएसयू-21-एनजीपी-2024-25

**अनु.क्र. 1, कार्य का नाम:** बालाघाट-वारासोनी स्टेशनों के बीच किमी 1045/5-6 पर एलसी संख्या बीके-02 ''ए क्लास (मानवयुक्त) के स्थान पर प्रस्तावित रोड ओवर ब्रिज (1X36.00 मीटर)। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 15,99,69,979.40/- **सुरक्षा जमा राशि:** रु. 9,49,900/-

बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ **10.02.2025** को **15.00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। निविदा के विरुद्ध मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। विवरण हमारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।

डीवाईसीई/जीएसयू/एनजीपी

AAA/32/198 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)**
दूरभाष-07642-252443 ई-मेल – eephedmal@mp.nic.in फेक्स - 07642-253622

निविदा क्रमांक 82/2024 - 25/नि.शा./लो.स्वा.या./2025 मण्डला, दिनॉक 16.01.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

**कार्य का नाम :- मण्डला जिले के अंतर्गत समस्त ग्रामों में स्थापित हैण्डपंपों के टूटे-फूटे प्लेटफॉर्म के स्थान पर नवीन प्लेटफॉर्म निर्माण कार्य।**

| क्र. | निविदा क्रमांक | ई- टेण्डर आई.डी. नं. | ठेके की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत की अंतिम तिथि | ऑन लाईन निविदा खोले जाने की तिथि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 82/ 24-25 | 2025_PHED_ 396785_1 | 48.50 | 50000 | 5000 | 28.01.2025 | 30.01.2025 | 04 Month E/R |

नोट:- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केश कार्ड, ए. टी. एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

G-22013/24



**कार्यालय-उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला - नरसिंहपुर म.प्र.**
Email-ddvs.ahnar@mp.gov.in

क्र. 3746 दिनांक 13.01.2025

**-: निविदा विज्ञप्ति :-**

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल की ओर से शासकीय बकरी प्रजनन पक्षेत्र उमरिया (चिनकी) जिला - नरसिंहपुर म.प्र. पर चना- भूसा प्रदाय हेतु e-procurement प्रणाली Portal http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | विवरण | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक | निविदा राशि रू. | धरोहर (ई.एम.डी.) राशि रू. | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| NIT No. JDVS JBP-12/2024 | शासकीय बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र उमरिया ( चिनकी) जिला नरसिंहपुर म.प्र. में अच्छी किस्म का चना- भूसा प्रदाय एवं कम्प्युट्रीकृत इलेक्ट्रानिक तौल काटा पर तुलाई परिवहन व गोदाम में भण्डारण सहित हेतु निविदा आमंत्रण | 03.02.2025 | 2000.00 (प्रोसेसिंग फीस) | 25000.00 (पच्चीस हजार) | 24.02.2025 शाम 05:00 बजे तक |

1. निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा संबंधी समस्त जानकारी बेवसाईट पर अथवा कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा का अनुमानित मूल्य रू 6 लाख मात्र है।

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

उपसंचालक
पशुपालन एवं डेयरी विभाग
नरसिंहपुर म.प्र.

G-22005/24



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र -1, सिवनी**

निविदा आमंत्रण क्र. 19/250/ व.ले.लि./2024-25 सिवनी, दिनांक 20.01.2025

**निविदा - सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| क्र. | टेण्डर क्र. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_ PWDRB _397185 | ए. आर | ए. आर. लो.नि.वि. उपसंभाग क्र -2 सिवनी के अन्तर्गत विभिन्न मार्गो के सर्वे एवं डी. पी. आर. तैयार करने का कार्य। | तृतीय | 2000 | 10.00 लाख | 20000 | दिनांक 31.03.2025 तक | कार्यपालन यंत्री,लो.नि.वि. संभाग क्र -1 सिवनी |
| | | | योग 01 कार्य | | | 10.00 लाख | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 04.02.2025 ( 17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205 / प्रस/ लोनिवि / 20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निर्देशानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नही किये जायेगें, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड किये जायेगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड नही किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जावेगा।

इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. ( धरोहर राशि ) RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें। इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप मे ई. एम. डी. ( धरोहर राशि ) स्वीकार नही की जावेगी।

( इंजी. आर. के. हनुमंते )
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र - 1 सिवनी

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

G-22001/24

कोच नहीं बढ़ाए जा सकते, लिहाजा एक के पीछे एक 2 ट्रेनें चलेंगी

# आने वाले दिनों में महाकुंभ यात्रियों की भीड़ और बढ़ेगी

हरिभूमि जबलपुर।

प्रयागराज में गत 13 जनवरी से प्रारंभ हुई महाकुंभ के पहले अमृत स्नान में पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं ने रेलवे की टेंशन बढ़ा दी है। आने वाले दिनों में महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोग पहुंचने की संभावना है, खासकर 29 जनवरी मौनी अमावस्या और 12 फरवरी माघ पूर्णिमा में बड़ी तादाद में महाकुंभ श्रद्धालु पहुंचेंगे, जिसके लिए और अतिरिक्त ट्रेनों की आवश्यकता होगी, जहां तक ट्रैक का सवाल है तो रेलवे के पास ट्रैक सीमित है, लिहाजा भीड़ बढ़ने पर एक मार्ग पर एक ही समय पर दो ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है। एक ट्रेन के पीछे उसी नंबर की दूसरी ट्रेन चलेगी। इसके लिए न तो अतिरिक्त ट्रैक की जरूरत होगी और न ही समय में बदलाव करने की।

### भीड़ बढ़ते एक साथ चलेंगी दो ट्रेनें

एक ट्रेन में 24 कोच लगते है। इसे ज्यादा नहीं लगा सकते है इसलिए कोच बढ़ाने की संभावना नहीं है। इसलिए महाकुंभ के दौरान प्रयागराज मंडल की सीमा से लगे जबलपुर रेल मंडल समेत अन्य रेल मंडल के स्टेशनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ते ही एक साथ दो ट्रेनों को चलाएगा। इनमें यात्री जनरल टिकट पर यात्रा कर सकेंगे। जबलपुर रेल मंडल ने इसके लिए कटनी, मैहर और सतना स्टेशनों का



चयन किया है, जो सीधे प्रयागराज रेल रूट से जुड़े हैं। इन स्टेशनों में बिलासपुर, भोपाल, नागपुर और मुंबई मंडल से आने-जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ पर नजर रखी जाएगी। एक ट्रेन में अधिकतम 24 कोच लगते हैं। इसमें निर्धारित संख्या में यात्री सफर कर सकते हैं। इससे अधिक कोच ट्रेन में नहीं जोड़े जा सकते। इस स्थिति में स्टेशन में आने वाली ट्रेन में बैठने वाले यात्रियों की संख्या निर्धारित क्षमता से एक से डेढ़ हजार अधिक होने पर तत्काल दूसरी ट्रेन, ठीक उसके पीछे, उसी रूट पर चला दी जाएगी। दोनों ट्रेन के ड्राइवर, गार्ड के बीच समन्वय होगा। वहीं रेलवे कंट्रोल रूम भी ट्रेनों के बीच की दूरी, गति और ठहराव पर नजर रखेगा। यह जरूरी नहीं होगा कि पहली ट्रेन के गंतव्य तक ही दूसरी ट्रेन जाए।

## चुनार स्टेशन तक बढ़ाई गई इटारसी-प्रयागराज छिवकी ट्रेन के फेरों में वृद्धि

रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस ट्रेन को चुनार स्टेशन तक चलाने का निर्णय लिया गया था। प्रयागराज छिवकी से चुनार के मध्य चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के फेरों में बढ़ोत्तरी की गई है। अर्थात जिन तिथियों में यह ट्रेन चुनार तक नहीं जा रही थी अब उन तिथियों में भी चुनार तक चलाई जाएगी। इस तरह अब अब गाड़ी संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस ट्रेन 19 जनवरी से 27 फरवरी तक निरंतर प्रतिदिन चुनार तक चलाई जाएगी। यह ट्रेन इटारसी स्टेशन से 17:15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह प्रयागराज छिवकी 09:55 बजे पहुँचकर, 10:15 बजे प्रस्थान कर, मेजा रोड 11:10 बजे, माण्डा रोड 11:30 बजे, विन्ध्याचल 11:58 बजे, मिजऱ्ापुर 12:13 बजे पहुँचकर, दोपहर 13:30 बजे चुनार स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस ट्रेन 20 जनवरी से 28 फरवरी तक निरंतर प्रतिदिन चुनार से चलाई जाएगी। यह ट्रेन चुनार स्टेशन से सायं 16:30 बजे प्रस्थान कर मिजऱ्ापुर 16:55 बजे, विंध्याचल 17:13 बजे, माण्डा रोड रोड 17:45 बजे, मेजा रोड 18:08 बजे, प्रयागराज छिवकी 19:45 बजे पहुँचकर तथा रात्रि 20:15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 11:30 बजे इटारसी स्टेशन पहुंचेगी।



कलेक्ट्रेट में हड़कंप, पुलिस ने मोर्चा संभाला

# जनसुनवाई में पहुंची महिला ने पेट्रोल उड़लने की कोशिश की

**जबलपुर।** जबलपुर कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान उस वक्त हड़कंप मच गया जब शिकायत लेकर पहुंची महिला ने अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि यह पेट्रोल था। मकान पर कब्जा किए जाने की शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से महिला सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा लगाकर परेशान हो गई थी। उसके बाद उसने यह हाईवोल्टेज कदम उठाया। पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभाला और महिला के हाथ से ज्वलनशील पदार्थ को छुड़ाया।

पीड़ित महिला उर्मिला कुशवाहा ने बताया कि मदन महल क्षेत्र में काली मंदिर के पास उसका 7 सौ स्क्वायर फीट का प्लॉट है, जिस पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है और वहां जाने पर उनके साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी दी जाती है। जिसके चलते उन्होंने मदन महल थाने में और एसपी कार्यालय में कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, बल्कि उन्हें कोर्ट जाने को कहा गया।

जिससे परेशान होकर महिला अपने परिवार के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंची। जहां उसने अपने ऊपर पेट्रोल डालने की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा तत्काल उसे पेट्रोल की बोतल छीन ली गई। बताया जाता है कि महिला के इरादे को भांपते हुए पुलिस को किसी ने पूर्व में ही सूचना दे दी थी। जिससे एक बड़ी घटना होते-होते टल गई। इसके बाद महिला को समझाइश देकर सभा कक्ष में ले जाया गया जहां एसडीएम पंकज मिश्रा द्वारा महिला की पूरी शिकायत सुनी गई और उसकी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया।




ढीले पड़े ठंड के तेवर, तापमान में वृद्धि

# दिन रहा गर्म, रात में चली शीतल बयार

**जबलपुर।** मौसम एकदम शुष्क हो गया है। शहर में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। कड़ाके की सर्दी में कमी आने से लोगों ने राहत की श्वांस ली है। न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आज से तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है। धूप निकलने से दिन के तापमान में उछाल देखा गया।



मंगलवार को दिन में मौसम गर्म रहा। लेकिन अब सुबह और रात में जरूर ठंड बनी रहती है और उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण दिन और रात के तापमान में उछाल आया है, इससे कंपकंपा देने वाली ठंड से कम से कम दिन में राहत महसूस हो रही है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी दिशा से आ रही हवाओं की वजह से तापमान में उछाल आया है। पिछले 24 घंटों के दौरान शहर का न्यूनतम तापमान 11.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। उत्तर-पूर्वी से आने वाली हवाएं 3 से 4 किलोमीटर की रफ्तार से चलीं और दक्षिणी हवाओं की वजह से ही तापमान में उछाल आ रहा है। जिस कारण लोगों को ठंड से थोड़ी राहत जरूर मिली। मौसम विभाग कार्यालय के अनुसार उत्तर भारत में अभी भी बर्फबारी जारी है। यदि हवाओं की दिशा बदली तो ठंड फिर से पलटकर वार करेगी। फिलहाल उत्तर-पश्चिमी हवाओं की वजह से ठण्ड से राहत महसूस की जा रही है। तापमान में वृद्धि होने के कारण सूर्य की तपन प्रभावी लगने लगी है। दिन में कम से कम लोग ठंड से राहत महसूस कर रहे हैं। शाम ढलने के बाद जरूर ठंड अपना असर दिखाने लगती है और ज्यों-ज्यों रात गहराती है, त्यों-त्यों ठंड अपना असर दिखाती है। हवा में नमी प्रातःकाल 89 प्रतिशत और सायंकाल 48 प्रतिशत दर्ज की गई। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। प्रदेश में सबसे कम 6.2 डिग्री तापमान पचमढ़ी में दर्ज किया गया। सूर्योदय सुबह 6.53 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 5.51 पर हुआ।

घर बैठे किसान एप पर भी किया जा सकेगा पंजीयन

# समर्थन मूल्य पर गेहूं के विक्रय हेतु किसानों का पंजीयन शुरू

**जबलपुर।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जिले में किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 20 जनवरी से प्रारंभ हो गई है। समर्थन मूल्य पर गेहूं के विक्रय हेतु किसान अपना पंजीयन 31 मार्च तक करा सकेंगे। जिले में किसानों के लिये पंजीयन की सहज और सुगम बनाया गया है। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के अनुसार किसान अपना पंजीयन एमपी किसान एप पर स्वयं के मोबाइल से घर बैठे कर सकते हैं। किसानों द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र तथा सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में भी पंजीयन कराया जा सकेगा। इन केंद्रों पर किसानों का पंजीयन निःशुक्ल किया जायेगा। जबकि एमपी ऑनलाइन कियॉस्क,



कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं निजी व्यक्ति द्वारा संचालित साईबर कैफे पर निर्धारित शुल्क देकर किसान अपना पंजीयन करा सकेंगे। सिकमी अथवा बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल निर्धारित सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर ही उपलब्ध होगी। किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज के विक्रय के लिये पंजीयन कराने हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर पंजीयन केंद्र पहुंचना होगा।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240